हरिभूमि

# रायपुर भूमि


रायपुर, मंगलवार 9 जुलाई 2024


तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 24.2 डिग्री


11 युवती की हत्या करने के बाद पुष्टि के लिए दो बार...


12 हाउसिंग बोर्ड में पानी कैसे पहुंचा इसकी जांच नहीं...





## NEET/JEE में सलेक्शन नहीं तो फीस नहीं : PCI भिलाई

जो स्टूडेन्ट NEET व JEE की तैयारी करना चाहते हैं। उनके लिए सुनहरा अवसर है क्योंकि 15 जुलाई से नया बैच प्रारंभ होने जा रहा है जिसका नाम NEET व JEE जूनून बैच है।

इस बैच में पढ़ने वाले स्टूडेन्ट को NEET व JEE में चयन होने के बाद ही फीस लिया जाता है यह बैच सीमित स्टूडेन्ट के लिए है केवल 40 स्टूडेन्ट ही इस बैच में पढ़ाई करेंगे। इस बैच में प्रत्येक दिन 6 घंटे की क्लास व 3 घंटे की डाउट क्लास इस तरह प्रत्येक दिन 9 घंटे की क्लास होगी। हर रविवार NEET व JEE आधारित साप्ताहिक टेस्ट होगी। इस बैच में पढ़ाने वाले शिक्षकगण दिल्ली व कोटा के विषय विशेषज्ञ डाक्टर्स व आईआईटियन्स है। स्टूडेन्ट को क्लास में DPP, कम्प्लीट स्टडी मटेरियल पैकेज, बैग, टी शर्ट दी जायेगी। लाइब्रेरी व छात्रावास की भी सुविधा है। कोर्स कम्प्लीट उपरान्त स्टूडेन्ट को ऑल इण्डिया टेस्ट सीरीज कराया जायेगा। बच्चों को मोटिवेशनल क्लास भी कराया जाता है जिससे उनमें आत्मविश्वास जागृत होती है।

जूनून बैच जैसे कि नाम से विदित हो रहा है कि सभी स्टूडेन्ट का नीट व जेईई में चयन कराना यह ऐसा बैच है जिसका सलेक्शन रेशियो 100% होता है। PCI भिलाई का उद्देश्य है कि हर स्टूडेन्ट देश के प्रतिष्ठित एम्स कॉलेज व आई.आई.टी. कॉलेज में पढ़ाई करें।

जूनून बैच के स्टूडेन्ट ने पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ में सर्वश्रेष्ठ परिणाम देकर एक अलग पहचान बनाया है जो छत्तीसगढ़ में एक अतुल्य परिणाम है।

आज नीट व जेईई में चयन होना बहुत ही आसान है। इसके लिए स्टूडेन्ट को प्रतिदिन 6 घंटे क्लास व 3 घंटे डाउट क्लास अटेण्ड करना है। DPP को प्रैक्टीस करना है व डाउट पूछना है। हर संडे टेस्ट देना है।

बस इतना कार्य स्टूडेन्ट ईमानदारी से कर लेता है तो उसे नीट व जेईई में सलेक्शन होने से कोई नहीं रोक सकता, बस यही सफलता का मूलमंत्र है। तो चलो स्टूडेन्ट आज ही जूनून बैच ज्वाइन करें व सफलता का इतिहास गढ़े।

PCI संस्था भिलाई में शॉप नं. 133 न्यू सिविक सेंटर, भिलाई में संचालित होती है। मो.नं.- 7805888600.

Advt.


# जुलाई में शादियों के कम मुहूर्त, बाजार की रौनक फीकी, पर मैरिज हॉल और भवन खाली नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


अलग खबर

अक्षय तृतीया के बाद आमतौर पर शादियों का मुहूर्त प्रारंभ हो जाता है और मई तथा जून में थोक में शादी-ब्याह होते हैं, लेकिन 23 साल बाद इस बार मई और जून में शादियों का कोई भी मुहूर्त अक्षय तृतीया के बाद नहीं था। दो माह शादियां न होने के कारण होटल, मैरिज हॉल, कैटरिंग, टेंट, सराफा, कपड़ा, बर्तन और इलेक्ट्रॉनिक्स को मिलाकर करीब 500 करोड़ का कारोबार प्रभावित हो गया। जुलाई में मुहूर्त कम होने के कारण भले ही शादियां ज्यादा हो रही हैं, लेकिन बाजार ▶▶|शेष पेज 11 पर

### दो माह रहा बाजार में सन्नाटा

मुहूर्त न होने के कारण दो माह तक बाजार में भी सन्नाटा पसरा रहा। पंडरी थोक कपड़ा बाजार के चंदर विदानी के मुताबिक, यही तो सीजन रहता है, जिसमें मध्यम वर्ग शादियों के लिए जमकर खरीदारी करते हैं। अप्रैल से लेकर जून तक कारोबारियों को सांस लेने की फुर्सत नहीं होती, लेकिन इस बार बाजार में पूरी तरह से सन्नाटा रहा। श्री विदानी के मुताबिक, दो माह में दो से ढाई सौ करोड़ से ज्यादा का कारोबार प्रभावित हुआ। अब जुलाई में जरूर शादियां हो रही हैं, लेकिन इसके लिए कम खरीदारी हुई है। मध्यम वर्ग में इस समय शादियां कम होती हैं, इसलिए इसका असर बाजार पर पड़ा है। करीब 50 फीसदी कारोबार ही हो सका है। मुश्किल से 50 करोड़ का ही कारोबार हुआ है।

### मई-जून में शादी-ब्याह न होने से 500 करोड़ का कारोबार प्रभावित



### सराफा में अच्छी रौनक

सराफा बाजार में दो माह तक शादियां न होने के कारण प्रभाव पड़ा, लेकिन जुलाई की शादियों के लिए सराफा में अच्छा कारोबार हुआ है। रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू के मुताबिक, शादियों के लिए ठीक-ठाक खरीदारी हुई है। बर्तन दुकानों और इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानों में भी इस माह की शादियों के लिए रौनक लौटी है, लेकिन कारोबार ज्यादा नहीं हो सका है।

### अब होटल, भवन खाली नहीं

राजधानी में 50 से ज्यादा बड़े होटल और मैरिज हॉल हैं। इसमें करीब चार हजार कमरे हैं। इनमें से ज्यादातर शादियों के मुहूर्त के दिनों के लिए बुक हो जाते हैं। इस बार मई और जून में मुहूर्त न होने के कारण दो माह खाली रहने के बाद अब ये जुलाई के मुहूर्त के लिए पहले से ही बुक हो गए हैं। अब तो कहीं कोई होटल और मैरिज हॉल नहीं मिल रहा है। स्कूलों के भवन और छोटे सामुदायिक भवन भी नहीं मिल रहे हैं। अब कैटरिंग, टेंट, धुमाल, बैंड पार्टी आदि सभी की बुकिंग हो गई है। टेंट और कैटरिंग के कारोबारी जसपाल सिंह होरा के मुताबिक, होटल, मैरिज हाल, कैटरिंग, टेंट को मिलाकर दो माह में कम से कम दो सौ करोड़ का कारोबार प्रभावित हुआ है। जुलाई में शादियां कम हैं, इसमें ज्यादा भरपाई नहीं हो पाएगी।

## खबर संक्षेप

### न्यायालय कक्ष के बाहर लगे एसी आउटर की चोरी

रायपुर। गोलबाजार थाने में राज्य औद्योगिक न्यायालय के चौकीदार ने अज्ञात चोर के खिलाफ न्यायालय कक्ष के बाहर लगे दो नग एसी आउटर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। चोरी गए आउटर की कीमत 10 हजार रुपए आंकी गई है। अनिल पटेल ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। अनिल ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर 30 जून से 1 जुलाई की मध्य रात्रि आउटर चोरी कर ले गया।

### बाइक टकराने के विवाद पर बुजुर्ग से मारपीट

रायपुर। देवेंद्र नगर थाने में सिविल लाइंस निवासी अब्दुल गफ्फार खान ने तीन अज्ञात के खिलाफ मारपीट की शिकायत दर्ज कराई है। अब्दुल गफ्फार ने पुलिस को बताया कि पंडरी शराब दुकान के पास बाइक टकराने की बात को लेकर बाइक सवार तीन लड़कों ने उसके साथ विवाद करते हुए मारपीट की।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से महिला की मौत

रायपुर। धरसींवा थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह साढ़े सात बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक 55 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई। अज्ञात वाहन की चपेट में आने से प्रेमवती कश्यप की मौत हुई है। मृतक की शिनाख्त उसके पति ने की है।

मनी लांड्रिंग तथा कोल घोटाला मामले में रानू साहू को सुप्रीम कोर्ट ने दी है अंतरिम राहत

# रानू को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत, पर अब नया केस दर्ज, इसलिए गिरफ्तारी भी संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के बहुचर्चित माइनिंग घोटाला के आरोप में जेल में बंद निलंबित आईएएस अफसर रानू साहू को सुप्रीम कोर्ट की डबल बेंच ने सोमवार को सात अगस्त तक अंतरिम जमानत देने का फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद भी रानू साहू जेल से बाहर आ पाएंगी या नहीं, इसे लेकर संशय है क्योंकि ईओडब्लू ने उसके खिलाफ नया केस दर्ज कर लिया है। ईओडब्लू तथा एसीबी ने रानू सहित एक अन्य निलंबित आईएएस अफसर समीर विश्नोई तथा राज्य प्रशासनिक सेवा की अफसर सौम्या चौरसिया के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का मामला दर्ज किया है।

गौरतलब है कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने माइनिंग ठेका देने से लेकर ट्रांसपोर्टिंग में पांच सौ 40 करोड़ रुपए से ज्यादा के भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाते हुए जांच की। जांच में तीनों अफसरों के अलावा माइनिंग विभाग के अफसरों के साथ माइनिंग कारोबार से जुड़े सूर्यकांत तिवारी तथा अन्य को दोषी पाते हुए मनी लांड्रिंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। रानू साहू एक वर्ष से ज्यादा ▶▶|शेष पेज 11 पर

## अंतरिम जमानत में बाहर आने से पहले ईओडब्लू ने दर्ज किया आय से अधिक संपत्ति का अपराध



आईएएस विश्नोई का वेतन 92 लाख, पत्नी के नाम खरीदी पांच करोड़ की प्रापर्टी, सौम्या और रानू का भी यही हाल

### खास बात

- केंद्रीय जांच एजेंसी ने माइनिंग ठेका देने से लेकर ट्रांसपोर्टिंग में पांच सौ 40 करोड़ रुपए से ज्यादा के भ्रष्टाचार होने का आरोप

### मां, भाई, पति के नाम से ज्यादातर संपत्ति

इसी तरह से सौम्या चौरसिया ने अपनी काली कमाई से नौ करोड़ रुपए से ज्यादा की जो अचल संपत्ति खरीदी की है, उनमें से ज्यादातर संपत्ति सौम्या ने अपनी मां शांति देवी चौरसिया, भाई अनुराग चौरसिया तथा पति सौरभ मोदी के नाम से है।

### विश्नोई ने पत्नी की तीन कंपनी के नाम से संपत्ति खरीदी

एक अन्य निलंबित आईएएस समीर विश्नोई ने अपनी पत्नी प्रिति सिंह के नाम से कंपनी बनाकर भ्रष्टाचार के माध्यम से काली कमाई को प्रापर्टी खरीदी करने निवेश किया। समीर ने अपनी पत्नी के लिए जो कंपनी बनाई थी उन कंपनियों में समीर भी डायरेक्टरशीप के अलावा पार्टनरशिप थी। समीर ने अपनी पत्नी के नाम से जो कंपनी बनाई थी, उनका नाम तिरुमाला एग्रो प्राइवेट लिमिटेड, वेंकटेश फर्म तथा मेसर्स तेजस्वी सनसाइन प्राइवेट लिमिटेड था।

### कई महत्वपूर्ण पदों पर रही

रानू साहू 2010 बैच की आईएएस अधिकारी है। अपने सर्विसकाल में कई महत्वपूर्ण पदों पर रही है। रानू वर्ष 2010 से 2022 के बीच सीईओ, नगर निगम बिलासपुर के साथ ही बालोद, कोरबा तथा रायगढ़ में कलेक्टर के पद पर भी पदस्थ रही। ईओडब्लू द्वारा दर्ज आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में रानू पर आरोप है कि वर्ष 2021 से वर्ष 2022 के बीच कोरबा कलेक्टर रहते हुए रानू ने सबसे ज्यादा आय से ज्यादा संपत्ति अर्जित की है।

### जहां पदस्थ वहीं भ्रष्टाचार का आरोप

जांच एजेंसी द्वारा दर्ज एफआईआर के मुताबिक रानू साहू वर्ष 2010 से निलंबित होने के पूर्व तक जहां भी पदस्थ रही है, उन जगहों में अपने कार्यकाल के दौरान जमकर भ्रष्टाचार करने का आरोप है। जांच एजेंसी के आरोपों की मुताबिक वर्ष 2015 से वर्ष 2022 के बीच रानू साहू ने सबसे ज्यादा अचल संपत्ति खरीदी की है।

## खदानों में उत्खनन बंद, अब डंप रेत की सप्लाई शुरू

# ऑर्डर पर हर दिन निकल रही छोटी-बड़ी सैकड़ों गाड़ियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले की रेत खदानों में उत्खनन होना लगभग बंद हो गया है, लेकिन माफिया अब भी हर दिन रेत बेचकर लाखों रुपए कमा रहे हैं। प्रतिबंध लगने के पूर्व से लेकर प्रतिबंध लगने के कई दिनों बाद तक माफिया ने नदी के किनारे से लेकर खदानों के आसपास कई गांव में रेत का अवैध रूप से भंडारण किया हुआ है। भंडारण की गई रेत की बिक्री माफिया अब ऑर्डर के अनुसार कर रहे हैं। हर ▶▶|शेष पेज 11 पर

### प्रतिबंध लगने के बाद से रेत के दाम बढ़े

खदानों में प्रतिबंध लगने के बाद से रेत के दाम में बेतहाशा वृद्धि हुई है। 7 से 10 रुपए फीट कीमत वाली मीडियम व बारिक रेत अब 25 से 30 रुपए फीट तक पहुंच गई है। इस तरह प्रति एक हजार फीट हाईवा रेत अब 25 से 30 हजार रुपए में बिक रही है। खदानों में उत्खनन पर प्रतिबंध लगने के पहले रेत की कीमत 15 से 18 हजार रुपए थी। सूत्रों के अनुसार माफिया डंप रेत 17 से 20 रुपए फीट में बेच रहे हैं, वहीं ट्रेडर्स दुकानों से आम लोगों को 25 से 30 रुपए फीट तक मिल रही है।

### खानापूर्ति कार्रवाई, नोटिस जारी कर भूला विभाग

विभागीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अवैध रेत भंडारण मामले में पारागांव, राटाकाट क्षेत्र में करीब 3 से 4 लोगों को नोटिस जारी किया था, लेकिन इनमें से किसी ने भी नोटिस का जवाब नहीं दिया है। इसके बाद भी विभाग ने इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की है।

### अवैध रेत डंप की जानकारी नहीं

अवैध रूप से रेत का भंडारण किया गया है। इसकी जानकारी नहीं है। पूर्व में कुछ लोगों के खिलाफ शिकायत मिली थी। शिकायत सही पाए जाने पर उनके खिलाफ नोटिस जारी किया था। - **केके गोलघाटे,** उपसंचालक, खनिज विभाग रायपुर

# 200 ट्रेनों के इंजन में बनेंगे टायलेट चालकों को झंझट से मिलेगी मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में रेलकर्मियों की सुविधाओं में जल्द इजाफा होने वाला है। लंबे समय से लोको पायलट इंजन में शौचालय बनाने की मांग कर रहे हैं। जोन ने अब मांग को गंभीरता से लेते हुए अब इंजन में शौचालय बनाने का फैसला लिया है। लगभग 200 से अधिक इंजनों में शौचालय पॉट लगाने जगह चिन्हित करने का काम शुरू हो चुका है। जानकारी मुताबिक बिलासपुर जोन में पुरुष की तुलना में महिला लोको पायलट की संख्या कम है।

वर्तमान में जोन के 1192 खाली लोको पायलट के पदों पर भर्ती होनी है। इसमें बड़ी संख्या में महिला लोको पायलट भी भर्ती हो सकती है, जिसे देखते हुए सुविधाओं को बेहतर किया जा रहा है। वर्षों से पायलट को खुले में शौच करना पड़ रहा है। लंबे विरोध के बाद जोन ने कहा है कि पॉट लगाने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक इंजन में छोटे रूप में शौचालय बनेगा, जिसमें नल के जरिए पानी भी आएगा। लंबे समय तक शौच रोकने से हर साल लोको पायलट को पथरी जैसी गंभीर समस्या होने लगी थी।

## इंजन में शौचालय पॉट लगाने जगह चिन्हित करने का काम हुआ पूरा

- जोन में लगभग चार हजार लोको पायलट के पदों पर होगी भर्ती



### सुविधाओं में विस्तार किया जा रहा

लोको पायलट के लिए इंजन में शौचालय पॉट लगाने का काम जारी है। हमनें इंजन में जगह का चयन कर लिया है। जल्द ही पॉट लगना शुरू हो जाएगा। नई भर्ती से पहले सुविधाओं में विस्तार का काम पूरा हो जाएगा।

- **विकास कश्यप,** सीपीआरओ, दपूमरे

### चार हजार लोको पायलट के पदों पर भर्ती

अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि आने वाले दिनों में लगभग चार हजार लोको पायलट के पदों पर भर्ती की जा रही है। इन भर्तियों के बाद लोको पायलट से 9 घंटे से अधिक काम कराने की समस्या खत्म हो जाएगी। इसके अलावा अन्य मांगों पर रेलवे ने सुधार लाने की बात कहीं है। 4. गार्ड, ड्राइवर के टूलबॉक्स को हटाये जाने का मुद्दा भी उठाया गया था। इसमें यह उल्लेख किया गया कि रेलवे बोर्ड के द्वारा आवश्यक टूल किट को इंजन में ही उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही टूल किट के आवश्यक उपकरणों को आवश्यकतानुसार कम भी किया गया है।

### इंजन के साथ लोकोशेड में भी एसी की सुविधा

जोन ने इंजनों में एसी लगाने का काम शुरू कर दिया है। जानकारी मुताबिक 80 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। आने वाली गर्मी में इंजन के गर्म तापमान से लोको पायलट को राहत मिलेगी। बिलासपुर लोको शेड में वर्तमान में लगभग 200 लोको हैं, जिसमें 181 लोको में एसी की सुविधा रेट्रो फिटमेंट के माध्यम से उपलब्ध करा दी गई है, जो कि रनिंग में है। शेष 19 लोको में भी जल्द ही एसी की सुविधा उपलब्ध करा दी जाएगी। यह भी उल्लेख किया गया कि नए बन रहे लोको में एसी की सुविधा पहले से उपलब्ध कराई जा रही है।

### घर के पास शराब पीने से रोकने पर की पिटाई

रायपुर। डीडीनगर थाने में एक व्यक्ति ने तीन लड़कों के खिलाफ घर के पास शराब पीने से मना करने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, बिसेलाल देवांगन ने दिनेश, टिकेश्वर तथा ललित यादव के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। बिसेलाल ने पुलिस को बताया कि तीनों लड़के उसके घर के बाहर बैठकर शराब पी रहे थे और आपस में गाली-गलौज कर रहे थे। गाली-गलौज सुन बिसेलाल का बेटा उन्हें घर के पास शराब पीने तथा गाली-गलौज करने से मना करने गया तो बदमाशों ने बिसेलाल के बेटे के साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने आने पर बदमाशों ने बिसेलाल, उसकी पत्नी तथा बेटी के साथ भी मारपीट की।



*सुबह के वक्त हल्की वर्षा दिनभर छाए रहे बादल*

# भारी बारिश के इंतजार में बीता पहला सप्ताह, 27 फीसदी की कमी बरकरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारी बारिश के इंतजार में जुलाई का पहला सप्ताह बीत चुका है। बीते आठ दिनों में हल्की-फुल्की वर्षा के चलते 27 फीसदी की कमी बरकरार है। सुबह के वक्त शहर में हल्की वर्षा हुई और दिनभर बादल छाए रहे।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, राज्य में भारी बारिश के लिए अभी कुछ दिन और इंतजार करना पड़ेगा। 11 जुलाई के आसपास एक सिस्टम बनने की गुंजाइश है, जिसके विकसित होने पर व्यापक वर्षा होने की संभावना बन रही है। तब तक राज्य में जोरदार बारिश की संभावना कम है। सोमवार को सुबह के वक्त शहर में रिमझिम बारिश हुई और आंकड़ा एक सेमी. से कम में सिमट गया। इसके बाद दिनभर बादल छाए रहे, मगर फिर नहीं बरसे। पिछले चौबीस घंटे में राज्य में सर्वाधिक वर्षा बालोद में चार सेमी. तक दर्ज की गई, इसके अलावा कुछ स्थानों में इसका प्रभाव हल्के से मध्यम रूप में नजर आया। बादल छाए रहने के बावजूद अभी दिन का अधिकतम तापमान 34-35 डिग्री के आसपास पहुंच गया है। रायपुर में 27 प्रतिशत कम वर्षा हुई है और राज्य में इसका अंतर 28 फीसदी का है।



### मानसून द्रोणिका रायपुर के ऊपर

मानसून द्रोणिका जैसलमेर, रायसेन, मण्डला, रायपुर, कलिंगपट्टनम और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर मध्य बंगाल की खाड़ी तक विस्तारित है। एक चक्रवाती घेरा बंगाल की खाड़ी से आंध्र प्रदेश तक मौजूद है। मंगलवार को राज्य में हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

# पटवारियों के बाद तहसीलदार भी हड़ताल पर जाएंगे, अपनी मांगों को लेकर सीएस से आज मिलेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- वेतन विसंगति, पदोन्नति, सुरक्षा जैसे मुद्दों को लेकर आक्रोशित कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ

छत्तीसगढ़ में राजस्व पखवाड़ा के बीच राजस्व पटवारी संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। अब राज्य के तहसीलदार और नायब तहसीलदार भी सुरक्षा और अन्य मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के बैनर तले हड़ताल पर जाने की तैयारी कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के ▶▶|शेष पेज 11 पर

### सुरक्षा की मांग, बेगारी से परहेज- दुबे

छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष नीलमणि दुबे ने कहा, किसी दबाव या कि बेगारी के आगे नहीं झुकेंगे। साथ ही राजस्व कोर्ट में भी सुरक्षा की व्यवस्था करने की मांग रखी गई है।

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

खबर संक्षेप



## अग्रसेन योगासन शाखा ने जरौद में किया पौधारोपण

आरंग। वृक्षारोपण पखवाड़ा के अंतर्गत अग्रसेन योगासन शाखा अग्रवाल पारा आरंग द्वारा ग्राम जरौद में पौधारोपण किया गया। योगासन शाखा द्वारा नित्य दिनचर्या विभिन्न आसन प्रणायाम ध्यान योग के बाद ग्राम जरौद में समाज सेवक सुरेश साहू, मुरली साहू, भीषम साहू एवं सीताराम साहू के सानिध्य में वट, पीपल, बेल, नीम के कुल छः पौधरोपण किये गए। इस अवसर पर बाबू गुलाब दास द्वारा कहा गया कि वृक्ष हमें बहुत कुछ देती है, हमें इसका संरक्षण करना चाहिए। जयशंकर यादव ने कहा कि "वृक्षों रक्षति रक्षितः" वृक्षों की रक्षा करने से वृक्ष भी हमारी रक्षा करती है। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख देवेंद्र सिंह ठाकुर, जिला रायपुर प्रमुख, मुरारी लोधी अमिताभ अग्रवाल, बलराम साहू, कैलाश यादव एवं अशोक कुमार ठाकुर उपस्थित थे।

## प्रवेशोत्सव में शिक्षा की महत्ता पर की परिचर्चा

सिलयारी। प्रदेश के सभी शासकीय प्राथमिक शालाओं में नव प्रवेशित बच्चों के स्वागत के लिए शासन के निर्देशानुरुप शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया जा रहा है । जिसमे विभागीय अधिकारियों के साथ साथ स्थानीय जन प्रतिनिधिगण भी शिरकत कर बच्चों का स्वागत कर रहे हैं।

इसी क्रम में आज विकासखंड धरसीवां के ग्राम पंचायत भटगांव के शासकीय प्राथमिक शाला परिसर में रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू के मुख्य आतिथ्य में संकुल केंद्र माना बस्ती के संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया । माननीय विधायक महोदय ने कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों व पालकों को नए शैक्षिक सत्र के शुरुआत की बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा जीवन का आधार हैं । शिक्षा हमें जीवन के पथ पर रोशनी दिखाता है और भले बुरे की पहचान कराता है । शिक्षा पर सबका समान अधिकार है । समुदाय को शिक्षा के उन्नतीकरण के लिए आगे आकर काम करना चाहिए ताकि शाला के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सके ।

धरना प्रदर्शन : बिजली की दरों में वृद्धि एवं महगांई के विरोध मे कांग्रेसियों ने दिया धरना

# बिजली बिल पर कांग्रेस ने दिया धरना व राज्यपाल के नाम सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अभनपुर व नयापारा के तत्वाधान मे कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता धनेन्द्र साहू के नेतृत्व मे बिजली के दामो मे वृद्धि एवं महगांई के विरोध मे एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर कार्यकर्ताओ एवं पदाधिकारियो ने एसडीएम कार्यालय मे तहसीलदार रामप्रसाद बघेल को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौपा।

इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता धनेन्द्र साहू ने उपस्थित कार्यकर्ताओ को संबोधित करते कहा कि बिजली दरो मे बढ़ोत्तरी के आर्थिक बोझ को कोई भी वर्ग सहन नही कर पायेगा प्रदेश की जनता महगांई से पहले से पीड़ित है, बिजली दर मे वृद्धि कर जख्म मे नमक छिडक़ रही है लोगो के घरो मे दोगुना बिजली बिल पहुंच रहा है यह सरकार द्वारा जनता की जेब से डकैती डालने जैसा है वही स्मार्ट मीटर के नाम से भी जनता को लूटने की तैयारी सरकार कर रही है आमजनता को कही पर भी बिजली 24 घंटे उपलब्ध नही हो पा रही है इससे लोग त्रस्त होकर सडक़ो पर प्रदर्शन कर रहे है



हमारी सरकार 5 वर्षो तक विपरीत परिस्थितियो मे भी बिजली की दरो मे बढ़ोत्तरी नही की साथ ही बिजली बिल हाफ योजना शुरू कर प्रदेश के 44 लाख घरेलू उपभोक्ताओ को राहत दे रही थी सोसायटियो मे खाद-बीज उपलब्ध नही हो पा रहा है समितियो से जो बीज मिल रहा वह अंकुरित नही हो रहा है लोगो महंगे दर पर खाद बीज खरीदने को विवश हो रहे है। इस अवसर पर प्रदेश सचिव प्रवीण साहू,पीसीसी सदस्य ब्रम्हानंद ठाकुर,ब्लॉक अध्यक्ष विद्याभूषण सोनवानी,सुशील शर्मा,सुनील कौशल,देवदत्त सेन,राधाकृष्ण टंडन,रानू राठी,शत्रुहन शर्मा,श्रीमति देवनंदनी साहू,निमा निम्बेकर,इन्द्रदेव प्रसाद,बलविंदर गांधी,संदीप दीवान,दिनेश अंबिलकर,फतीश साहू,उपजीत सचदेवा,प्रमोद मिश्रा,ओमप्रकाश साहू,चन्द्रहास साहू,डामन साहू,घासू साहू,सीताराम साहू,आत्माराम,शशिप्रकाश साहू,नंदकुमार साहू, राजकुमार शर्मा,सुमित तंबोली,पार्थ वैष्णव,डोमेन्द्र साहू,मुन्ना बांधे सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बिजली बिल और कटौती पर बिफरी कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

आरंग। प्रदेश में लगातार विद्युत कटौती और बढ़ती बिजली दरों के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने समस्त जिला और ब्लॉक मुख्यालयों में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया। जिसके अंतर्गत आरंग में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी और युवा कांग्रेस द्वारा प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन किया गया। इसके बाद कांग्रेसियों ने आम जनता को बिजली की समस्या से राहत देने की मांग करते हुए आरंग एसडीएम पुष्पेंद्र शर्मा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर आरंग नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष चंद्रशेखर चंद्राकर ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते प्रदेश में विद्युत सरप्लस होने के बाद भी विद्युत दरों में वृद्धि की जा रही है। साथ ही विद्युत मेंटेनेंस का बहाना बनाकर लगातार विद्युत कटौती की जा रही है, जिसके कारण आमजनता, किसान, व्यापारी सहित हर वर्ग के लोग हताश और परेशान है। प्रदेश में जब कांग्रेस की सरकार थी तो बिजली बिल हाफ जैसी महत्वाकांक्षी योजना चलाई जा रही थी जिससे प्रदेश की जनता को काफी लाभ मिलता था। लेकिन दुर्भाग्य की बात है केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार होने के बाद भी पूरे प्रदेश में बेतहाशा विद्युत कटौती और विद्युत दरों में आश्चर्यजनक वृद्धि हो



रही है। आम जनता की तकलीफों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। साथ ही आरंग एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। आने वाले दिनों में अगर हालात नही सुधरे तो कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर, विधानसभा और मुख्यमंत्री निवास तक उग्र प्रदर्शन करेगी। जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रदेश की भाजपा सरकार की होगी। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रशेखर चंद्राकर, मंगलमूर्ति अग्रवाल, दीपक चंद्राकर, शरद गुप्ता, सजल चंद्राकर, सूरज सोनकर, राममोहन लोधी, लक्ष्मीनारायण लोधी, प्रद्युमन शर्मा, शुभांशु साहू, आलोक चंद्राकर, खिलावन निषाद, समीर गोरी, प्रणय बंसोर, प्रह्लाद साहू सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बिजली बिल की बढ़ोतरी व कटौती पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

धरसींवा। बिजली दर में बढ़ोतरी होने पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने धरसींवा में विरोध प्रदर्शन किया है। एक दिवसीय धरने पर बैठे कांग्रेसियों ने विरोध करते हुए कहा कि, अघोषित बिजली कटौती बंद की जाए और इसका समाधान जल्द से जल्द निकाला जाए। इसी कड़ी में सभी कांग्रेसी कार्यकर्ता सभी ब्लाक मुख्यालय में धरना प्रदर्शन कर तहसीलदार को ज्ञापन सौपे है। धरना में प्रमुख रूप से पूर्व राज्य सभा सांसद श्रीमती छाया वर्मा और ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

इस अवसर पर पूर्व राज्य सभा सांसद श्रीमति छाया वर्मा ने साफ तौर पर कहा है कि, भाजपा सरकार की गलत नीतियों की वजह से राज्य में विद्युत आपूर्ति सरप्लस होने के बावजूद विद्युत दर में वृद्धि की गई है। प्रदेशभर में हर बार अघोषित विद्युत कटौती से आम जनता और किसान परेशान है। ऐसे में लोगों पर महंगाई की मार पड़ रहा है।साथ ही सभी ने अपने उद्बोधन में भारतीय जनता पार्टी की सरकार



को कोषा कि अगर बिजली की दर में वृद्धि एवं कटौती खाद की समस्या को नहीं रोका गया तो बहुत ही जल्द सड़क पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धरसीवा अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा, उधो वर्मा, उत्तरा भारती,चुनामनी साहू ,पप्पू बंजारे ,कमल भारती जयंत साहू, ढालेंद्र वर्मा,मंजू वर्मा, नीतू साहू, मदन गोयल, जयंत साहू , जिला पंचायत सदस्य हरिशंकर निषाद, आशीष वर्मा ,देवेंद्र खेलवार ,सौरभ गोस्वामी, सुरेश पांडे, साहिल खान, लोकेश मिश्रा ,रवि लहरी, पंकज नायक,



खेमप्रकाश देवांगन, पुनीत धीवर, संतोष साहू, चोवाराम साहू, संदीप वर्मा ,सुदामा कन्नौज, राजेश साहू, संतोष साहू तारकेश्वर वर्मा, गणेश साहू ,विद्या पाल सहित कार्यकर्ता उपस्तिथ थे।

## बिजली कटौती पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन व सौंपा ज्ञापन

तिल्दा नेवरा। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के निर्देश में छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार के गलत नीतियों के चलते राज्य में विधुत आपूर्ति सरप्लस होने के बावजूत बिद्युत दर में बेताहाशा वृध्दि की गई है, तथा पूरे प्रदेश में बार बार हो रही अघोषित विद्युत कटौती को लेकर ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। यह आयोजन तिल्दा में पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी के नेतृत्व में कांग्रेस भवन में किया गया। तिल्दा नेवरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर और ग्रामीण के तत्वावधान में आयोजित धरना प्रदर्शन में शैलेश नितिन त्रिवेदी, जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष देवेंद्र वर्मा, अजितेश शर्मा, ओम ठाकुर, कैलाश गांधी, पार्षद सनत सेन, पूर्व पार्षद जितेंद्र सेन, वरिष्ठ कांग्रेसी छगन कश्यप , पूर्व एल्डरमैन दिलीप देवांगन, वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व पार्षद भीम भोजवानी, पूर्व एल्डरमैन शरद वर्मा, अनुप रवानी , हेमू वर्मा, एम एस अहमद, लाखन चौहान, अमजद खान, गोवर्धन यदु द्वारिका शर्मा , दुर्गेश साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



वही बता दे तिल्दा नेवरा में यह कार्यक्रम शाम 4 बजे कांग्रेस भवन में कर एसडीएम के नाम ज्ञापन दिया गया। साथ ही बता दे शहर कांग्रेस अध्यक्ष तिल्दा नेवरा से बाहर है जिसके चलते सुबह कार्यक्रम नही हो पाया। वही ग्रामीण अध्यक्ष ने अपना मोबाइल नहीं उठाया। तिल्दा ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष बलदाऊ साहू कांग्रेस शासन काल में लगभग सभी कार्यक्रमों में अपने सिर्फ 2, 3 साथियों के साथ तिल्दा नेवरा कांग्रेस भवन पहुंचते थे और शहर कांग्रेस कमेटी के साथ कार्यक्रम में शामिल होते थे। लेकिन आज के इतने बड़े कार्यक्रम के लिए। वे नही पहुंचे साथ ही अपना फोन भी नही उठाए जिसकी जमकर चर्चा होती रही।

# कलेक्टर ने किया स्वीप टीम आरंग का सम्मान



आरंग। सोमवार को शहीद स्मारक भवन रायपुर में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रायपुर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह ने लोकसभा निर्वाचन 2024 में स्वीप टीम आरंग द्वारा मतदाता जागरूकता में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया। ज्ञात हो कि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पेंद्र शर्मा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आरंग के निर्देशन में स्वीप टीम से शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा, अरविंद कुमार वैष्णव शासकीय बालक प्रायमरी शाला सदर रोड आरंग एवं शिक्षिका सीमा भांडेकर शासकीय प्राथमिक शाला रसनी ने विभिन्न रोचक गतिविधियां मतदाता जागरूकता गीत, नुक्कड़ नाटक, स्वीप दीप, स्वीप क्रिकेट, स्वीप जवारा, स्वीप रंगोली मेहंदी, स्वीप जागरूकता रैली, मतदान खिचड़ी, मशाल रैली इत्यादि के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया, जिससे विधानसभा क्षेत्र में मतदान के प्रतिशत में वृद्धि हुई। वहीं कलेक्टर गौरव कुमार सिंह ने आरंग में चली मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की उन्मुक्त कंठ से सराहना करते हुए स्वीप टीम को बधाई दिए हैं। वहीं एसडीएम पुष्पेंद्र शर्मा,तहसीलदार सीता शुक्ला, राजकुमार साहू, नायब तहसीलदार एन.एस. पिस्दा, सृजल साहू, श्रुति शर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एन.पी. कुर्रे, स्वीप नोडल अधिकारी एम.एन. वर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी खेलकुमार पटेल, शीतल चंद्रवंशी एवं बीएमओ डॉ. विजयलक्ष्मी अनंत ने शिक्षकों द्वारा मतदाता जागरूकता में उल्लेखनीय कार्य पर सम्मानित होने पर बधाई दिए हैं।

# खाद और प्रामाणिक बीज का समुचित करें प्रचार : राजू शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

राजू शर्मा सभापति कृषि सहकारिता विद्युत विभाग जल संसाधन बीज निगम विभाग की जिले के अधिकारियों के समीक्षा बैठक ली। रायपुर पशु चिकित्सालय मंडी गेट में सभागार कक्ष में कृषि सहकारिता बीज निगम विद्युत विभाग जल संसाधन विभाग जिले की बैठक की अध्यक्षता राजू शर्मा सभापति जिला पंचायत कृषि समिति दिनांक 5 जून को शाम 5:00 बजे तक चली बैठक में राजू शर्मा ने खाद बीज प्रमाणित बीज ज्यादा प्रचार करने के लिए निर्देश किए गए हैं किसानों को शासन की जन कल्याण योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करें ब्लॉक स्तर के उपस्थित वरिष्ठ कृषि विस्तारक अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि ग्राम सेवकों को मैदानी क्षेत्र में भेजें विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि कृषि के समय बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखें जिससे किसानों के मोटर पंप 24 घटा चले बीज निगम द्वारा प्रमाणित बीज किसानों को उपलब्ध करें पशु चिकित्सालय के अधिकारियों को कहा गया है कि बरसात के मौसम में जानवरों की देखभाल और टीकाकरण करें मत्स्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि मौसम के आधार पर मछली मारने पर रोक लगे राजू शर्मा ने कहा है कि किसान सम्मन निधि से एक भी किसान वंचित न रहे खाते में टेक्निकल कमी को तत्काल सुधार करें बैठक में कृषि विभाग के उपसंचालक कश्यप खाद्य नियंत्रक खाद्य शाखा उपसंचालक उद्यान विभाग उपसंचालक मत्स्य विभाग मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायपुर वरिष्ठ विकासखंड कृषि अधिकारी धरसीवा अभनपुर आरंग तिल्दा के कृषक माखन कुर्रे ,गजेंद्र कुमार वर्मा,सत्रुघ्न साहू एवं समस्त ग्राम वाशी द्वारा शिकायत किया गया है।

# रजिया स्कूल के प्रवेशोत्सव में बांटी किताबें व छात्रों ने किया पौधारोपण

तिल्दा नेवरा। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रजिया एवम शा. प्राथमिक शाला रजिया के द्वारा संयुक्तरूप से शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों ने सरस्वती माता के छायाचित्र का पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुवात की गई । तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत विद्यालय के शालानायक विकास वर्मा और उपशालानायक कु . चांदनी निर्मलकर के द्वारा किया गया। अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी छात्र छात्राओं को गुलाल लगा कर मिठाई खिलाई गई और स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा वितरित निशुल्क पाठ्य पुस्तकें और गणवेश सभी बच्चो को प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए शिक्षक श्री सूर्य नारायण पाण्डेय द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के शाला प्रवेश उत्सव के महत्व और विशेषता की चर्चा करते हुए बताया गया की नव प्रवेशी बच्चो के मन से विद्यालय के भय को दूर करने हेतु विद्यालय का वातावरण हमेशा उत्सव स्वरूप बना रहे इसलिए शाला प्रवेश उत्सव हर वर्ष मनाया जाता है। विद्यालय के प्रधानपाठक श्री योगेश कुमार वर्मा जी



ने पालकों से बच्चो को प्रति दिन विद्यालय भेजने का आग्रह करते हुए विद्यालय की अन्य उपलब्धियों से अतिथियों को अवगत कराया गया। प्राथमिक विद्यालय रजिया के प्रधान पाठक श्री केशव कुमार शर्मा जी ने प्राथमिक शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी नवप्रवेशी बच्चो को स्कूल आने हेतु प्रेरित किया। किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष विजय ठाकुर ने सभी छात्र छात्राओं को नवीन शिक्षासत्र की बधाई और शुभकामनाएं देते हुवे जन प्रतिनिधियों से अपील किया गया की विद्यालय की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए हमेशा विद्यालय को सहयोग प्रदान करते रहे। ग्राम सरपंच श्री नोहर वर्मा जी सभी पालकों से शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा की हमारे गांव के बच्चो को विद्यालय में पढ़ाई हेतु किसी भी संसाधन की जरूरत होने पर मेरे द्वारा उसका त्वरित व्यवस्था किया जायेगा। युवा मोर्चा उपाध्यक्ष श्री दीपक वर्मा जी वर्तमान पर्यावरण समस्या से सभी को अवगत कराते हुवे शासन की योजना एक पेड़ मां के नाम से लगाने हेतु सभी से निवेदन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व सरपंच जागेश्वर वर्मा, पूर्व उपसरपंच योगेश्वर वर्मा, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष श्री योगेश वर्मा, विजय वर्मा , उपाध्यक्ष श्रीमती इंद्राणी वर्मा , शिक्षक श्री रामकुमार देवांगन, श्रीमती ज्योति केशरवानी, श्री वेदप्रकाश वर्मा, श्रीमती निर्मला वर्मा और कुमारी स्मिता वर्मा के द्वारा विद्यालय प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम से लगाया गया।

मांढर हाई स्कूल में शानदार शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन

# स्कूल के प्रवेशोत्सव में विधायक ने मां के नाम पौधे का किया रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

ग्राम पंचायत मांढर के हाई स्कूल में सोमवार को शानदार शाला प्रवेश उत्सव

- विधायक ने अपनी माँ के नाम पौधा का किया रोपण,
- पौधों की देख रेख के लिए एक छात्र बने विधायक प्रतिनिधि

का आयोजन किया गया। शाला प्रवेश कार्यक्रम में विद्यालय में अध्ययन करने वाले नन्हे मुन्ने प्यारे विद्यार्थियों का प्रथम विद्यालय आगमन पर बड़े हर्षोल्लास के साथ चंदन लगा कर उनका आरती उतारते हुए स्वागत किया गया साथ ही स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा शानदार संस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दिया



गया। विद्यालय प्रवेश उत्सव के मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा प्रमुख रूप से उपस्तिथ थे।इस अवसर पर विद्यालय में भोज एवम वृहद वृक्षारोपन का भी आयोजन किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ आरंभ किया गया। स्वागत उद्बोधन विद्यालय के प्राचार्य के द्वारा किया गया। इस अवसर पर नौनिहालों का मुख्य



अतिथि विधायक अनुज शर्मा के द्वारा तिलक चंदन लगाकर, पाठ्यपुस्तक एवम गणवेश देकर विद्यालय में उनका हार्दिक अभिनंदन किया।इस अवसर पर विधायक श्री अनुज शर्मा ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें आज की पीढ़ी के अनुसार 21 वीं सदी की योग्यता के अनुरूप शिक्षा प्राप्त करना है और पढ़ लिखकर अच्छा नागरिक बनकर अच्छे अच्छे नौकरी में जाकर



माता-पिता का नाम रोशन करें। श्री शर्मा ने कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुणवता पूर्ण शिक्षा के लिए सजग हैं, साथ ही विद्यालय परिसर को हरा भरा करने हेतु वृक्षा रोपण करना अनिवार्य है। सभी संकल्प लें की हमारा छग और मांढर स्वच्छ और सुंदर बने।

### विद्यार्थियों में दिखा उत्साह

धरसींवा विधायक श्री अनुज शर्मा ने विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण कर सभी को पेड़ पौधा लगाने हेतु प्रेरित किया। विद्यालय प्रवेश उत्सव के दिन विद्यालय स्टाप के द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया जिसमें भजिया चटनी, लड्डू, आदि विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को परोसा गया, सभी विद्यार्थियों एवम अभिभावकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

### इनकी रही उपस्थिति

विधायक सभा मण्डल अध्यक्ष भरत सोनी,श्रीमति सविता चन्द्राकर जिला अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा रायपुर, ग्रामीण, मांढर सरपंच श्रीमती दशमत ध्रुव, विद्यालय के अध्यक्ष हनुमंत आडिल ,श्री गणेशन मूर्ति पूर्व सरपंच मांढर,श्रीमती मीना देवांगन, मोतीलाल साहू, सरपंच व मीडिया प्रभारी हेमंत वर्मा ,धर्मेंद्र जाधव,लखन वर्मा , श्रीमती सतरूपा वर्मा, ,श्रीमती कोमल यादव ,श्रीमती पुष्पा वर्मा , श्रीमती मधु वर्मा ,ग्राम पंचायत मांढर पंच एवं समस्त विद्यालय के सभी कर्मचारीगण,सभी जेष्ठ श्रेष्ठ भाजपा के सम्मानीय सदस्यगण, गांव से सभी देवतुल्य जनतागण उपस्थित रहे ।

# गुखेरा स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

आरंग। शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक स्कूल गुखेरा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन के साथ हुई। कक्षा पहली से आठवीं के बच्चों का मिठाई खिलाकर और पुस्तक, गणवेश देकर स्वागत किया गया। विगत वर्ष प्रथम आने वाले बच्चो को पुरस्कृत किया गया। तत्पश्चात एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शाला परिसर गुखेरा में मंडल के भाजपा कार्यकर्ता, शिक्षक एवं छात्र–छात्रओं के साथ वृहद वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष देवनाथ साहू ने कहा कि शिक्षक की मेहनत से बच्चे सफल होंगे, शिक्षक तन–मन से बच्चो को पढ़ाएं एवं सभी छात्र–छात्रएं अच्छे से पढ़ाई कर अपने स्कूल व माता–पिता का नाम रोशन करें। इस दौरान सभापति जनपद पंचायत आरंग गोविंद



साहू, सरपंच कन्हैयालाल भतपहरी, उपसरपंच पार्वती रेखराज देवांगन, किसान मोर्चा भाजपा उपाध्यक्ष प्रकाश रात्रे, ओ.बी.सी मोर्चा भाजपा अध्यक्ष आकुश भारद्वाज, संकुल समन्वयक हरीश दीवान, प्रधानपाठक रामनारायण कन्नौजे, कृष्णकांत साहू, शिक्षक विमला चौहान, नोहरलाल यादव, घनश्याम साहू, नीता कन्नौजे, फातिमा जांगड़े, रोजगार सहायक राधिका रात्रे, भारत साहू, नोमेश सेन, कुशाल देवांगन, आशा यादव, मोहनमति सोनवानी, दामिनी रात्रे सहित महिला समुह व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### बिजली विभाग की योजनाओं की धीमी प्रगति पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

**रायपुर।** जिले में बिजली विभाग की योजनाओं के धीमी गति से चल रहे कार्यों पर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने नाराजगी जताई है। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को काम में तेजी लाने तथा जल्द से जल्द काम पूरा करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर डॉ. सिंह ने रेडक्रॉस सभाकक्ष में सोमवार को विद्युत वितरण कंपनी के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने प्रोजेक्ट डिवीजन व सिटी कंस्ट्रक्शन डिविजन के विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली। कम प्रगति वाले कार्यों पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए अधूरे काम को शीघ्र पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में पंप कार्यों के विस्तर की प्रगति की भी जानकारी ली। समीक्षा में अधिकारियों ने बताया कि 1241 नग पंप में से 1029 पंप के कार्य पूर्ण किए गए हैं। बाकी अपूर्ण हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को बाकी पंप के कार्य भी जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुराने बिजली ट्रांसफार्मरों को बदलने की प्रक्रिया जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप भी उपस्थित थे।

### 11 को नहीं होगा जनदर्शन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का हर सप्ताह गुरुवार को होने वाला जनदर्शन इस गुरुवार 11 जुलाई को अपरिहार्य कारणों से नहीं होगा।

### भाठागांव की शराब दुकानें बंद करने की मांग



**रायपुर।** रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड एवं भक्त माता कर्मा वार्ड में स्थित देशी-विदेशी शराब दुकान को लेकर क्षेत्र की जनता उद्वेलित है। भाठागांव बस्ती में स्वामी आत्मानंद स्कूल के पास और भक्त माता कर्मा वार्ड में वॉलफोर्ट सिटी के पास मुख्य मार्ग पर शराब दुकान के साथ चखना सेंटर खोले गए हैं। इस समस्या को लेकर सत्यमेव जयते फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष कन्हैया अग्रवाल ने कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह को ज्ञापन सौंपा। इसी दौरान उन्होंने कहा, शराब दुकान से लगकर सोनकर पारा, आनंद नगर, ब्रह्मदेव कॉलोनी, दंतेश्वरी मंदिर, वॉलफोर्ट सिटी, आस्क सिटी, साहूपारा, बृजविहार कॉलोनी, बीएसयूपी, स्वामी आत्मानंद स्कूल सहित दर्जनों कॉलोनियां और अन्य बस्तियां हैं, जहां से गुजरते समय क्षेत्र के नागरिक, खासतौर पर महिलाएं भयभीत रहती हैं।

### मूणत ने व्यापारी संघ की नई कार्यकारिणी को दिलाई शपथ



**रायपुर।** रायपुरा महादेवघाट स्थित राम-जानकी मंदिर परिसर में रायपुरा व्यापारी संघ द्वारा आमसभा एवं नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक राजेश मूणत बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए। इसी दौरान विधायक श्री मूणत ने रायपुरा व्यापारी संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। साथ व्यापारियों को हरसंभव सहायता का अश्वासन भी दिया। नवनिर्वाचित कार्यकारणी में अध्यक्ष नंदकुमार चक्रधारी, उपाध्यक्ष संजय सिंह व महेंद्र औसर, सचिव हेमलाल चक्रधारी, सहसचिव सोम चक्रधारी, कोषाध्यक्ष मनोहर साहू, संगठन प्रभारी विनोद रात्रे, प्रचार-प्रसार प्रभारी मुकेश साहू, मीडिया प्रभारी सौरभ बख्शी, कार्यकारिणी सदस्य विनोद पांडे, वासु ठाकुर, रमेश साहू, गुलेश चक्रधारी, दिनेश छाबड़िया, जुगल राम चंद्राकर आदि हैं।

# अब बेवरेज कार्पोरेशन ने शुरू की शराब खरीदी की तैयारी, कारोबारियों का होगा पंजीयन

## सरकार ने जारी किया आदेश, 9 से होगा पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में सरकार अब ब्रेवरेज कार्पोरेशन के माध्यम से शराब की खरीदी करने की तैयारी में है। विदेशी मदिरा की खरीदी के लिए विनिर्माता, प्रदायकर्ता इकाइयों का पंजीयन किया जाएगा। पंजीयन के लिए सरकार ने 59 हजार रुपए की फीस रखी है।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में राज्य सरकार ने कैबिनेट में निर्णय लेकर एफएल 10 लायसेंस निरस्त किया था। इसे शराब कारोबार से बिचौलियों को बाहर करने की प्रक्रिया के रूप में देखा जा रहा है।



### पंजीयन के लिए लगेंगे ये दस्तावेज

*विनिर्माता, प्रदायकर्ता, इकाईयों द्वारा पंजीयन के लिए आबकारी आयुक्त को आवेदन एवं दस्तावेज पेश करने होंगे। इसमें विनिर्माता, प्रदायकर्ता कंपनी का आर्टिकल्स ऑफ मेमोरण्म, विनिर्माता, प्रदायकर्ता कंपनी के संचालक मंडल के सदस्यों के नाम पते सहित ब्योरा, पेन कार्ड, विनिर्माता, प्रदायकर्ता कंपनी का संबंधित राज्यों में संचालित बॉटलिंग ईकाई के जीवित लायसेंस की प्रति, एवं संबंधित राज्य में स्वंय की बॉटलिंग इकाई नहीं होने की स्थिति में अन्य बॉटलिंग इकाई से अनुबंध व मदिरा भराई का जीवित लायसेंस होना चाहिए। विनिर्माता, प्रदायकर्ता इकाईयों का संबंधित सभी राज्यों में प्रचलित ब्रांड, लेवल के पंजीयन आदेश, पंजीयन लेवल प्रमाणित के साथ एफएशएसएआईए लायसेंस की प्रति पेश करनी होगी।*

आबकारी विभाग ने राज्य शासन के आदेशानुसार इस संबंध में सूचना का प्रकाशन कराया है। विदेशी शराब के थोक क्रय, भंडारण एवं फुटकर अनुज्ञप्तिधारियों को विक्रय का काम छत्तीसगढ़ ब्रेवरेज कार्पोरेशन द्वारा किया जाएगा।

विदेशी मदिरा के लिए रेट ऑफर करने का काम आबकारी आयुक्त द्वारा किया जाएगा। विदेशी मदिरा की खरीदी के लिए रेट ऑफर प्रक्रिया में भाग लेने के पहले विदेशी मदिरा की विनिर्माता, प्रदायकर्ता इकाइयां आबकारी आयुक्त कार्यालय जीएसटी भवन नवा रायपुर अटल नगर में पंजीयन किया जाएगा। इसके लिए 9 तारीख से आवेदन लिए जाएंगे।

## प्रदेश के सभी 307 संगठन ब्लॉकों में दिया गया धरना

# बिजली कटौती-दाम बढ़ोतरी के खिलाफ कांग्रेस का प्रदेशभर में विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने बिजली बिल में बढ़ोतरी और लगातार कटौती को लेकर प्रदेशव्यापी प्रदर्शन किया। सोमवार को राजधानी रायपुर समेत राज्य के कई जिलों में कांग्रेस के दिग्गज नेता और कार्यकर्ताओं ने बिजली की समस्या को लेकर सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। राजधानी रायपुर के राजीव गांधी चौक पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, महापौर एजाज ढेबर समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्र हुए। धरना के बाद लालटेन लेकर पैदल मार्च करते हुए बूढ़ापारा बिजली ऑफिस पहुंचे और जमकर नारेबाजी की।

राजधानी रायपुर के धरने को संबोधित करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, पिछले 6 माह में विद्युत सरप्लस वाला छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है। कोई ऐसा दिन नहीं होता जब बिजली दो-चार घंटे के लिये बंद न हो, रात में तो बिजली की स्थिति तो और भयावह हो जाती है। सरकार एक तो पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही, ऊपर से उपभोक्ताओं पर महंगी बिजली का बोझ डाल रही है। बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से शहर और गांव की जनता जूझ रही है। कांग्रेस की सरकार के दौरान 24 घंटा बिजली की आपूर्ति होती थी। गर्मी के दिनों में मांग बढ़ने पर दूसरे राज्यों से भी बिजली की खरीदी कर बिजली की आपूर्ति की जाती थी।



### बिजली बिल देखकर लोगों को लगा 440 वोल्ट का झटका : भूपेश

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार के समय पूरे 5 साल सरप्लस बिजली छत्तीसगढ़ के उपभोक्ताओं को मिलता रहा अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के बाद तेलंगाना, गोवा, मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों को पावर एक्सचेंज एग्रीमेंट के तहत छत्तीसगढ़ से बिजली सप्लाई की जाती थी। अब भाजपा की डबल इंजन की सरकार में अघोषित तौर पर बिजली की कटौती जारी है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ में मांग से अधिक मेगावाट बिजली का उत्पादन करने की क्षमता है, लेकिन भाजपा की साय सरकार आने के बाद से विद्युत का उत्पादन और आपूर्ति दुर्भावना पूर्वक बाधित किया जा रहा है। सर्वे के आधार पर पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने हर साल लगभग साढ़े 7 प्रतिशत की दर से बिजली की डिमांड बढ़ने का अनुमान लगाते हुए कोरबा पश्चिम में 1320 मेगावाट संयंत्र की स्थापन के लिए आधारशिला रखी थी, जिसे भाजपा की सरकार आने के बाद से ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। उन्होंने कहा, राज्य में आदिवासी मुख्यमंत्री हैं और आदिवासियों के साथ अत्याचार हो रहा है। विष्णु देव साय से ऊपर वाला भी रूठ गया, पानी तक नहीं गिर रहा। हमारी सरकार में कभी अकाल की स्थिति नहीं हुई, लेकिन विष्णुदेव सरकार से भगवान भी नाराज हैं, पानी तक नहीं गिर रहा है। जिस राज्य में कोयला उत्पादन, वहां बिजली कटौती हो रही है।

### लालटेन लूटने की लगी होड़

राजीव गांधी चौक पर कांग्रेस ने लालटेन को लगाए गए पंडाल में तोरण की तरह लटकाया था। करीब दो दर्जन से अधिक लालटेन लगाए गए थे। धरना प्रदर्शन खत्म होने के बाद जब बड़े नेता वहां से चले गए, तब कुछ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कुर्सी पर खड़े होकर निकालने का प्रयास किया। यह देखकर कई महिला कार्यकर्ताओं ने भी लूटने का प्रयास किया। काफी देर तक यह क्रम चला। लूटने के चक्कर में लालटेन के कांच भी टूटकर नीचे गिर गए।

### भाजपा ने कांग्रेस के प्रदर्शन को बताया नौटंकी

भाजपा से पूर्व विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता रंजन साहू ने कांग्रेस के प्रदर्शन को नौटंकी करार देते हुए उनसे सवाल पूछा कि कांग्रेस यह बताएं कि 5 वर्षों में प्रदेश में बिजली की उत्पादन क्षमता बढ़े इसके लिए कोई कदम क्यों नहीं उठाया। विधानसभा और लोकसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस के नेता मीडिया की सुर्खियों में बने रहने के लिए यह सब कर रहे हैं। श्रीमती साहू ने कहा कांग्रेस सरकार के 5 साल के कार्यकाल में 4 बार से ज्यादा बिजली टैरिफ बढ़ाया गया। बिजली उत्पादन करने वाले 2 बड़े प्लांट बंद हो गए। उत्पादन क्षमता बढ़ने की जगह घट गई। बिजली कटने का विरोध करने वाले नागरिक पर राजद्रोह का केस डाल दिया गया। बिजली बिल हॉफ करेंगे का वादा करके सरकार में आई कांग्रेस ने बिजली बिल बढ़ाकर लोगों की जेब में डाका डाला। वो कांग्रेस किस मुंह से बिजली की बात कर रही है।

# खेत में नाली का पानी आने की डिप्टी सीएम से शिकायत

## कलेक्टर को निराकरण के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में सोमवार को डिप्टी सीएम अरुण साव का दरबार लगा। इसमें पहुंचे धमतरी के एक किसान ने अपने खेत में नाली का पानी आने के शिकायत की। इस शिकायत पर तत्काल श्री साव ने धमतरी कलेक्टर को फोन लगाकर समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। भाजपा के सहायता केंद्र में 125 फरियादी पहुंचे, जिनकी समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने सवा सौ से अधिक आवेदकों के आवेदनों के त्वरित निराकरण हेतु संबंधित जिले के कलेक्टर एवं राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों को मौक़े से ही निराकरण के निर्देश दिया। धमतरी के एक आवेदक द्वारा अपने खेत में आ रहे नाली के पानी को रोकने के संबंध में आवेदन किया गया था, जिस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने धमतरी कलेक्टर को दूरभाष पर प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही दो आवेदकों के गंभीर रूप से बीमार परिजनों को एम्स रायपुर में भर्ती कराए जाने का निर्देश दिया। श्री साव ने कहा, प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही जनता का विश्वास भाजपा के प्रति और बढ़ा है क्योंकि भाजपा ने विधानसभा चुनाव में जो वादे किए थे, उन्हें लगातार पूरा कर रही है, जिसकी वजह से जनता के बीच प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार के सुशासन की चर्चा हर तरफ हो रही है।

जनता यह भलीभांति जान चुकी है कि छत्तीसगढ़ और देश भाजपा के हाथों में ही सुरक्षित है। जिस प्रकार से प्रदेश की जनता ने विधानसभा चुनाव में प्रदेश में कमल खिलाया है उसी तरह देश में नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाकर एक मजबूत भारत की कल्पना को पूरा किया है। सहायता केंद्र में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

## अधिकार अभिलेख के प्रारूप में बदलाव की तैयारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार ने अधिकार अभिलेख के प्रारूप में बदलाव की तैयारी कर ली है। इस संबंध में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने प्रस्तावित प्रारूप का प्रकाशन राजपत्र में कराया है। इके साथ ही प्रारूप पर आपत्ति या सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। इस पर दस दिनों बाद विचार किया जाएगा।

**क्या है अधिकार अभिलेख :** राजस्व विभाग के मुताबिक जब जमीनों का सर्वे किया जाता है तो उसका एक रिकार्ड तैयार किया जाता है। यह रिकार्ड कुछ बिंदुओं पर आधारित होता है। अधिकार अभिलेख पहले से बना हुआ है लेकिन अब राज्य सरकार इसके प्रारूप में संशोधन करने जा रही है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग का मानना है कि इस संशोधन से लोगों के प्रभावित होने की संभावना है। इसलिए राजपत्र में इसका प्रकाशन करके आपत्ति एवं सुझाव लिए जा रहे हैं। सूचना के प्रकाशन के दस दिनों पर इस पर विचार किया जाएगा।

## कांग्रेस में कार्यकर्ताओं की इज्जत नहीं, कभी स्लीपर सेल तो कभी सत्ता भोगी कहा जा रहा

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज से अब पार्टी संगठन संभाले नहीं संभल रहा है और इसी बौखलाहट में अब वे भी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की भाषा बोलकर अपने कार्यकर्ताओं को सत्ता भोगी और न जाने क्या-क्या कहकर अपनी हताशा जगजाहिर कर रहे हैं। श्री श्रीवास्तव ने कहा, कार्यकर्ता किसी भी संगठन की रीढ़ होते हैं, लेकिन कांग्रेस में कदम-कदम पर अपने ही कार्यकर्ताओं को अपमानित करने मानो होड़ लगी हुई है। छत्तीसगढ़ में इसीलिए कांग्रेस रसातल में जा पहुंची है और कांग्रेस के नेता फिर भी जुबानी तौर पर बेलगाम होते जा रहे हैं।





## बंद न रहे कोई भी हेल्थ सेंटर, पैसे के लेनदेन से परहेज करे चिकित्सकीय स्टाफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने मैदानी अमले को सख्त हिदायत दी है कि कोई भी हेल्थ सेंटर कभी भी बंद नहीं होना चाहिए। वहां इलाज के लिए गरीब तबके के लोग आते हैं, इसलिए पैसों के लेनदेन से चिकित्सकीय स्टाफ परहेज करे। उन्होंने बच्चों की बीमारियों का पता लगाने वाली आरबीएसके टीम की निष्क्रियता पर नाराजगी जाहिर करते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सोमवार को चार घंटे तक जिला स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उरला की घटना चर्चा में रही। कलेक्टर ने सभी चिकित्सकीय स्टाफ को आम लोगों से सरल व्यवहार करने कहा। इसके साथ हेल्थ सेंटरों में साफ-सफाई और समय पर ड्यूटी पूरी करने पर जोर दिया गया। इस दौरान राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के लिए काम करने वाली टीम के निरीक्षण में देर से जाने और जल्दी काम खत्म करने की शिकायत मिली। उन्होंने मामले में गंभीरता दिखाने और लापरवाही करने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बारिश के दिनों में डेंगू के संक्रमण को रोकने के लिए संवेदनशील इलाकों की तलाश करने की हिदायत दी गई। एनआरसी रायपुर में 20 बेड बढ़ाने की महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी की सुझाव को पूरा करने के लिए कोविड वार्ड जिला चिकित्सालय पण्डरी में प्रस्ताव पारित कराने के निर्देश दिए। बैठक में जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

**नहीं बंट पा रहे आयुष्मान कार्ड**

जानकारी के अनुसार शहरी इलाकों में आयुष्मान कार्ड का वितरण सामान्य तरीके से नहीं हो पा रहा है।

## कांग्रेस संगठन को मजबूत करने आज और कल बैठक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस संगठन ने चुनाव में हार की समीक्षा के बाद संगठन में गुटबाजी खत्म करने बड़े बदलाव करने जा रही है। संगठन में सभी रिक्त पदों को भरने के साथ नगरीय निकाय चुनाव और विधानसभा उप चुनाव को देखते हुए सभी लोगों को एकजुट करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 9 और 10 जुलाई को बैठक बुलाई है। 9 को जिला अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं की बैठक होगी।

- आज जिला अध्यक्ष और वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक

जिला अध्यक्षों के साथ बैठक में प्रदेश अध्यक्ष के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी वरिष्ठ नेताओं से राय लेकर संगठन को मजबूत करने के लिए समीक्षा करेंगे। साथ ही प्रदेश कांग्रेस संगठन में प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश महामंत्री, सचिव और जिला अध्यक्ष सहित कई पद रिक्त हैं। इन पदों पर नए लोगों को नियुक्त किया जाना है। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार ये रिक्त पद कई समय से हैं। प्रदेश में आने वाले पांच माह में नगरीय निकाय और विधानसभा उप चुनाव के पहले संगठन में नियुक्ति कर ली जाएगी। 10 जुलाई को रायपुर के दक्षिण विधानसभा उप चुनाव की तैयारी को लेकर कांग्रेस रणनीति तैयार करने कांग्रेस के पदाधिकारियों से रायशुमारी करेगी।

## आज कैबिनेट की बैठक

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार के कैबिनेट की बैठक मंगलवार की शाम को मंत्रालय में होगी। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली कैबिनेट की बैठक में चालू खरीफ सीजन के संबंध में चर्चा के साथ ही प्रदेश में कम बारिश की स्थिति के कारण फसलों की बुआई पर रिपोर्ट ली जाएगी। वहीं आगामी मॉनसून सत्र की तैयारियों और आने वाले संशोधन विधेयकों को लेकर चर्चा की जा सकती है। बैठक में प्रदेश में मानसून की स्थिति, खरीफ फसलों की बुआई और सहकारी समिति के जरिए बंट रहे खाद-बीज की उपलब्धता की समीक्षा होगी। अधिकतर समितियों में डीएपी और यूरिया की कमी को लेकर सरकार की ओर से निर्णय लिए जाने की संभावना है। जून और जुलाई में कई जिलों में कम बारिश के कारण फसलों की बोनी को लेकर कृषि विभाग अपनी जानकारी से कैबिनेट को अवगत कराएगा। साथ ही विधानसभा सत्र की तैयारियों के संबंध में विभागों के विधेयक और अन्य मामलों पर चर्चा होगी। वहीं प्रदेश में नई शिक्षा सत्र लागू होने के बाद स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी ली जाएगी। कैबिनेट में पंचायत, विधि, वित्त, नगरीय प्रशासन और पुलिस विभाग के प्रस्तावों पर भी चर्चा होगी।

### आदेश में कहा गया 15 दिन में नवीन पदस्थापना स्थल पर लें

# 58 नायब तहसीलदारों की तहसीलदार के पद पर पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य शासन ने 58 नायब तहसीलदारों को तहसीलदार के पद पर पदोन्नत करते हुए उन्हें जिले में पदस्थ किया है। राजस्व विभाग से जारी आदेश में कई को दूसरे जिलों में पदस्थ किया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि 15 दिन में नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण नहीं करने पर पदोन्नति आदेश स्वयंमेय निरस्त माना जाएगा। आदेश से प्रभावित होने वाले अधिकारियों में सतरूपा साहू गरियाबंद से मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, भूपेश कुमार चंद्राकर कबीरधाम से धमतरी, वितेश कुमार देवांगन बलरामपुर-रामानुजगंज से गरियाचंद, कुणाल पांडेय मुंगेली से बस्तर, प्रीति शर्मा जांजगीर-चांपा से गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, शालिनी तिवारी जांजगीर-चांपा से जांजगीर-चांपा, सत्येन्द्र शुक्ल रायपुर से कांकेर, राहूल कुमार गुप्ता बालोद से दंतेवाड़ा, सुनील कुमार गुप्ता कोरबा से बलरामपुर-रामानुगंज, श्रीधर पंडा महासमुंद से सुकमा, रश्मि दुबे बालोद से कोण्डागांव, उमंग जैन सूरजपुर से मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, किशन मिश्रा बलौदाबाजार-भाटापारा से दंतेवाड़ा, रवि विश्वकर्मा दुर्ग में यथावत, आस्था चंद्राकर रायगढ़ से जशपुर, राजश्री पाण्डेय बेमेतरा से कबीरधाम, नीलिमा अग्रवाल मनेन्द्रगढ़-धिरमिरी-भरतपुर से सारंगढ़-बिलाईगढ़, अंकिता पटेल सरगुजा में यथावत, अनुराधा पटेल सक्ती से रायगढ़, सोनू अग्रवाल विलासपुर में यथावत पदस्थ किया गया है। मयंक कुमार अग्रवाल मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़, रायपुर से गरियाबंद, अमन चतुर्वेदी रायपुर से सरगुजा, पौरस वेनताल धमतरी से कांकेर, उमाकांत जायसवाल कांकेर से जांजगीर-चांपा, प्रियंका चंद्रा बलौदाबाजार-भाटापारा से कोरबा, हितेश कुमार साहू बिलासपुर से रायगढ़, सूरज बंछोर रायपुर से धमतरी, सृजन सोनकर दुर्ग से रायपुर, चंद्रशेखर चंद्राकर दुर्ग से बालोद, आकांक्षा साहू राजनांदगांव से सरगुजा, मनीषा देवांगन मनेन्द्रगढ़-विरमिरी भरतपुर से जशपुर, मनीष सूर्यवंशी जांजगीर-चांपा से सारंगढ-बिलाईगढ़, महेन्द्र कुमार रायगढ़ से जांजगीर-चांपा, अविनाश चौहान दुर्ग से जांजगीर-चांपा, ममता राधे जांजगीर-चांपा से सरगुजा, संदीप कुमार साय विलासपुर में यथावत, चंद्रकांत राही बेमेतरा से मुंगेली, आशीप कुमार देवहारी जशपुर से खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई, महेश्वर उड़के कोरवा से जशपुर, किशोर कुमार वर्मा महासमुंद से बलौदाबाजार-भाटापारा, कृष्णमूर्ति दीवान बिलासपुर से जशपुर, अभिजीत राजभानू सक्ती से कोरवा, लक्ष्मण कुमार राठिया कोरबा से बीजापुर, अखिलेश कुमार (निःशक्त) बेमेतरा से धमतरी, लीलाधर चंद्रा (निःशक्त) बिलासपुर से दंतेवाड़ा, शिवनारायण राठिया सूरजपुर में यथावत, कैलाश पोयाम धमतरी से बस्तर, मोहित कुमार साहू सक्ती से कांकेर और सौरभ चौरसिया को दुर्ग से नारायणपुर पदस्थ किया गया है। मनोज कुमार पैकरा बलरामपुर-रामानुजगंज को यथावत, अवनाश कुजूर नारायणपुर से गौरेला-पेड्रा-मरवाही, अखिलेश कुमार ध्रुव बस्तर से नारायणपुर, डिपंल ध्रुव कबीरधाम से गरियाबंद, संगिता नाग कोरिया से सरगुजा, ऋतुराज सिंह बलरामपुर-रामानुजगंज से जशपुर, जागेश्वरी पोयाम धमतरी से बस्तर, श्रुति ध्रुर्वे मुंगेली से मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर और पूनम रश्मि तिग्गा को जशपुर से बलरामपुर-रामानुजगंज पदस्थ किया गया है।

**आयोग की सिफारिश पर 16वें वित्त आयोग से मिलेगी राशि**

# वित्त आयोग कल आएगा, रायपुर के बाद जगदलपुर भी जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केन्द्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में 12 सदस्यीय दल 10 जुलाई की शाम राजधानी रायपुर पहुंच रहा है। यह दल 11 तारीख को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और मंत्रिमण्डल के सदस्यों और अधिकारियों के साथ राज्य की वित्तीय आवश्यकताओं, अधोसंरचना विकास तथा आर्थिक प्रगति सहित विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श करेगा। वित्त आयोग 12 एवं 13 जुलाई को जगदलपुर भ्रमण पर भी रहेगा।

केन्द्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष श्री पनगढ़िया के साथ आयोग के सदस्य अजय नारायण झा, एनी जॉर्ज मैथ्यू, मनोज कुमार पाण्डा, डॉ. सौम्य कांति घोष तथा आयोग के सचिव ऋत्विक रंजनम पाण्डेय, संयुक्त सचिव कमल कुमार मिश्रा, संयुक्त संचालक राघवेन्द्र सिंह एवं अन्य अधिकारी भी रायपुर पहुंचेंगे।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

बैठक में संचालक कोष लेखा एवं पेंशन एवं नोडल अधिकारी 16वें केन्द्रीय वित्त आयोग महादेव कावरे, एनआरडीए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौरभ कुमार, रायपुर कलेक्टर गौरव कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, रायपुर नगर निगम के आयुक्त अविनाश मिश्रा, संचालक जनसम्पर्क अजय अग्रवाल सहित नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा सीएसआईडीसी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

जानकार सूत्रों के अनुसार प्रवास के दौरान आयोग यहां सरकार के साथ चर्चा करने के साथ ही पंचायत, नगरीय निकाय के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेगा। इसके साथ ही उद्योग एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भी बातचीत का कार्यक्रम है। आयोग नवा रायपुर का भ्रमण करने के साथ ही बस्तर भी जाएगा। राज्य के प्रवास से लौटने के बाद आयोग अपनी रिपोर्ट में यह अनुशंसा करेगा कि राज्य को 16वें वित्त आयोग से कितनी राशि दी जानी है केन्द्रीय वित्त आयोग के छत्तीसगढ़ प्रवास को लेकर वित्त सचिव मुकेश बंसल ने होटल मेफेयर में तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप



### कब्रिस्तान में किया पौधारोपण

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा जिला रायपुर द्वारा सोमवार को नए बिरगांव कब्रिस्तान जमीन में पौधारोपण किया गया। यह कार्यक्रम अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अब्दुल नासिर खान की अध्यक्षता में किया गया। पौधारोपण करने वालों में मोर्चा से प्रदेश प्रभारी डॉ. सलीम राज, प्रदेश महामंत्री मखमूर खान, जिला महामंत्री लकविंदर सिंह, जिला उपाधयक्ष मोबीन खान, जिला मंत्री मासूम अली, जिला मंत्री मोज्जम मेमन, पुरानी बस्ती मंडल अध्यक्ष आरिफ खान, भानपुरी मंडल अध्यक्ष अजहर नदीम, उजैर कुरैशी, प्रदेश के पदाधिकारी असगर अली, गुलाम गौस, इरशाद अली सहित मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित रहे।

### प्रतिभा सम्मान समारोह 14 को

रायपुर। अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति छत्तीसगढ़ द्वारा 14 जुलाई को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में शाम 4 बजे से प्रारंभ होगा। इस कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के ऐसे बच्चे, जो इस सत्र के 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं, उनका सम्मान किया जाएगा। ऐसे बच्चों के माता-पिता पदाधिकारियों के नंबर पर संपर्क कर निशुल्क रजिस्ट्रेशन तत्काल करा सकते हैं। यह जानकारी समाज के अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाकर एवं कार्यक्रम में उपस्थिति प्रदान कर बच्चों को प्रोत्साहित करें। रजिस्ट्रेशन के लिए 9827110021, 7049090502 इस नंबर में संपर्क कर सकते हैं।

### आपसी रंजिश के चलते मारपीट

रायपुर। खमतराई थाने में एक युवक ने दो अन्य युवकों तथा



उसके साथियों के खिलाफ आपसी रंजिश के चलते मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, डब्लूआरएस कालोनी निवासी अमन चौहान ने आकाश यादव, प्रकाश तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। अमन ने पुलिस को बताया कि पुरानी रंजिश के चलते आकाश तथा उसके साथियों ने रास्ते में रोककर उससे मारपीट की।

## निधन

### चंद्रा देवी जेवानी

रायपुर। ईदगाहभाठा लाखेनगर



निवासी चंद्रा देवी जेवानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 8 जुलाई को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे हीरानंद, परसराम एवं अमरलाल जेवानी की माता थीं।

# पहले दिन असर कम, सीमांकन-नामांतरण सहित कई काम अटके, पर पुराने प्रकरणों पर हुई सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पटवारियों की हड़ताल के पहले दिन से ही प्रदेशभर के जिलों में कलेक्टोरेट व तहसील कार्यालयों में कामकाज पर असर कम पड़ा। सीमांकन, नामांतरण, बटांकन, नक्शा सुधार से लेकर अन्य राजस्व संबंधी कई कामकाज प्रभावित जुरूर हुए, लेकिन कलेक्टोरेट व तहसील कार्यालयों में चल रहे पुराने प्रकरणों पर इसका असर कम देखा गया। पुराने कई प्रकरणों में पटवारियों का काम पूरा कर चुके हैं। इसके कारण सुनवाई में हड़ताल का असर ज्यादा नहीं पड़ा। हालांकि आगामी दिनों में भी हड़ताल जारी रहेगी तो इससे आम आदमी की दिक्कतें जरूर बढ़ेगी।

## पटवारी हड़ताल का पहला दिन होने के कारण इसका असर ज्यादा नहीं पड़ा

### कलेक्टोरेट में राजस्व संबंधी प्रकरणों पर भी कम असर

कलेक्टोरेट में भी हड़ताल का पहला दिन होने के कारण ज्यादा असर नहीं पड़ा। राजस्व संबंधी प्रकरणों की सुनवाई होते रही। अपर कलेक्टर राजस्व कीर्तिमान सिंह राठौर ने बताया कि पटवारियों की हड़ताल का पहला दिन होने के कारण इसका असर राजस्व प्रकरणों पर नहीं पड़ा, लेकिन हड़ताल जारी रहेगी तो आगे कामकाज जरूर प्रभावित होगा।




### रजिस्ट्री पर आगामी दिनों में पड़ेगा असर

पटवारियों के हड़ताल के कारण रजिस्ट्री पर भी पड़ेगा। हालांकि पहला दिन होने के कारण इसका असर नहीं पड़ा। उप पंजीयक मंजुशा मिश्रा ने बताया कि पटवारियों के हड़ताल के कारण फिलहाल सप्ताहभर तक प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि रजिस्ट्री कराने वाले ऑनलाइन आवेदन कर टोकन ले चुके हैं, लेकिन आगामी दिनों में हड़ताल के कारण असर जरूर पड़ेगा। प्रॉपर्टी की खरीदी-बिक्री से पहले कई दस्तावेजों को कम्प्लीट करने में पटवारियों की जरूरत पड़ती हैं। इन दस्तावेजों के बिना ऑनलाइन आवेदन भी नहीं हो पाएगा।

### रायपुर तहसील में दिखा कम असर

पटवारियों के हड़ताल का असर रायपुर तहसील कार्यालय में कम दिखा। अतिरिक्त तहसीलदार पवन कोसमा ने बताया कि पटवारियों की हड़ताल के कारण सीमांकन, नामांतरण, नक्शा सुधार सहित अन्य कई काम जरूर नहीं हो पाए, लेकिन हड़ताल का पहला दिन होने के कारण इसका असर ज्यादा नहीं पड़ा। आम आदमी को पटवारियों की हड़ताल की खबर पहले से थी, इसलिए इससे संबंधित कामकाज कराने के लिए लोग भी तहसील कम पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि हड़ताल का पुराने प्रकरणों की सुनवाई पर नहीं पड़ा है। दिनभर तहसील कोर्ट में सुनवाई हुई है। हालांकि हड़ताल अगर आगे भी जारी रहेगी तो सुनवाई पर भी इसका असर पड़ेगा।

## घटना के दो दिन पूर्व विशाल रायपुर पहुंच गया था

# युवती की हत्या करने के बाद पुष्टि के लिए दो बार होटल के कमरे में आया था आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

गंज थाना क्षेत्र में दो दिनों पूर्व बेबीलॉन होटल में वाणी गोयल की हत्या कर विशाल गर्ग द्वारा खुदकुशी करने के मामले की पुलिस पड़ताल में जुटी हुई है। पूछताछ में पुलिस के सामने जो तथ्य सामने आए हैं, उसके मुताबिक विशाल के शनिवार शाम चार बजे के आसपास वाणी की हत्या करने की आशंका है। पुलिस को होटल से जो सीसीटीवी फूटेज मिला है, उसमें विशाल एक बार जिस ड्रेस में निकलता दिख रहा है, वापस आते समय उसका ड्रेस बदल गया था। इसी आधार पर पुलिस युवती की हत्या शाम चार बजे के आसपास होने की आशंका व्यक्त कर रही है।

गौरतलब है, बेबीलॉन होटल में पुलिस को वाणी की लाश सुबह 11 बजे मिली। युवती जिस कमरा 416 नंबर में रुकी थी, उस कमरा को खुलवाने पुलिस तथा मृतका के परिजनों को काफी मशक्कत करनी पड़ी थी। इस वजह से पुलिस को युवती की हत्या होने की जानकारी एक दिन देर से मिली। वाणी की हत्या शनिवार को कर दी गई थी।


### होटल के बाहर युवती के आने का इंतजार

विशाल शनिवार को दोपहर 12 से सवा 12 बजे के बीच होटल बेबीलॉन के पास पहुंचा और वह होटल के बाहर वाणी के आने का इंतजार करने लगा। वाणी डेढ़ बजे के करीब होटल पहुंची। इसके बाद वाणी और विशाल होटल के अंदर दाखिल हुए। पुलिस को दोनों के होटल के अंदर एक साथ दाखिल होने के जो सीसीटीवी फूटेज मिला है, वह दोपहर एक बजकर 40 मिनट का है।


पेशे से सीए के साथ शेफ का कोर्स कर रही थी युवती
स्टार होटल में हत्या, युवती को मारकर युवक ट्रेन से कटा, परिजनों ने की तोड़फोड़

### युवती ने ऑनलाइन कमरा बुक कराया था

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक वाणी ने ऑनलाइन पेमेंट कर होटल बुक कराया था। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक वाणी, विशाल को पसंद नहीं करती थी। ऐसी स्थिति में होटल में वाणी ने क्यों कमरा बुक कराया, इस बात को लेकर पुलिस कई तरह के कयास लगा रही है।



### भाई से कहा था कुछ करके आऊंगा

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक पांच जुलाई को विशाल जब रायपुर के लिए निकला तो उसने अपने भाई से कहा था कि वह या तो वाणी को अपने साथ लेकर आएगा, वाणी को साथ नहीं ला पाने की स्थिति में कुछ करके लौटेगा। पुलिस के अनुसार वाणी को हासिल नहीं कर पाने की स्थिति में विशाल ने उसकी हत्या करने की नीयत से सूरजपुर से निकला था।

### पुष्टि करने दो बार होटल के रूम में गया

पुलिस के अनुसार होटल के रूम में दाखिल होने के बाद विशाल शाम चार बजे के करीब होटल से बाहर निकलता है और अपनी दीदी के घर पहुंचता है। वहां से वह 15 मिनट में ड्रेस बदलकर पुनः होटल पहुंचता है। होटल पहुंचने के बाद पुनः 10 मिनट के बाद होटल से बाहर निकल जाता है, 20 मिनट के बाद विशाल पुनः होटल पहुंचता है। पुलिस को आशंका है कि वाणी मरी है या नहीं, इस बात की पुष्टि करने विशाल दो बार होटल में कमरे के अंदर जाता है। युवती की मौत होने की पुष्टि होने के बाद विशाल दोबारा होटल नहीं आता है।

### चेहरे, हाथ में चोट के निशान

युवती के चेहरे तथा शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले हैं। पुलिस के अनुसार मारने के पहले विशाल तथा वाणी के बीच जमकर संघर्ष हुआ है। युवती ने शोर मचाने की कोशिश की। शोर मचाने पर विशाल ने युवती का मुंह दबाकर उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी। युवती के गले में चाकू के खरोंच के निशान भी मिले हैं।

### दो दिन पूर्व रायपुर पहुंचा

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक घटना दिनांक के दो दिन पूर्व विशाल रायपुर आ गया था। शिवानंद नगर में रहने वाली विशाल की दीदी को उसके आने की जानकारी नहीं थी। विशाल से उसकी दीदी ने रायपुर आने का कारण पूछा, तो विशाल ने अपने निजी काम से रायपुर आने की जानकारी अपनी दीदी को दी।

# अब दो पालियों में शहर की सड़कों से मवेशी पकड़ेगी काऊकैचर की टीम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम का काउकैचर दस्ता अब दो पाली में निगम क्षेत्र के प्रमुख व रिहाइशी इलाकों की सड़कों को मवेशियों के झुंड से सुरक्षित रखने धरपकड़ अभियान चलायेगा। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में प्रतिदिन सुबह 6 बजे से काउकेचर टीम को एक्टिव रखने निर्देश दिये हैं। इस कार्य की मानिटरिंग करने अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता को नोडल अधिकारी और उपायुक्त हेमशंकर देशलहरा तथा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही को सहायक नोडल अधिकारी बनाया है।

- निगम क्षेत्र की सड़कों को मवेशियों के झुंड से मुक्त कराने नोडल और सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

रायपुर नगर निगम के 10 जोनों में अब जोन स्तर पर शहर की सड़कों पर यातायात बाधित कर रहे मवेशियों की धरपकड़ कर गोठान और कांजी हाउस भेजा जायेगा। कैटल केचमेंट क्षेत्र और सड़कों को मवेशियों से मुक्त करने निगम प्रशासन नियमित रूप से दो पालियों अभियान चलायेगा।

बारिश के सीजन में शहर की सड़कों पर मवेशियों के जमावड़ा होने और मवेशियों की धरपकड़ का अभियान धीमा होने से रोड एक्सीडेंट का खतरा बना रहता है। पुरानी बस्ती, लाखेनगर, आमापारा, शास्त्री बाजार, मालवीय रोड, एमजी रोड, गोलबाजार, कुशालपुर, रिंग रोड सहित अन्य क्षेत्रों में खुले में मंडरा रहे मवेशियों के झुंड से शहरवासी त्रस्त रहे हैं। इस संबंध में भुक्तभोगी जोन दफ्तर से लेकर निगम मुख्यालय और निदान 1100 सहित निगम के चैटबोट नंबर पर शिकायत करते रहे हैं। इसके बावजूद मवेशियों की धरपकड़ में तेजी नहीं आने से लोग परेशान रहे।

# जीएम का सख्त निर्देश, विकास कार्य में विलंब नहीं करेंगे बर्दाश्त, फंड की कमी नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेल की महाप्रबंधक नीनु इटियेरा ने दो दिनों तक रेलवे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान जीएम ने मंडल के उच्च अधिकारियों के साथ रेलकर्मियों को सेफ्टी में सतर्कता बरतने पर विशेष जोर दिया है। इसके अलावा अृमत भारत योजना के तहत स्टेशनों में चल रहे विकास कार्यों को लेकर सख्त निर्देशित किया है कि तक समय पर कार्यों को पूरा करना है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा है कि फंड की कोई कमी नहीं है। किसी भी चीज की आवश्कता होने पर मांग की जाए। जीएम ने कांट्रेक्टरों से गुणवत्ता में लापरवाही करने वालों पर तत्काल कार्रवाई करने को कहा है। जीएम के दौरे में मंडल का रेल अमला व्यवस्था को दुरुस्त करने में जुटा रहा। स्टेशन में सभी को नियमों का पालन करने सख्त निर्देश दिए गए थे। निरीक्षण में डीआरएम संजीव कुमार, मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति) एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक आशीष मिश्रा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी सहित रायपुर रेल मंडल के वरिष्ठ अधिकारी व पर्यवेक्षक मौजूद रहे।

- जीएम नीनु इटियेरा ने दो दिनों तक किया विकास कार्यों का निरीक्षण

### स्थानीय लोगों से की बातचीत

ताड़ोकी से रावघाट परियोजना का कार्य प्रगति पर है। महाप्रबंधक ने इस परियोजना से जुड़े सभी पहलुओं का गहन अध्ययन करते हुए दल्लीराजहरा, अंतागढ़, भिलाई व तड़ोकी स्टेशन में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया गया। दल्लीराजहरा स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे री डेवलपमेंट काम का निरीक्षण किया उन्होंने कार्यों के ले-आउट प्लान का अवलोकन भी किया साथ ही छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स, व्यापारी संघ व पार्षद सहित स्थानीय लोगों से मुलाकात की एवं ज्ञापन सौंपा।

दोनों महकमे के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने किया सर्वे

# आरडीए के 1200 करोड़ के आधा दर्जन प्रोजेक्ट को नगर निगम लेगा हैंडओवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर विकास प्राधिकरण के आधा दर्जन प्रोजेक्ट दशकभर बाद भी नगर निगम को हैंडओवर नहीं हो पाये। इसके कारण संबंधित कालोनियों के रहवासियों को नगर निगम से मूलभूत सुविधा मिलने में दिक्कत हो रही है। इस बात को ध्यान में रखते हुए आरडीए और नगर निगम के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने संबंधित क्षेत्र के स्पॉट सर्वे का काम पूरा कर लिया है। इसमें प्राधिकरण द्वारा 1600 एकड़ में विकसित कौशिल्या विहार, इंद्रप्रस्थ रायपुरा में निर्मित 3500 फ्लैट और 300 मकान, बोरियाकला में बनाये गये 1800 आवास वाला प्रोजेक्ट और हीरापुर में रायपुर विकास प्राधिकरण निर्मित 800 बहुमंजिला फ्लैट वाली आवासयी कालोनी शामिल है।

- जोन 10 कमिश्नरी हेडआफिस को अब प्रपोजल बनाकर देगा

नगर निगम और रायपुर विकास प्राधिकरण के बीच 1200 करोड़ के आधा दर्जन फंसे हैं। आरडीए ने इन प्रोजेक्ट को अब तक रायपुर नगर निगम को हैंडओवर नहीं किया है। प्राधिकरण ने



इन आधा दर्जन प्रोजेक्ट को अब नगर निगम को सौंपने पूरी तैयारी कर रखी है। इसके लिए नगर निगम और रायपुर विकास प्राधिकरण के 4-4 अफसरों की संयुक्त समिति बनाई गई है। इस समिति ने कौशिल्या विहार के 15 सेक्टर और इंद्रप्रस्थ रायपुरा की आवासीय कालोनी का संयुक्त सर्वे का काम पूरा किया है। अधिकारियों की इस संबंध में बैठक होने के बाद नगर निगम जोन 10 कमिश्नरी आरडीए इन संबंधित कालोनियों में जाकर वहां के सड़क की स्थिति, स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था, उद्यानों की माली हालत, गंदे पानी के शुद्धिकरण के लिए स्थापित एसटीपी और रहवासी आवासों की मरम्मत में होने वाले खर्च को लेकर प्रस्ताव बनाकर निगम मुख्यालय को सौंपेगा।

### प्रोजेक्ट हैंडओवर को लेकर अधिकारियों का ये है कहना

**प्रक्रिया में है ..**

कौशिल्या विहार और इंद्रप्रस्थ रायपुरा सहित आधा दर्जन आवासीय कालोनी को नगरनिगम में हैंडओवर लेने प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए नगर निगम और आरडीए के अधिकारियों की संयुक्त समिति की बैठक हो गई है। जोन 10 इस संबंध में प्रस्ताव बनाकर निगम मुख्यालय को सौंपने वाला है। इसके बाद इस पर निर्णय लिया जायेगा।

*- राजेश शर्मा, अधीक्षण अभियंता नगर निगम और ज्वाइंट कमेटी के सदस्य*

**हम तैयार हैं ..**

नगर निगम रायपुर को हम अपने आधा दर्जन प्रोजेक्ट को हैंडओवर करने के लिए तैयार हैं। सभी प्रोजेक्ट का निरीक्षण कराया गया है, दोनों विभागों के बीच बैठक भी हो चुकी है।

*- अनिल गुप्ता, अधीक्षण अभियंता रायपुर विकास प्राधिकरण*

**प्रस्ताव बना रहे**

कौशिल्या विहार और इंद्रप्रस्थ रायपुरा के आवासीय कालोनी में स्ट्रीट लाइट की वर्तमान स्थिति, सड़क मरम्मत में होने वाले खर्च, उद्यान में होने वाले आवश्यक कार्य का स्थल पर आकलन कर प्रस्ताव बना रहे हैं। आरडीए से कितनी राशि लेना है, इसका डिमांड नोट तैयार कर दिया जायेगा। इसके बाद दोनों विभाग के अधिकारियों की एक बैठक और होगी। फिर एमआईसी की बैठक में प्रस्ताव मंजूरी के लिए जाएगा।

*- रमेश जायसवाल, जोन कमिश्नर, क्रमांक 10, ननि रायपुर*

## पेज 09 के शेष ...

### जुलाई में शादियों के...

में रौनक कम है। सराफा कारोबार तो ठीक-ठाक चला, लेकिन कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स, बर्तन और अन्य बाजार में कारोबार उतना नहीं हुआ है। ये बात जरूर है कि होटल, मैरिज हॉल इस माह होने वाली शादियों के लिए पहले से बुक हो गए हैं। इस साल जनवरी से लेकर अप्रैल चार माह तक शादियों के थोक में मुहूर्त रहे हैं। इसमें तो कारोबारियों की जमकर कमाई हुई, लेकिन अक्षय तृतीया के बाद मुहूर्त न होने के कारण बाजार में खरीदारी नहीं हुई। शादियों से जुड़े हर सेक्टर के कारोबारियों में इस बात को लेकर निराशा रही है कि इस बार उनकी कमाई मारी गई।

### रानू को सुप्रीम...

समय से जेल में बंद है। बचाव पक्ष के वकील फैजल रिजवी के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत के लिए दो लाइन का आर्डर लिखा है।

### ऑर्डर पर हर दिन...

दिन जिलेभर में ट्रैक्टरट्रॉली व हाईवा मिलाकर सौ से अधिक गाड़ी से रेत की सप्लाई की जा रही है। इधर विभाग भी बारिश होने के बाद से खदानों का औचक निरीक्षण करना तो दूर, रूटीग जांच कराना तक बंद कर दिया है, जिसका फायदा माफिया अवैध भंडारण की रेत बेचकर उठा रहे हैं।

**डंप रेत बेचने में कमीशन का खेल :** नाम नहीं छापने की शर्त पर रेत हाईवा संघ के एक सदस्य ने बताया कि नदी से अवैध रेत का उत्खनन से लेकर परिवहन तथा अवैध भंडारण में कमीशन का खेल चलता है। रेत माफिया से लेकर इसमें खनिज विभाग के अधिकारी, नेता यहां तक गांव के सरपंच-पंच का भी कमीशन बंधा रहता है। प्रतिबंध के पूर्व जगह-जगह रेत का अवैध भंडारण किया गया था, उसी रेत को अब महंगी कीमत पर बेचा जा रहा है। विभाग को इसकी पूरी जानकारी है, फिर भी कार्रवाई नहीं होती है।

### पटवारियों के बाद तहसीलदार...

पदाधिकारी मंगलवार को मुख्य सचिव अमिताभ जैन से मिलकर ज्ञापन सौंपेंगे। छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के पदाधिकारियों ने पिछले दिनों वीडियो कांफ्रेंसिग के माध्यम से प्रदेश भर के तहसीलदार और नायब तहसीलदारों के साथ बैठक कर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। किसी भी प्रकार की अघोषित व्यवस्था या बंगारी की अपेक्षा को सहयोग नहीं किया जाएगा। बहुत से काम ऐसे हैं जिसके लिए इंटरनेट और कम्प्यूटर/लैपटॉप की जरुरत है। अब तक यह व्यवस्था निजी तौर पर कर के कार्य संपादित हो रहे थे, लेकिन अब ये काम निजी तौर पर नहीं होंगे। इंटरनेट कनेक्टिविटी उसकी बिलिंग तथा लैपटॉप या डेस्कटॉप की उपलब्धता सरकार को देनी होगी। साथ ही राजस्व कोर्ट में सुरक्षा न होने पर तहसीलदारों से मारपीट की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। वहां सुरक्षा न होने के कारण अराजक तत्वों द्वारा कार्य में व्यवधान पैदा किया जाता है। झलप की घटना को लेकर भी संघ में काफी आक्रोश है। साथ ही संघ ने रिक्त पदों पर पदोन्नति, वेतन विसंगति, सहित कई मांगों को लेकर यह निर्णय लेने वाले हैं।

**यह है मामला:** छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ बैठक धमतरी में एसीबी की कार्यवाही के बाद हुई है। विगत 5 जुलाई को धमतरी में एसीबी ने नायब तहसीलदार झीरसागर बघेल को कथित रूप से रिश्वत लेते गिरफ़्तार किया है। सूत्रों के अनुसार इस कार्यवाही को लेकर बताया गया है कि नायब तहसीलदार के पास संबंधित व्यक्ति के दो प्रकरण थे, इनमें से एक को पहले ही निरस्त कर दिया गया था और दूसरे में अपेक्षित कार्यवाही ही संभव नहीं थी। इसे स्पष्ट रुप से कथित पीड़ित पक्षकार को बता दिया गया था। जो पैसे बतौर रिश्वत में बरामदगी की बात कही जा रही है, वह पैसे जबरन टेबल में रखे गए थे। वहीं कल ही झलप में एक तहसीलदार से मारपीट के मामले को भी संघ ने गंभीरता से लिया है।


**//आम सूचना//**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 4202 दिनांक 08/07/24 के द्वारा अटल विहार योजनांर्गत आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) में एल.आई.जी. स्वतंत्र भवन क्रमांक 95, श्री जाहिद रजा गोरी पिता श्री मोहम्मद शकील गोरी पता- वार्ड कमांक 08, श्याम बाजार, आरंग थाना व तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) कार्यालय छ.ग. गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-05, रायपुर के आबंटन पत्र क्रमांक 2530 दिनांक 05.08.2017 के माध्यम से स्व-वित्तीय / पूर्ण मूल्य आधार/भाडाकय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा भवन के मद में पूर्ण राशि जमा करने के उपरांत दिनांक 05.04.2018 को उपपंजीयन कार्यालय से लीजडीड (पट्टा विलेख) का निष्पादन करा लिया गया है, एवं पत्र क्रमांक 1569 दिनांक 03.05.2018 के माध्यम से आधिपत्य आदेश प्राप्त किया जा चुका है। वर्तमान में आंबटी श्री जाहिद रजा गोरी पिता श्री मोहम्मद शकील गोरी पता :- वार्ड क्रमांक 08, श्याम बाजार, आरंग थाना व तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा क्रेता श्रीमती पार्वती शर्मा पति श्री कपिल नारायण शर्मा, पताः- वार्ड क्रमांक 01, रामसागर पारा, पिथौरा थाना व तहसील पिथौरा जिला महासमुंद (छ.ग.) को चुकता राशि रुपये 9,11,000/- (अक्षरी नौ लाख ग्यारह हजार रुपये मात्र) में सौदा कर विक्रय करने हेतु आवेदन पत्र, विक्रय इकरारनामा एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन को क्रेता श्रीमती पार्वती शर्मा पति श्री कपिल नारायण शर्मा के नाम पर विक्रय हेतु "विक्रय अनुमति/अनापत्ति" पत्र जारी किया जाना है।

अतः अटल विहार योजनांर्गत आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित एल.आई.जी. स्वतंत्र भवन क्रमांक 95, को विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना,
नवा रायपुर, अटल नगर जिला-रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार धरसीवा**
**मामले की श्रेणीः राजस्व**

**संदर्भ :-** जिला - रायपुर तहसील - धरसीवा प.ह.न. - 00011 तर्रा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. RD202324440714200020

**ईश्तहार**

तहसील धरसीवा के प.ह.न. 00011 के अंतर्गत ग्राम तर्रा के वर्तमान भूमिस्वामी श्री रमन कुमार गोयल पिता/पति-श्री सुरेश कुमार गोयल पता- राजीव नगर रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 305/4(0.0920) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सत्यबन अग्रवाल पिता/पति- गीताराम अग्रवाल पता- सेक्टर 2 बालाजी स्कूल गली देवेन्द्रनगर रायपुर, माधवप्रसाद अग्रवाल पिता/पति - गीताराम अग्रवाल पता-सेक्टर 2 बालाजी स्कूल गली देवेन्द्र नगर रायपुर के नाम पर पंजीयन / फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 25/07/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार धरसीवा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/07/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार
उप तहसील सारागांव
जिला रायपुर (छ.ग.)

**राजस्व मामले में नोटिस**
**मामले की श्रेणीः राजस्व**

न्यायालय जिला - रायपुर तहसील मंदिर हसौद प.ह.न. 00021 पलौद ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD2023244402005700021
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- विजय चंद्राकर पिता/पति- शिवकुमार पता-सा देह, लक्ष्मी पिता/पति स्व. अजय कुमार चंद्राकर पता-सा. देह ना.बा. कृष पिता/पति स्व. अजय कुमार चंद्राकर पता-सा. देह, भुवनेश्वरी पिता/पति शिव चंद्राकर पता-सा देह राकेश चंद्राकर पिता/पति शिवकुमार पता-सा देह अनावेदक पक्षकार- विजय चंद्राकर पिता/पति शिवकुमार पता-सा देह, भुवनेश्वरी पिता/पति शिव चंद्राकर पता-सा देह, अजय कुमार पिता/पति शिवकुमार पता-सा देह, राकेश चंद्राकर पिता/पति शिवकुमार पता - सा देह

**भूमि का विवरण जिसके संबंध में प्रकरण विचारधीन है**

तहसील मंदिर हसौद के प.ह.न. 00021 के अंतर्गत ग्राम पलौद के भूमिस्वामी विजय चंद्राकर पिता/पति शिवकुमार पता-सा देह, भुवनेश्वरी पिता/पति शिवकुमार पता-सा देह, अजय कुमार पिता/पति शिव चंद्राकर पता-सा देह, राकेश चंद्राकर पिता/पति शिवकुमार पता-सा देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 2285 ( 0.1300), 2364 (0.1200), 2377(0.3900), 1149/1 (0.2000) में नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12/07/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय पर की जावेगी।
आप अपना पक्ष प्रकरण को आगामी सुनवाई तिथिके पूर्व या सुनवाई के समय स्वयं/अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि को प्रकरण में सुनवाई उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
नोटिस दिनांक 21/06/2024 नोटिस क्रमांक ................

राजस्व अधिकारी Raj kumar sahu
पदनाम-तहसीलदार

## खबर संक्षेप



### देवपुरी के शिव मंदिर में पूजा के बाद किया पौधारोपण

**रायपुर।** वर्धमान नगर विकास समिति और आमा तालाब विकास एवं संरक्षण समिति, देवपुरी के संयुक्त तत्वाधान में देवपुरी में पौधा रोपण किया गया। रथयात्रा के मौके पर कालोनी के उद्यान स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना की गई। इसके बाद समिति से जुड़े लोगों ने गणमान्य नागरिकों के साथ रूद्राक्ष, लाल चंदन, पारिजात, कचनार सहित विविध प्रजाति के 111 पौधों का रोपण किया। इसके साथ ही पौधों सुरक्षा की दृष्टि से ट्री गार्ड लगाया गया। पौधारोपण के कार्यक्रम में पर्यावरण प्रेमी हिरेंद्र देवांगन, एनआर नायडू, केके सिंह, पीके साहू, पीएल नायक, आईपी खटीक, हरदीप कौर, ऋषि बारले, चंपा देवांगन, विवेक वर्धन, आरएन शर्मा, उदय पाल जादौन, जिया उल हक, नीरज तिवारी, संदीप राठी,राम पटले सहित वार्ड के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### शिवसेना ने जलाया गो तस्करों का पुतला



**रायपुर।** शिवसेना (शिंदे गुट) रायपुर जिला इकाई द्वारा लगातार बढ़ रही गो तस्करी के विरोध में अभनपुर बस स्टैंड में गो तस्करों का पुतला दहन किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष नरेंद्र प्रजापति ने बताया कि प्रदेश में लगातार गो तस्करी बढ़ रही है और ये गो तस्कर सोशल मीडिया में भी सक्रिय हैं। प्रदेश में सक्रिय गो तस्करों का पुतला जलाकर उन्हे समझाइश दी गई कि तस्करी छोड़ दो। पुतला दहन में मुख्य रूप से संजय सोनकर, किशन साहू, संजू साहू, सतीश निषाद, सोनू ठाकुर, राज फरिकार, भोला साहू, तुषार साहू, तरुण दौडेकर, मोनू निषाद, चांद यादव सहित बड़ी संख्या मे शिवसैनिक उपस्थित रहे।

# नई टिकट स्कीम से 24 घंटे में यात्रियों को मिल सकेगा रिफंड, नहीं करना होगा इंतजार


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय रेलवे में इन दिनों ज्यादातर यात्रियों की समस्या लगातार ट्रेन रद्द और फिर टिकट का रिफंड मिलने में देर बनी हुई है। यात्रियों की शिकायत रहती है कि उन्हें समय पर रिफंड नहीं मिलता। अपने पैसे के लिए कभी 3 दिन तो कभी सप्ताहभर का भी लंबा इंतजार करना पड़ता है। रेलवे ने यात्रियों की इस समस्या को अब खत्म करने का मन बना लिया है। जल्द ही टिकट रिफंड स्कीम लागू होगी, जिसमें यात्रियों को 24 घंटे के भीतर ही रिफंड मिल पाएगा। रेलवे लोकसभा चुनाव के बाद 100 दिन का एजेंडा तैयार कर लिया है, जिसमें रेलवे का जोर ज्यादा से ज्यादा ऐसी सुविधाएं प्रदान करना है, जिससे यात्रियों का सफर और बेहतर बन सके। एजेंडा में 24 घंटे टिकट रिफंड स्कीम, कॉम्प्रिहेंसिव सुपर ऐप, स्लीपर वंदे भारत ट्रेन और तीन इकोनॉमिक कॉरिडोर शामिल हैं। जोन के रेलवे अफसरों का कहना है कि नई स्कीम से टिकट कैंसिल करने और रिफंड में तेजी हो जाएगी। इस स्कीम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि यात्रियों को 24 घंटे के भीतर में टिकट रिफंड के पैसे मिल जाएं।

## वर्तमान में पैसे वापस आने में 3 दिन से एक सप्ताह तक का लग जाता है समय

### टीडीआर रिफंड प्रक्रिया से आएगी तेजी

रेलवे में टिकट डिपॉजिट रिसीप्ट, टीडीआर के कई मामले सामने आते रहते हैं। यदि यात्री कंफर्म टिकट को रद्द करवाना चाहते हैं, तो चार घंटे पहले टिकट काउंटर पर ही फार्म भरकर रिफंड मिल जाता है। यदि वेटिंग टिकट है तो आधा घंटा पहले भी आपको टिकट काउंटर से रिफंड मिल जाता है और ऑनलाइन टिकट के लिए कंप्यूटर से ही टिकट रद करा सकते हैं, लेकिन कहीं रेल हादसा हो गया है और यात्री प्लेटफॉर्म पर ट्रेन का इंतजार कर रहा है, तो ऐसे में चार्ट बन चुके होते हैं तो आपके लिए टीडीआर ही रिफंड का विकल्प है। इसके अलावा किसी आंदोलन के चलते ट्रेनों को रद्द कर दिया या फिर उनका रूट बदल दिया गया और यात्री टिकट का रिफंड लेना चाहता है तो टीडीआर भरना पड़ता है। पूरी प्रक्रिया में तीन दिन से अधिक समय लग जाता है। नई सिस्टम से रिफंड एक दिन में मिलेगा।



**भारतीय रेलवे के 100 दिन के एजेंडा में नई टिकट स्कीम भी शामिल जल्द मिलेगी सुविधा**

### सुपर ऐप भी करेगा कमाल

रेलवे की तरफ से एक सुपर ऐप भी लॉन्च करने की तैयारी है, जिसमें यात्रियों के लिए टिकट बुकिंग से लेकर ट्रेनों की लाइव लोकेशन देखने तक की सारी सुविधाएं एक ही जगह उपलब्ध रहेंगी। रेलवे के 100 दिन के एजेंडा में सभी यात्रियों के लिए एक बीमा योजना को पेश करना भी शामिल है जिसका नाम पीएम रेल यात्री बीमा योजना होगा।रेलवे के कायाकल्प की इस योजना में रेलवे को आधुनिक विश्व स्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित करने के लिए अगले पांच वर्षों में 10 से 12 लाख करोड़ रुपये का निवेश शामिल है।

### प्रयास जारी

हमारा प्रयास रहता है कि यात्रियों को कम समय में रिफंड मिल सके। रिफंड स्कीम को लेकर वर्तमान में पत्र नहीं मिला है। जानकारी मिलने से सूचित किया जाएगा।

- **विकास कश्यप,** सीपीआरओ

## परसुलीडीह कॉलोनी के 600 मकानों में पानी रोज आपूर्ति का मामला

# हाउसिंग बोर्ड में पानी कैसे पहुंचा इसकी जांच नहीं, जल कर वसूलने में कोताही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी परसुलीडीह का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। भीषण गर्मी में पानी की किल्लत होने पर कॉलोनी के लोग जब अप्रैल में जोन कार्यालय शिकायत करने पहुंचे, तब निगम को गड़बड़ी का पता चला था। इसके बाद कॉलोनी की जांच कराने और वहां रोज कितने पानी की आपूर्ति की जाती रही, इसके लिए एग्रीमेंट हुआ या नहीं, इसका पता लगाने और डिमांड तैयार करने में ही जिम्मेदार टाल-मटोल करने में लगे हैं। इससे टैक्स वसूली की प्रक्रिया अटक गई है। राजधानी में लोग नल की धार पतली होने, पेयजल की समस्या को लेकर टैक्स देने के बाद भी गर्मी में निगम को कोस रहे थे। इनमें सड्डू, मोवा और दलदल सिवनी क्षेत्र की बस्तियों में रहने वाले परिवार भी शामिल है। दूसरी तरफ विधानसभा और महालेखाकार दफ्तर तक रायपुर निगम द्वारा पेयजल आपूर्ति की जाती है। इसके बाहर परसुलीडीह में भी जोन की सड्डू स्थित पानी टंकी से आपूर्ति होती है। इससे जोन -9 के जिम्मेदार अनजान थे। नया जोन बनने के बाद हाउसिंग बोर्ड से जल प्रदाय के बदले टैक्स नहीं मिल रहा है। पता चला है कि उक्त एरिया 2019 से पहले जोन-2 का हिस्सा था। वहां से इस कॉलोनी का रिकार्ड जोन -2 से जोन -9 में दो महीने बाद भी नहीं पहुंचा है। इससे जल कर वसूलने के लिए जिम्मेदार डिमांड भी नहीं भेज पाए है।

### दोनों से मांगी गई जानकारी

अभी पुराने जोन कार्यालय और हाउसिंग बोर्ड से अनुबंध और टैक्स भुगतान लेने और देने की जानकारी मांगी गई है। अब अगर विलंब किया जाएगा, तो मामले की गंभीरता को देखते हुए हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में पेयजल आपूर्ति बंद की जाएगी।

- **संतोष कुमार पांडेय,** आयुक्त, जोन-9, ननि रायपुर

### मामले में इसलिए फंसा पेच

*परसुलीडीह हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी करीब 10 साल पुरानी है। वहीं निगम द्वारा कराए गए परिसीमन के बाद 2019 में जोन- 2 से यह क्षेत्र अलग होने के बाद जोन -9 में शामिल हुआ। इसके बाद भी कॉलोनी की राजस्व फाइल पुराने जोन में अटकी है। इसे देखते हुए जोन आयुक्त ने पुराने जोन के जिम्मेदारों से कॉलोनी में पानी आपूर्ति के लिए किए गए एग्रीमेंट और पूर्व में लिए गए टैक्स की जानकारी मांगी है। इसे पुराने जोन के जिम्मेदार 2 महीने बाद भी नहीं दे पाए है। यह पेच फंसने से निगम को जल कर नहीं मिल रहा है।*

### स्पाट जांच में मिली जानकारी

*निगम सीमा से बाहर बसी हाउसिंग बोर्ड की परसुलीडीह कॉलोनी में पानी की समस्या हर साल गर्मी में होती है। कॉलोनी में जोन-9 सीमा की सड्डू स्थित टंकी से पानी आपूर्ति होती है। इस कॉलोनी में 600 मकानों में चार लाख लीटर से ज्यादा पानी रोज सप्लाई की जाती है। लेकिन निगम द्वारा इसे नया जोन बनाने के बाद से जल प्रदाय का टैक्स नहीं मिल रहा है। मामले की जांच कराने के बाद निगम हाउसिंग बोर्ड को किस दर से पानी दे रहा है। पुराने जोन कार्यालय से अनुबंध हुआ या नहीं यह रिकार्ड भी खंगाल रहे हैं।*

# पुराने हास्टल की जगह नए अस्पताल भवन के पहुंच मार्ग में कई अड़चन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



आंबेडकर अस्पताल की क्षमता बढ़ाने पुराने हास्टल की जगह बनाए जाने वाले नए भवन तक के पहुंच मार्ग में कई तरह की अड़चन है। भवन निर्माण के पहले इसे दूर करने की हिदायत दी गई है। साथ ही मुख्य मार्ग तक कनेक्टिविटी के लिए वैक्लपिक रास्ते की तलाश करने कहा गया है।

- प्रस्तावित भवन तक आवाजाही का रास्ता संकरा, विकल्प की तलाश

आंबेडकर अस्पताल की क्षमता और संसाधन बढ़ाने के लिए मेडिकल कालेज के पुराने हास्टल स्थल को चयनित किया गया है। सूत्रों के अनुसार भवन निर्माण के लिए हास्टल की जगह तो पर्याप्त है मगर मुख्य सड़क से वहां तक आवाजाही वाले मार्ग में कई तरह की समस्याएं हैं। मरचुरी के सामने से प्रस्तावित स्थल तक पहुंचना काफी दिक्कत बड़ा हैं क्योंकि कई मोड़ वाला यह मार्ग बेहद संकरा है, जिससे एंबुलेंस सहित अन्य वाहनों की आवाजाही में परेशानी हो सकती है। इसके अलावा मार्ग का उपयोग आडोटोरियम, पीजी गर्ल्स और यूजी ब्वायज हास्टल तक आवाजाही के लिए किया जाता है। भवन निर्माण के बाद वहां बढ़ने वाले मरीज और उनके परिजनों की भीड़ परेशानी का कारण बन सकती है, इसलिए भवन निर्माण शुरू करने से पहले नए अस्पताल भवन और मुख्य मार्ग तक पहुंचने के लिए वैकल्पिक रास्ता निकालने पर जोर दिया गया है।

### स्वास्थ्य मंत्री कर चुके निरीक्षण

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने पिछले दिनों अस्पताल के नए भवन निर्माण के लिए प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण भी किया था। उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को ध्यान में रखते हुए निर्माण की प्रक्रिया शुरू करने से पहले कमियों को दूर करने के निर्देश अधिकारियों को दिया था। इस भवन निर्माण की योजना को राज्य शासन द्वारा अपने बजट में स्वीकृत किया था।

### 776 करोड़ की योजना

आंबेडकर अस्पताल की क्षमता बढ़ाने के लिए सात सौ बिस्तर का अस्पताल भवन बनाने के लिए 776 करोड़ की योजना बनाई गई है। यहां सात मंजिला भवन में उपचार की आधुनिक सुविधा जुटाने का दावा किया जा रहा है। अस्पताल भवन में उन विभागों को शिफ्ट किया जाएगा जिनके लिए पुराने भवन के वार्ड छोटे पड़ रहे हैं। इसके अलावा वहां मातृ एवं शिशु चिकित्सालय का अलग सेटअप भी तैयार किया जाएगा।

### सीजीएमएससी को जिम्मेदारी

भवन निर्माण और वहां संसाधन जुटाने का जिम्मा सीजीएमएससी को दिया गया है। उनके द्वारा भवन के ड्राइंग डिजाइन तैयार करने से लेकर भवन बनाने के लिए एजेंसी तय की जाएगी। भवन निर्माण के लिए आवश्यक तैयारियों शीघ्र शुरू किए जाने की संभावना है। इसके लिए पहले जर्जर हो चुके पुराने हास्टल भवन में धराशायी करने का काम पूरा किया जाएगा।

### माचिस नहीं देने पर युवक को पीटा

**रायपुर।** टिकरापारा थाना में एक युवक ने एक अन्य युवक के खिलाफ माचिस देने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, संतोषी नगर निवासी दिलेश्वर ने अंकित भोसले के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। दिलेश्वर ने पुलिस को बताया कि रविवार को वह देर रात खाना खाने की बाद अपने घर के पास टहल रहा था। इसी दौरान अंकित ने उससे सिगरेट पीने माचिस मांगी। माचिस नहीं होने की बात कहने पर अंकित ने दिवेश्वर के साथ मारपीट की।

यूजर चार्ज में संशोधन

## डूमरतराई थोक बाजार की दुकानों को फ्री होल्ड करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर आफ कामर्स के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने यूजर चार्ज में व्यावहारिक संशोधन, थोक बाजार डूमरतराई में निर्मित दुकानों को फ्री होल्ड करने, प्रदेश के पारंपरिक बाजारों को स्मार्ट बाजार में विकसित करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। डूमतराई थोक बाजार में निर्मित दुकानों को फ्री होल्ड करने और प्रदेश पारंपरिक बाजारों को स्मार्ट बाजार में विकसित करने की मांग को छत्तीसगढ़ चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों ने की है। प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव सहित चैंबर के प्रतिनिधिमंडल ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात कर यूजर चार्ज में व्यावहारिक संशोधन, थोक बाजार डूमरतराई के अंतर्गत दुकानों को फ्री होल्ड करने ज्ञापन सौंपा। इस पर विभागीय मंत्री अरुण साव ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए त्वरित कार्यवाही करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

- चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव को सौंपा ज्ञापन

### गाय को ठोकर मारने के विवाद में मारपीट कार में तोड़फोड़

**रायपुर।** आजाद चौक थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से सड़क पर बैठी गाय के घायल होने के बाद आक्रोशित लोगों ने कार चालक का कोतवाली थाने तक पीछा किया। इससे घबराए कार चालक ने कोतवाली में सरेंडर कर अपने आपको बचाया। कार चालक तथा उसके एक अन्य साथी को पुलिस ने लोगों की भीड़ से बचाते हुए आजाद चौक पुलिस के सुपुर्द किया। पुलिस के मुताबिक गो-सेवक प्रीतम साहू ने कार सीजी-04 एचडी-6343 के चालक द्वारा गाय का एक्सीडेंट करने की शिकायत दर्ज कराई है। प्रीतम ने पुलिस को बताया कि घटना दिनांक को टाटीबंध से तेज रफ्तार कार के चालक ने गाय को ठोकर मार दी और मौके से फरार हो गया। इसके बाद लोगों ने कार चालक का बाइक तथा अन्य वाहनों से पीछा किया। कार चालक को लोगों ने कोतवाली थाने से चंद कदम की दूरी पर घेर लिया। लोगों की भीड़ से बचने कार चालक तथा कार सवार एक अन्य युवक कोतवाली थाने के अंदर घुस गए और अपने आपको पुलिस के हवाले किया।



# बिलासपुर में हवाई सुविधा बढ़ाने रायपुर में मार्च, सीएम को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिलासपुर में हवाई सुविधा का विस्तार करने लंबे समय से लड़ाई लड़ रहे जन संघर्ष समिति के सदस्यों ने राजधानी के गांधी मैदान से सीएम हाउस तक रैली नि का ली। उन्होंने एयरपोर्ट के लिए सीमांकन की वजह से अटके भूमि हस्तातंरण सहित तीन सूत्रीय मांग को लेकर मुख्यमंत्री निवास जाकर ज्ञापन सौंपा। जन संघर्ष समिति के बैनर तले बिलासपुर में हवाई सुविधा शुरू करने के लिए लंबे समय से स्थानीय लोग आंदोलन कर रहे हैं।

- गांधी मैदान से सीएम हाउस तक जन संघर्ष समिति ने निकाली रैली

### पांच साल से संघर्षरत

*समिति के सदस्य पिछले पांच साल से बिलासपुर में हवाई सेवा बढ़ाने के लिए अपनी लड़ाई लड़ रहे हैं। बिलासपुर राज्य का दूसरा सबसे प्रमुख शहर है मगर यहां हवाई सुविधा पर्याप्त नहीं है । बिलासपुर से छत्तीसगढ़ के 10 और मध्य प्रदेश के 3 जिले नजदीक है इसके बावजूद हवाई सुविधा में कमी है।*

### सौ से ज्यादा लोग पहुंचे

*हवाई सेवा के विकास के लिए बिलासपुर से करीब सौ लोग सड़क मार्ग से रायपुर पहुंचे। इनमें काफी संख्या में महिलाएं भी शामिल थी। गांधी मैदान में एकत्रित होने के बाद वे बैनर पोस्टर लेकर सीएम हाउस के लिए रवाना हुए। इनमें रामशरण यादव, शेख नजरुद्दीन, सुदीप श्रीवास्तव राजेंद्र शुक्ला, मनोज तिवारी, स्वर्ण शुक्ला, महेश दुबे सहित कई लोग शामिल थे।*

## बिजनेस साइट

### वी-वाय हॉस्पिटल ने अपनी चिकित्सा सेवाओं के 9 साल पूरे किए



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के प्रतिष्ठित वी-वाय मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल ने अपनी चिकित्सा सेवाओं के 9 साल पूरे कर लिए हैं। रथयात्रा पर्व पर हॉस्पिटल ने अपनी वर्षगांठ मनाई। कार्यक्रम में हॉस्पिटल प्रबंधन के मेडिकल व डायरेक्टर डॉ. पुर्णेंदू सक्सेना व डॉ. विष्णु गुप्ता एवं सीईओ डॉ. अनिल कर्णावत ने आने वाले वर्षों में और भी अधिक उन्नत बनाने की जानकारी देते हुए बताया कि वी-वाय हास्पिटल ने अपनी गुणवत्ता, विश्वसनीयता व श्रेष्ठता के लिए जो प्रतिष्ठा प्राप्त की है, उसे और भी अधिक बेहतर बनाने को हम संकल्पित हैं। इसके लिए 'वी-वाय साइरिसा कैंसर केयर यूनिट' कैंसर के मरीजों के इलाज के लिए पूर्णतः समर्पित है, जो कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टर्स के साथ नए उन्नत, अत्याधुनिक विकिरण चिकित्सा विधियों का समावेश कर मरीजों को बेहतर इलाज व सर्जरी की सुविधाए किफायती दरों पर प्रदान कर रहे हैं।

### श्री रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च के तीन वर्ष पूरे



**रायपुर।** परम पूज्य संत शिरोमणि रविशंकर महाराज का पाठ्यक्रम उत्सव एवं श्री रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च नवा रायपुर के तीन वर्ष पूर्ण होने पर स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं परम पूज्य महाराज के समक्ष पुष्पार्पण कर किया गया, तदोपरांत हवन एवं पूजा संपन्न हुई। इसी क्रम में पाठ्यक्रम उत्सव एवं स्थापना दिवस के अवसर पर हॉस्पिटल और कॉलेज परिसर में पदाधिकारियों एवं छात्र - छात्राओं द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम का समापन हॉस्पिटल परिसर में प्रसादी वितरण के साथ किया गया। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. कुंदन ई. गीदम, हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. प्रीति कुंडू, समस्त चिकित्सक, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में कोलंबिया ग्लोबल स्कूल का शानदार प्रदर्शन



**रायपुर।** राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप-2024 का आयोजन मुंबई में किया गया। इस प्रतियोगिता में देशभर के खिलाड़ियों ने अपने राज्य का प्रतिनिधित्व किया। वहीं रायपुर से कोलंबिया ग्लोबल स्कूल के 7 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ दल का प्रतिनिधित्व किया। खिलाड़ियों में साक्षी वर्मा ने 18 से 49 वर्ष, महिला वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान कांस्य पदक प्राप्त किया। कोलंबिया ग्लोबल स्कूल के डायरेक्टर रविंदर सिंह हूरा, प्राचार्य आईवन स्मिथ, जन प्रगति एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष किशोर जादवानी, सचिव हरजीत सिंह हूरा व खिलाड़ियों के योग कोच नामेश कुमार साहू सहित समस्त कोलंबिया प्रबंधन ने खिलाड़ियों की सराहना की।

## स्ट्रीट लाइट बंद होने से शाम होते ही अंधेरे में डूब जाता है मोतीलाल नेहरू वार्ड

# जोन 9 कार्यालय के दरवाजे पर ग्रामीणों के साथ वार्ड पार्षद ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के आउटर में स्थित जोन 9 के पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड में स्ट्रीट लाइट की लचर व्यवस्था और निकास नाली की अनदेखी को लेकर वहां के वार्डवासियों ने वार्ड पार्षद के साथ मोवा स्थित जोन दफ्तर में धरना दिया। पार्षद गोपेश साहू ने जोन कार्यालय के दरवाजे पर ग्रामीणों के साथ धरना देते हुए कहा कि शाम होते ही वार्ड अंधेरे में डूब जाता है। ज्यादातर स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं, शिकायत के बाद भी जोन और निगम के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे। पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड के पार्षद गोपेश साहू ने वार्ड की मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी और जन समस्या को लेकर जोन 9 दफ्तर के सामने वार्डवासियों के साथ जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि खराब सड़कें, जलभराव और वार्ड की ज्यादातर स्ट्रीट लाइटें बंद होने से लोग बेहद परेशान हैं। निकास नाली की समस्या एक अरसे से बनी हुई। इसका समाधान जल्द किया जाये। धरना प्रदर्शन में नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड के पार्षद रोहित साहू ने भी अपनी उपस्थित दर्ज कराई और नागरिकों को होने वाली समस्या के समर्थन में अपनी बात रखी। प्रभावित वार्ड के रहवासियों ने वार्ड पार्षद के साथ जोन 9 कमिश्नर संतोष पांडे को ज्ञापन सौंपा।

- ज्यादातर इलाकों में नाली निर्माण नहीं, सड़क पर बहता है गंदा पानी



### इन इलाकों में है स्ट्रीट लाइट की समस्या

- *राजधानी विहार सड्डू के सामने बंजरपारा बस्ती*
- *शांति सरोवर से कचना मार्ग*
- *रेलवे पटरी से कचना वाला मार्ग*
- *चंडी नगर पहुंच मार्ग*
- *बीएसएनएल आफिस से ऐश्वर्या बिल्डिंग तक*
- *आमासिवनी बस्ती, भवानी नगर*
- *प्रधानमंत्री आवासीय कालोनी सत्यमनगर*
- *भाठापारा एरिया*

### क्रेडा कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

छत्तीसगढ़ राज्य के क्रेडा कर्मचारी नौकरी के अनुबंध पत्र बनाये के विरोध सहित 6 सूत्रीय मांग को लेकर तूता में अनिश्चितकालीन धरना दे रहे हैं। लामबंद कर्मचारियों ने सोमवार को धरना स्थल पर सामूहिक उपवास रखकर शासन का ध्यान अपनी लंबित मांगों के प्रति आकर्षित कराया। प्रदेश के 28 जिलों में सेवाकर्ता के रूप में क्रेडा के अंतर्गत कलेक्टर दर 540 तकनीशियन व हेल्पर कार्यरत हैं, जिनसे नौकरी के नाम अनुबंध कराया जा रहा है। इससे क्रेडा के सेवाकर्ता कर्मचारी नाराज हैं। प्रदेश सचिव भूपेन्द्र साहू का कहना है, अनुबंध पर रोक लगाने और पूर्व में जिनकी नियुक्त संविदा आधार पर हुई उन सभी तकशियनों को संविदा आधार पर वेतन भुगतान किया जाये। विभाग में 2012 से अनियमित कर्मचारियों को नियमित किया गया उसी अनुरूप तकनीशियनों भी नियमित करने की मांग कर रहे हैं। इसके अलावा शासकीय अवकाश का लाभ दिया जाये। वर्तमान में प्रतिमाह कर्मचारियों को 3 हजार यात्रा भत्ता दिया जाये।



02


देवशयनी एकादशी को मौसी के घर...

## लाइव इवेंट

# पढ़ाई संग हॉबी पर करें कार्य शौक को कॅरियर बनाना अच्छा



**रायपुर।** अग्रवाल युवा मंडल व अंजनेय यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वाधान में प्रतिभा सम्मान का आयोजन समता कॉलोनी स्थित अग्रसेन इंटरनेशनल स्कूल में किया गया, जिसमें बोर्ड एग्जाम में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को समाज ने सम्मानित किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने पढ़ाई को लेकर अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के दौरान सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखी। स्पोर्ट्स के साथ समाज की गतिविधियों में हिस्सा लिया, जिससे पढ़ाई को लेकर हमेशा उत्साह बना रहा। प्रचार-प्रसार प्रभारी आयुष मुरारका ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता बॉलीवुड एक्टर भगवान तिवारी बच्चों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने बच्चों से कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ अपनी हॉबी पर कार्य करें। अपनी प्रतिभा को पहचानें और उसमें ही अपना कॅरियर बनाएं। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भी छात्रों का मनोबल बढ़ाया।

### शिक्षा सबसे बड़ा हथियार

वर्ष 2023-24 में कक्षा 10वीं व 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को सांसद द्वारा सम्मानित किया गया। 12 वीं से रिदम केडिया ने 98.6 प्रतिशत लगाकर रायपुर शहर में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। उन्हें प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा सबसे बड़ा हथियार है। इसके दम पर ना सिर्फ स्वयं को बल्कि समाज, परिवार और राष्ट्र को भी उन्नति के शिखर पर लाया जा सकता है। कार्यक्रम में आंजनेय विश्वविद्यालय के कुलपति अभिषेक अग्रवाल, समाज के ईश्वर प्रसाद अग्रवाल, नवल अग्रवाल, मनमोहन अग्रवाल, प्रेम अग्रवाल, किशन अग्रवाल, हनुमान प्रसाद अग्रवाल समेत अन्य उपस्थित रहे।

## आराधना

# आत्महत्या से केवल शरीर छूटता है, साथ जाते हैं कर्म



**रायपुर।** सोमवार को दीर्घ तपस्वी विरागमुनि के श्रीमुख से वॉलफर्ट एनक्लेव-1 में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने प्रवचन का लाभ लिया। रायपुर शहर में चल रहे प्रवचन श्रृंखला के दौरान उन्होंने कहा कि अनादि काल से यह आत्मा दुख में डूबी हुई है। हम सुखी बनने के लिए कब से मेहनत कर रहे हैं, लेकिन सुख मिल ही नहीं रहा है। यह सुख मिल भी नहीं सकता, क्योंकि जब तक आपकी बुद्धि बीच में होगी, सुख नहीं मिलेगा। परमगति में जाना है तो आपको भगवान के तत्वों को समझना होगा। आप अपने जीवन में कितनी भी भौतिक वस्तुओं का उपयोग कर लें जो सुख आपको मिलेगा, वह काल्पनिक रहेगा। पूरी दुनिया में सुख कहीं नहीं है। केवल भगवान के दर्शनों में ही सुख की प्राप्ति है। आज छोटी-छोटी बातों पर व्यक्ति आत्महत्या कर लेता है, आप विचार कीजिए कि हम कितने सहनशील हैं। गुरु भगवंत ने आगे कहा कि धर्म करो, आत्महत्या बहुत बड़ी मूर्खता है। लोग बहुत ही छोटी-छोटी बातों पर आत्महत्या कर लेते हैं। मां-बाप ने बात नहीं मानी, परीक्षा में कम नंबर आने और प्रेम संबंधों जैसी बातों पर लोग हार मान जाते है। आत्महत्या से होगा क्या, आपका दुख और यह शरीर तो छूट जाएगा पर कर्म नहीं छूटेंगे। कर्म आपके साथ जाएंगे और जन्म जन्मांतर तक वह आपका पीछा नहीं छोड़ेंगे।

### भौतिक सुख के लिए हो रहे पाप

*मुनिश्री ने आगे कहा कि हमें जीवन में चार चीजें कभी नहीं करनी चाहिए। पहला अनुकूलता का राग, दूसरा प्रतिकूलता का द्वेष, तीसरा है भविष्य में रोग आदि की चिंता और चौथा है भावांतर में सुख प्राप्ति की इच्छा रखना। उन्होंने आगे बताया कि आज मानव भौतिक सुख प्राप्त करने के लिए ना जाने कितने पाप करता है। वर्तमान में पाप अब पाप लगते नहीं है। अपने सुख के लिए व्यक्ति यह नहीं सोचता कि उसने कितने जीवों की जान ली है, बस वह सुख भोगने में लगा रहता है।*

### झूठ की बढ़ रही सीमाएं

अपने सुख के लिए एक व्यक्ति आज कितना झूठ बोलता है यह तो आप जानते हो, पर आप कुछ नहीं कहते क्योंकि उस झूठ के पीछे आपका सुख भी छिपा हुआ है। आज धन कमाने के लिए लोग ग्राहकों को लुभाने के लिए उन्हें ऑफर देकर अधिकाधिक लाभ कमाने की स्कीम निकालते हैं। पैसा बचाने के लिए टैक्स की चोरी करते हैं और ऐसा करके वे खुद को बहुत चतुर समझते हैं। जैसे-जैसे सुख बढ़ता है, वैसे-वैसे पाप भी बढ़ता जाता है और धर्म घटता जाता है।

## रविवि ने सोमवार को संबद्ध महाविद्यालयों को सौंपी आवेदनकर्ता विद्यार्थियों की सूची

# जारी नहीं होगी तीसरी सूची, रविवि पोर्टल में आवेदन कर सीधे ले सकेंगे कॉलेज में प्रवेश, दूसरी लिस्ट में कटऑफ 60% से नीचे

*महाविद्यालयों में तीसरी मेरिट लिस्ट अब नहीं निकाली जाएगी। छात्र सीधे रविवि के पोर्टल में जाकर आवेदन करने के बाद संबंधित महाविद्यालय में जाकर प्रवेश ले सकते हैं। पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा इस संदर्भ में आदेश जारी कर दिए गए हैं। इसके पहले सोमवार को दूसरी और आखिरी लिस्ट जारी की गई। हालांकि सभी महाविद्यालयों में सूची सोमवार को जारी नहीं की जा सकी।*



### निजी में 50 फीसदी तो शासकीय में 30 प्रतिशत तक सीटें रिक्त

एक छात्रों को पांच विकल्प चयन की छूट देने तथा अधिक अंक वाले छात्रों के नाम सभी पांच महाविद्यालयों में आने के कारण बड़ी कॉलेजों में सीट पहले चरण में कटऑफ अधिक जाने के बाद भी रिक्त है। सर्वोच्च अंक वाले छात्रों के नाम उनके द्वारा चयनित सभी पांच महाविद्यालयों में आए, लेकिन छात्र ने प्रवेश किसी एक ही कॉलेज में लिया। इसके कारण शेष चार महाविद्यालयों की सीटें रिक्त रह गई हैं। विभिन्न कॉलेज प्रबंधन द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, जिले के शासकीय महाविद्यालयों में 50 प्रतिशत तक सीटें रिक्त हैं। इसके अलावा शासकीय महाविद्यालय में भी 30 प्रतिशत तक सीटें ऐसी हैं, जिसमें दूसरे चरण में दाखिले दिए जाएंगे। हालांकि शहर के कुछ शीर्ष निजी महाविद्यालय भी हैं, जहां 50 प्रतिशत से अधिक सीटों पर प्रवेश हो चुका है।

**महंत सहित अधिकतर निजी महाविद्यालयों में लिस्ट जारी**



**रायपुर।** कई महाविद्यालय मंगलवार को दूसरी मेरिट लिस्ट जारी करेंगे। रविवि ने सोमवार को कॉलेजों को आवेदनकर्ता छात्रों की सूची सौंपी। इसके बाद कई कॉलेजों ने स्क्रूटनी देर शाम तक पूरी कर सूची जारी कर दी तो कई कॉलेज आज सूची जारी करेंगे। जिन महाविद्यालयों द्वारा सूची जारी कर दी गई है, उनमें से अधिकतर निजी हैं। शहर के शासकीय महाविद्यालय प्रबंधन के मुताबिक, सोमवार को रविवि द्वारा सूची दोपहर बाद भेजी गई है। इसके कारण इनकी जांच नहीं हो सकी है। तय समय-सारिणी के अनुसार मंगलवार को ही उनके द्वारा प्रवेश योग्य छात्रों के नामों की सूची वेबसाइट पर अपलोड करने के साथ ही नोटिस बोर्ड में चस्पा की जाएगी।



### बीए में कटऑफ प्रथम श्रेणी के नीचे

*सोमवार को महंत महाविद्यालय द्वारा अपनी मेरिट लिस्ट जारी कर दी गई। यहां दूसरी सूची में बीए का कटऑफ 51%, बीकॉम का 58%, बीसीए का 65% तथा बीबीए का 63% रहा है। दुर्गा कॉलेज, साइंस कॉलेज, छत्तीसगढ़ कॉलेज सहित शेष महाविद्यालय आज मेरिट लिस्ट जारी करेंगे। महाविद्यालयों के अंदरुनी सूत्रों के मुताबिक, दूसरी मेरिट लिस्ट में अधिकतर संकायों में कटऑफ 70% से नीचे चला गया है। ऐसे महाविद्यालय जहां बीए-बीकॉम की सीटें अधिक हैं, वहां कटऑफ 60% से नीचे जा रहा है।*



### 19 जुलाई को जारी होनी थी तीसरी सूची

रविवि प्रबंधन द्वारा पूर्व में तय किए गए शेड्यूल के अनुसार, तीसरी मेरिट लिस्ट 19 जुलाई को जारी होनी थी। चूंकि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रवेश प्रक्रिया को अगस्त में ना ले जाकर जुलाई अंत तक ही पूर्ण करने निर्देश दिए गए हैं, इसलिए रविवि ने भी अपने शेड्यूल में बदलाव किया है। रविवि द्वारा महाविद्यालयों को दिए गए दिशा-निर्देश के अनुसार, दूसरी सूची के बाद रिक्त रह गई सीटों पर कॉलेज सीधे ही छात्रों को प्रवेश दे सकेंगे। हालांकि प्रवेश के लिए छात्रों को सर्वप्रथम रविवि की वेबसाइट पर जाकर आवेदन कराना होगा।

### देर शाम मिली सूची

हमें सूची सोमवार शाम मिली है। इनका विश्लेषण करने के बाद सोमवार सुबह 10.30 से 11 बजे के मध्य हम दूसरी मेरिट लिस्ट जारी कर देंगे।

-**डॉ.प्रोतिभा मुखर्जी**, प्राचार्य, दुर्गा महाविद्यालय

### जल्द भरेंगी सीटें

विवि द्वारा प्रवेश संबंधित नियमों में बदलाव से सीटें जल्द भरेंगी। छात्रों को तीसरी सूची तक इंतजार नहीं करना होगा। हम लंबे समय से इसकी मांग कर रहे थे।

-**डॉ.देवाशीष मुखर्जी**, प्राचार्य महंत कॉलेज

### लिस्ट मंगलवार को

तय शेड्यूल के अनुसार दूसरी प्रावीण्य सूची मंगलवार को जारी की जाएगी। सोमवार को आवेदनकर्ता छात्रों के नाम प्राप्त हो चुके हैं। कई संकायों में सीटें रिक्त हैं। इनके द्वितीय चरण में भरने की हमें उम्मीद है।

-**डॉ.अमिताभ बनर्जी**, प्राचार्य, छग कॉलेज

**राधाकृष्ण मंदिर में सजा सावन मेला, एक छत के नीचे तीज त्यौहार की खरीदारी**

# सावन मेला में पहुंची दिल्ली की राखी भा रही ज्वेलरी, साड़ी संग होम डेकोर

**रायपुर।** शहर के राधा कृष्ण मंदिर में सावन मेला का आयोजन स्वावलंबी महिलाओं के समूह द्वारा किया गया है। यहां राखी के साथ तीज त्यौहार को लेकर साड़ी व ज्वेलरी के स्टॉल लगाए गए हैं। मेले का उद्घाटन माहेश्वरी महिला संगठन की प्रदेश मीडिया प्रभारी कविता राठी ने किया। मेले में दिल्ली व जयपुर समेत अन्य राज्यों से पहुंची राखी खूब पसंद की जा रही है। महिलाओं को ध्यान में रखते हुए करीब 35 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं। डिजाइनर कपड़े से लेकर कुर्ती, टॉप, ज्वेलरी, लड्डू गोपाल के लिए कपड़े, कॉस्मेटिक के सामान से लेकर रक्षाबंधन के लिए खास कलेक्शन मौजूद है।



### साड़ियों में राज्यों की पारंपरिक कढ़ाई

मेले में खूबसूरत रेशम धागों से बनी राखी और यूनिक डिजाइन से बनी राखी देखने को मिल रही है। इसके अलावा विभिन्न राज्यों के पारंपरिक कपड़ों में उन राज्यों में प्रचलित कढ़ाई का कार्य भी साड़ियों में देखने को मिल रहा है। इसमें जयपुरी ब्लॉक प्रिंट, बेडशीट, कुर्ती में स्थानीय बुनकरों का संस्कृति के अनुसार डिजाइन दिया है। मेला में बनारसी सिल्क साड़ियां, तमिलनाडु से कोयंबत्तूर कॉटन, कांजीवरम सिल्क, कर्नाटक से बेंगलुरु सिल्क, क्रैप व जार्जेट साड़ी, कोलकाता की बालूचेरी, आंध्र से कलमकारी, समेत ओडिशा की संबलपुरी कॉटन साड़ियां व कॉटन ड्रेस मटेरियल को काफी पसंद किया जा रहा है।

### केवल महिलाओं ने लगाए हैं स्टॉल

सबसे खास बात यह है कि यहां पर सिर्फ महिलाओं ने स्टॉल लगाया है। यह वे महिलाएं हैं जो हाउसवाइफ हैं और अपने हुनर को एक पहचान दे रही हैं। पहले दिन कॉस्मेटिक, साड़ी, फुटवियर, होम डेकोर की अधिक खरीदी हुई। होममेड चीजों को लोगों का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। इसके अलावा राखियों और पर्व संबंधित चीजों की खरीदी सर्वाधिक हो रही है।

# पढ़ाई संग योग और ध्यान ताकि तनावमुक्त रहें छात्र

**रायपुर।** संत ज्ञानेश्वर स्कूल में भावी पीढ़ी को अपने संस्कारों से पोषित करने की दिशा में सतत कार्य किया जा रहा है। यहां के शिक्षक बच्चों को योग और मेडिटेशन के साथ भगवत गीता का ज्ञान भी दे रहे हैं। भगवत गीता के श्लोक और हनुमान चालीसा का ज्ञान लेने बच्चों में भी काफी उत्साह है। शिक्षिका आराधना लाल ने बताया कि सप्ताह में एक दिन हम पढ़ाई से इतर इस तरह की एक्टिविटी करते हैं, ताकि बच्चों को हम अपनी संस्कृति और संस्कारों से पोषित कर सकें।



इस बार बच्चों को छठवीं से आठवीं कक्षा के बच्चों को योग और मेडिटेशन के साथ भागवत गीता से जुड़े सवाल किए गए। एक्टिविटी इंचार्ज वर्षा गिरीभट्ट ने बच्चों से पहले योग और मेडिटेशन कराया। फिर भगवत गीता से जुड़े रोचक सवाल पूछे, जिसका बच्चों ने उत्साह के साथ जवाब दिया।

## व्यापम ने 6 विभागों के रिक्त पदों में भर्ती के लिए सोमवार को जारी किया शेड्यूल

**कार्नर न्यूज**

# भर्ती प्रारंभ... 816 पदों के लिए व्यापम 28 से लेगा परीक्षा 10.25 लाख अभ्यर्थियों ने किया है आवेदन, कैलेंडर जारी

**रायपुर।** विधानसभा और लोकसभा चुनाव के कारण विभिन्न विभागों में लगी भर्तियों पर लगा ब्रेक अब हट गया है। लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद व्यापम द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की जा रही है। इसके चलते व्यापम द्वारा भर्ती परीक्षाओं की तिथियां जारी नहीं की जा सकी थी। व्यापम द्वारा आयोजित की जाने वाले आधे से अधिक प्रवेश परीक्षाएं हो चुकी हैं। ऐसे में अब व्यापम द्वारा सोमवार को राज्य के 6 विभिन्न विभागों में रिक्त पदों के लिए आवेदन शेड्यूल जारी कर दिया गया है। 6 विभागों के 8 पदों पर भर्ती परीक्षाओं की शुरुआत 28 जुलाई से होगी। 20 अक्टूबर तक ये परीक्षाएं चलेंगी। जिन 8 भर्ती परीक्षाओं के लिए व्यापम द्वारा अधिसूचना जारी की गई है, उन सभी के लिए आवेदन प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। आंकड़ों के मुताबिक इन परीक्षाओं में 10.25 लाख अभ्यर्थी शामिल होंगे। सर्वाधिक 6.5 लाख आवेदन छात्रावास अधीक्षक के पदों के लिए प्राप्त हुए हैं। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास के अंतर्गत छात्रावास अधीक्षक के रिक्त 300 पदों पर इसके माध्यम से भर्ती होगी।

**सर्वाधिक 300 पद छात्रावास अधीक्षक के, इसके लिए मिले हैं 6.5 लाख आवेदन**

### बीएससी नर्सिंग के प्रवेश-पत्र जारी

व्यापम ने बीएससी नर्सिंग के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा की तिथि जारी कर दी है। यह परीक्षा 14 जुलाई को आयोजित की जाएगी। सभी 32 जिलों में इसके लिए परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। छात्र व्यापम और चिप्स की वेबसाइट से इसे अपलोड कर सकते हैं। इसके अलावा छात्रों को एक लिंक भी उनके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर भेजा जाएगा, जिसमें क्लिक कर छात्र अपना प्रवेशपत्र डाउनलोड कर सकेंगे। विस्तृत जानकारी व्यापम की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है।

### सिलेबस अपलोड

व्यापम द्वारा भर्ती परीक्षाओं की केवल तिथि ही घोषित की गई है। प्रवेशपत्र परीक्षाओं के पूर्व जारी किए जाएंगे। इन भर्ती परीक्षाओं के लिए अधिसूचना संबंधित विभाग और व्यापम द्वारा पूर्व में ही जारी की जा चुकी है। इस सभी भर्ती परीक्षाओं के सिलेबस व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। प्रश्नों की संख्या, पैटर्न सहित अन्य जानकारी भी इसमें साझा की गई है।

| पद | विभाग | परीक्षा तिथि | पद संख्या | आवेदन संख्या |
|---|---|---|---|---|
| सहायक ग्रेड 3 | छग उच्च न्यायालय | 28 जुलाई | 143 | 60 हजार |
| प्रयोगशाला सहायक | राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला | 25 अगस्त | 8 | 70हजार |
| प्रयोगशाला तकनीशियन | राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला | 25 अगस्त | 8 | 1 लाख 10 हजार |
| छात्रावास अधीक्षक | आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास | 15 सितंबर | 300 | 6.5 लाख |
| प्रयोगशाला तकनीशियन | उच्च शिक्षा संचालनालय | 29 सितंबर | 260 | 60 हजार |
| मत्स्य निरीक्षक | संचालनालय मछली पालन विभाग | 29 सितंबर | 70 | 20 हजार |
| सहायक सांख्यिकी अधिकारी | संचालनालय कृषि | 20 अक्टूबर | 17 | 25 हजार |
| प्रयोगशाला सहायक | संचालनालय कृषि | 20 अक्टूबर | 17 | 30 हजार |

**एजूकेशन अपडेट**

## छात्रों को मिलेंगे कॅरियर टिप्स पैरेंट्स-टीचर भी होंगे शामिल

**रायपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड स्टूडेंट्स, पैरेंट्स, टीचर्स, प्रिंसिपल्स और काउंसलरों के लिए कॅरियर डेवलपमेंट पर फ्री ऑनलाइन वर्कशॉप की एक सीरीज आयोजित कर रहा है। यह वर्कशॉप स्टूडेंट्स, पैरेंट्स, स्कूल प्रशासन और टीचर्स को कॅरियर के फैसले लेने में मदद करेगी। हर हफ्ते एक अलग ग्रुप के लिए एक वर्कशॉप होगी। इन वर्कशॉप को सीधे शामिल हो सकते हैं या बाद में सीबीएसई के आधिकारिक यू-ट्यूब चैनल पर रिकॉर्डिंग देख सकते हैं। सीबीएसई ने खास तौर पर स्टूडेंट्स, पेरेंट्स और टीचर्स की करियर सलाह और फैसला लेने में मदद के लिए इन ऑनलाइन वर्कशॉप को डिजाइन किया है। सीबीएसई ने वर्कशॉप का एक शेड्यूल जारी किया है जिसमें हर वर्कशॉप की तारीख और समय का उल्लेख किया गया है।

### 24 घंटे में भरना होगा फीडबैक फॉर्म

प्रिंसिपल, टीचर्स और काउंसलरों के लिए आयोजित वर्कशॉप में हिस्सा लेने वालों को पर्टिसिपेट करने का सर्टिफिकेट दिया जाएगा, बशर्ते वे वर्कशॉप खत्म होने के 24 घंटे के अंदर फीडबैक फॉर्म जमा कर दें। इस वर्कशॉप को सीबीएसई स्टूडेंट्स के लिए डिजाइन किया गया है, जो स्टूडेंट्स को उनकी विशिष्ट प्रतिभाओं और योग्यताओं को पहचानने में मदद करेगा। बोर्ड का कहना है कि इसका आखिरी लक्ष्य स्टूडेंट्स को लगातार अपनी क्षमताओं का आकलन करने, वर्कफोर्स और एजूकेशनल फील्ड में उनकी समझ विकसित करना है। इसके माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि छात्र अपने क्षमताओं का पूर्ण रूप से उपयोग कर सकें। विस्तृत जानकारी सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं।

**सिटी लाइव**

## पुष्य नक्षत्र तिथि में 1342 नन्हे बच्चों का स्वर्णप्राशन



**रायपुर।** बच्चों के व्याधिक्षमत्व, पाचन शक्ति, स्मरण शक्ति, शारीरिक शक्ति वर्धन एवं रोगों से बचाव के लिए शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय रायपुर में आज 1342 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय के कौमारभृत्य विभाग द्वारा हर पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाता है। स्वर्णप्राशन के साथ ही चिकित्सकों ने बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण भी किया।

### सर्वांगीण विकास में मिलती है मदद

स्वर्णप्राशन समन्वयक डॉ. लवकेश चन्द्रवंशी ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए यह काफी लाभदायक है। महाविद्यालय के स्नातकोत्तर एवं स्नातक छात्र-छात्राएं हर महीने इसमें महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय द्वारा इस वर्ष की अन्य पुष्य नक्षत्र तिथियों 25 जनवरी को 1235, 21 फरवरी को 1420, 18 मार्च को 1720, 16 अप्रैल को 1410 और 13 मई को 1256 और 10 जून को 1802 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया था। शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय परिसर में आयुष विभाग की संचालक सुश्री इफ्फत आरा, प्राचार्य प्रो. डॉ. जी.आर. चतुर्वेदी, चिकित्सालय अधीक्षक प्रो. डॉ. प्रवीण कुमार जोशी और कौमारभृत्य विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. नीरज अग्रवाल के निर्देशन में स्वर्णप्राशन कराया गया।

**कैंपस इवेंट**

## पहली बार स्कूल पहुंचे बच्चे भोज पश्चात किताब वितरण



**रायपुर।** अवंति विहार स्थित विजय नगर शासकीय नवीन प्राथमिक शाला में प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने स्कूल परिसर में वृक्षारोपण किया गया। विधायक मोतीलाल साहू सहित अन्य अतिथियों ने बच्चों के साथ भोज किया। विधायक ने पहली बार स्कूल पहुंचे छात्रों को किताब व गणवेश बांटे। इसके अलावा सभी शिक्षकों से बच्चों से माता-पिता की तरह सीख देने की बात कहीं, जिससे बच्चों को घर जैसा माहौल स्कूल में दिया जा सके। इस मौके पर विधायक साहू ने शाला के भवन निर्माण सहित अन्य कार्यों के लिए 5 लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा की, साथ ही रहवासियों की मांग पर प्राथमिक शाला को मिडिल स्कूल का दर्जा दिलवाने आश्वस्त किया।

### पढ़ाई के साथ दें खेल को भी बढ़ावा

पहली बार स्कूल पहुंचे बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। अतिथियों ने बच्चों से मन लगाकर पढ़ने की बात कहीं। पढ़ाई के साथ खेल को भी बढ़ावा देने को कहा गया। इस दौरान वार्ड के पार्षद व जोन अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा, मंडल अध्यक्ष रविन्द्र सिंह ठाकुर, पूर्व पार्षद शारदा पटेल सहित डॉक्टर खेमू साहू, गजेन्द्र साहू, कलेश्वर साह, गजानंद देवांगन, शिरीष तिवारी, आरएल राव, आरके बैनर्जी, अशोक गुप्ता, परदेशी वर्मा, मनोज विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

**राजधानी में कई स्थानों पर बनाया गया मौसी गुंडिचा का अस्थाई निवास, वहीं नित्य सेवा**

# अस्थायी निवास में प्रभु जगन्नाथ, देवशयनी एकादशी को मौसी के घर से रथ पर सवार होकर लौटेंगे अपने गर्भगृह में

शहर में एक बार फिर से आस्था का जन सैलाब उमड़ने वाला है, क्योंकि नौ दिन बाद पुरी की तर्ज पर प्राचीन मंदिरों में इस बार भी जगन्नाथ की घर वापसी की परंपरा धूमधाम से रथयात्रा की तरह ही निभाई जाएगी। देवशयनी एकादशी यानी 17 जुलाई को भक्तों का फिर से गायत्री नगर, सदर बाजार, टूरी हटरी व लिली चौक क्षेत्र में मेला लगने वाला है।



**रायपुर।** अभी भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा और बलभद्र के साथ मौसी गुंडिचा के घर में विश्राम कर रहे हैं। विधि-विधान से नियम का पालन सेवकों द्वारा देवशयनी एकादशी तक की जाएगी। अभी अलग-अलग क्षेत्र में बनाए गए अस्थायी मौसी के निवास पर सेवा की रस्म निभाई जा रही है। जहां आस-पास के लोग भगवान का दर्शन लाभ लेने के लिए भी पहुंच रहे हैं।

### अलग-अलग क्षेत्र में निवास

गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ से निकाली गई रथयात्रा की रस्म देवशयनी एकादशी को फिर से निभाई जाएगी। अभी भगवान की सेवा मौसी गुंडिचा के निवास पर हो रही है। आस-पास के लोग दर्शन के लिए भी पहुंच रहे हैं। अब एकादशी को एक बार फिर से रथ खींचते हुए लोग जगन्नाथ मंदिर पहुंचेंगे। सदर बाजार के पं. मोहित पुजारी ने बताया, अभी भगवान एमजी रोड स्थित पुजारी निवास में बनाए गए मौसी के घर में विराजमान हैं। जहां नित्य पूजा, आरती व श्रृंगार को विधि-विधान से किया जाता है। इसमें हर वर्ग के लोग सहयोग के लिए भी तत्पर होते हैं। फूल, माला बनाकर अर्पित करते हैं।

### भजन-कीर्तन के साथ आरती

पं. रामछवि दास ने बताया कि रथयात्रा के बाद भगवान अभी टिल्लू चौक के पास बनाए गए गुंडिचा निवास में विराजमान है। वहां रोज पूजा-आरती के साथ श्रृंगार भी किया जाता है। आस-पास की महिलाएं मौसी के अस्थाई निवास में भजन-कीर्तन के लिए भी पहुंचने लगी हैं। इस तरह का सिलसिला देवशयनी एकादशी तक चलेगा। इसके बाद घर वापसी के दिन टिल्लू चौक के पास मेला सजता है। रथ को खींचने के लिए हजारों की तादाद में लोग आतुर रहते हैं। इससे उत्सव का माहौल हर साल बनता है। कुछ लोग आस-पास दुकान लगाते हैं, इससे आने वाले लोगों को व्यंजन भी मिलते हैं।

## सर्वार्थ सिद्धि योग में गुरु पूर्णिमा, सावन 22 से

इस वर्ष गुरु पूर्णिमा 21 जुलाई रविवार को है। धार्मिक मान्यता है कि इस शुभ अवसर पर स्नान-दान और गुरु का आशीर्वाद प्राप्त करने से सुख- समृद्धि की प्राप्ति होती है। पंचांग के अनुसार, आषाढ़ माह की पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 20 जुलाई को शाम 05 बजकर 59 मिनट से होगी। वहीं, इसका समापन अगले दिन यानी 21 जुलाई को दोपहर 03 बजकर 46 मिनट से होगा। सनातन धर्म में उदया तिथि का अधिक महत्व है। ऐसे में गुरु पूर्णिमा का पर्व 21 जुलाई को मनाया जाएगा। रविवार 21 जुलाई को सुबह 7 बजकर 19 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 27 मिनट तक पूजा का शुभ मुहूर्त है।

### होगा कई योगों का मिलन

हिंदी पंचांग के अनुसार गुरु पूर्णिमा के दौरान कई योगों का मिलन होता है। इस साल गुरु पूर्णिमा के दिन सर्वार्थ सिद्धि का योग बन रहा है। सर्वार्थ सिद्धि योग एक विशिष्ट प्रकार का योग है जो सप्ताह के किसी विशेष दिन कुछ नक्षत्रों के पड़ने पर बनता है। इन नक्षत्रों का संयोग नए कार्यों या व्यवसाय को करने के लिए शुभ माना जाता है। पंचांग के अनुसार योग 21 जुलाई को सुबह 5 बजकर 27 मिनट से लेकर 22 जुलाई को सुबह 12 बजकर 14 मिनट तक रहेगा।

### गुरु दर्शन के लिए अन्य शहरों से पहुंचेंगे भक्त



बूढ़ातालाब के नजदीक दत्तात्रेय मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। जिसके लिए मंदिर में अभी से तैयारी जारी है, इस दिन राजाधानी के अलावा अन्य शहरों से भक्त भगवान दर्शन के लिए पहुंचते हैं। मंदिर अध्यक्ष हरि वल्लभ अग्रवाल ने बताया, गुरु पूर्णिमा के दिन भक्त अन्य शहरों से भगवान दत्तात्रेय के दर्शन मात्र से लिए पहुंचते है। इस दिन लोग मंदिर में दान भी करते हैं। भगवान दत्तात्रेय को मराठी समुदाय आदर्श गुरु के रुप में पूजता है, जिसके चलते वह गुरु के दर्शन के लिए अन्य शहरों से सुबह से देर रात तक पहुंचते हैं।

### बैठक के बाद निर्णय

मंदिरों में गुरु पूर्णिमा के दिन विशेष आयोजन किए जाते हैं। इसके लिए आगामी सप्ताह में मंदिर प्रबंधन की बैठक होगी, जिसमें पर्व की रूपरेखा तैयार की जाएगी। सभी मंदिरों में जहां विशेष श्रृंगार एवं पूजा-अर्चना किया जाएगा, वहीं प्रतिमाओं को विशेष भोग अर्पित किया जाएगा।

**प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को मिले टिप्स**

## हमारा शरीर बायोलॉजी और रसोईघर केमिस्ट्री सीखने की सबसे अच्छी जगह, ना भागें विज्ञान से



**रायपुर।** स्कूल और कॉलेज में पढ़ाई करने वाले छात्रों ही नहीं प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों में भी विज्ञान विषय के प्रति रुचि जगाने का प्रयास किया जाना चाहिए इस उद्देश्य से सिविल लाइन स्थित युवा संस्था में एक्सप्लोरिंग द फैसिनेटिंग वर्ल्ड ऑफ साइंस विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रुप में प्रसिद्ध उद्योगपति, लेखक और शिक्षाविद भगवती प्रसाद अग्रवाल शामिल रहे। उन्होंने कहा कि अगर हम अपने शरीर व उसके सभी अंगों की कार्य प्रणाली को ध्यान से देखेंगे तो हम बायोलॉजी को आसानी से समझ पाएंगे।

### जीवन में शामिल है केमिस्ट्री

*उन्होंने कहा कि कोई भी विषय कठिन नहीं होता है। हम उसे समझने की बजाय दूर भागने लगते हैं, इसलिए वह हमें कठिन लगने लगता है। हमारे घर और किचन में मौजूद सामानों का हम रोज उपयोग करते हैं। अगर गौर करेंगे तो हम केमिस्ट्री के एसिड, बेस, सॉल्ट, शुगर, मिक्सचर और हाइड्रोकार्बन से संबंधित सभी सामान का रोजमर्रा के जिंदगी में भी इस्तेमाल करते हैं। श्री अग्रवाल ने घर में मौजूद सामान द्वारा ही छात्रों को उनके प्रयोग बताए। विज्ञान के विभिन्न सिद्धांतों को सरलता से समझाते हुए कहा कि किचन में केमिस्ट्री के कई साजो-सामान मौजूद हैं।*

### रूम स्प्रे से समझाया विज्ञान

मुख्य वक्ता ने रूम स्प्रे को एक कोने में छिड़कने और दूसरे कोने तक सुगंध पहुंचने को डिफ्यूजन के सिद्धांत को समझाया। उन्होंने दो पेंसिल और एक सेल के माध्यम से पानी में से हाइड्रोजन व ऑक्सीजन के अणुओं को अलग करके दिखाया। आज विज्ञान विषय से दूर भागने वाले छात्रों ने भी विज्ञान के कई प्रयोगों और सिद्धांतों को मनोरंजक तरीके सीखने में दिलचस्पी दिखाई। युवा संस्था के संस्थापक एम.राजीव, राजेश अग्रवाल, डॉ रविंद्र तिवारी और छात्रों के अभिभावक मौजूद रहे।

## 111 पौधों का रोपण कर सुरक्षार्थ लगाए ट्री-गार्ड

**रायपुर।** वर्धमान नगर विकास समिति देवपुरी में आमा तालाब विकास समिति एवं वर्धमान नगर समिति के संयुक्त तत्वाधान में एक रुद्राक्ष, एक लाल चंदन, एक पारिजात, एक कचनार सहित कुल 111 पौधों का वृक्षारोपण किया गया। कॉलोनी के उद्यान स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना के उपरांत पौधे लगाए गए सभी 111 पौधों को सुरक्षा की दृष्टि से ट्री गार्ड के साथ लगाया गया। पर्यावरण प्रेमी हिरेंद्र देवांगन, एनआर नायडू, केके सिंह, पीके साहू, पीएल नायक, आईपी खटीक, हरदीप कौर, ऋषि बारले, चंपा देवांगन, विवेक वर्धन, आरएन शर्मा, उदयपाल जादौन, जिया उल हक सहित अन्य शामिल हुए।



## मां के नाम नर्सिंग छात्रों ने किया वृक्षारोपण




**रायपुर।** डुमरतालाब स्थित स्कोप कॉलेज ऑफ नर्सिंग के बीएससी नर्सिंग के छात्रों ने चंद्रखुरी के छत्तीसगढ़ विकलांग प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान में मां कि याद में वृक्षारोपण किया। छात्रों ने एक साल तक वृक्ष की देखभाल करने का संकल्प लिया। वृक्षारोपण के दौरान छात्रों ने जहां हरियाली,वहां खुशहाली..,पेड़-पौधे मत करो नष्ट, सांस लेने में होगा कष्ट.. जैसे नारे लगाए। छात्रों ने कहा कि वृक्षारोपण का उद्देश्य पर्यावरण एवं प्रकृति की सौंदर्यीकरण बढ़ाना एवं प्रदूषण मुक्त शहर बनाना है। कॉलेज संचालिका डॉ. किरण कांबले, साधना भगत, चेमिन साहू, दुर्गेश्वरी, शिव प्रसाद साहू आदि उपस्थित रहे।

**कार्नर न्यूज**

**जंगल सफारी में सांपों के संरक्षण के लिए एक्सपर्ट्स ने दिए टिप्स**

# जहरीले नहीं होते सभी सांप, प्रकृति संतुलन के लिए ये महत्वपूर्ण मारने की जगह इनके रेस्क्यू और संरक्षण विधि पर करें फोकस

**रायपुर।** बारिश का मौसम शुरु होने के साथ ही ढोंडिया, कोबरा, करैत, रफल वाइपर जैसी विभिन्न प्रजाति के सांप लोगों के घरों में घुसने लगे हैं। इससे बचाव के लिए किसे बुलाएं, तुरंत में लोगों को यह भी नहीं सूझता है। इन तमाम बिन्दुओं को देखते हुए जंगल सफारी नवा रायपुर में सांपों के संरक्षण पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें सांप विशेषज्ञ डॉ. स्वामी और आदर्श श्रेष्ठ द्वारा बताया गया कि स्नेक कंसर्वेशन, सर्पविष, जहरीले सांपों की पहचान और सांप का संरक्षण क्यों जरूरी है। इनके संरक्षण के दौरान किस तरह सावधानी रखते हुए सांप का रेस्क्यू करें, इसके बारे में भी बताया गया। इस तरह के कई विषयों के बारे में बारीकी से जानकारी दी गई। कार्यशाला में प्रतिभागियों ने सांप से जुड़े प्रश्नों का समाधान भी लिया।




### स्कूली विद्यार्थी को जोड़ेंगे संरक्षण अभियान से

जंगल सफारी के संचालक धम्मशील गणवीर ने कहा, आम लोगों और स्कूली विद्यार्थियों को जंगल सफारी में प्रकृति और वन्य जीवों के संरक्षण से जोड़ने के लिए प्रयास किया जा रहा है। अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर पर्यावरण शिक्षा के मॉड्यूल तैयार किए गए हैं। इससे विद्यार्थियों को प्रकृति और पर्यावरण के साथ जुड़ने का अवसर मिलेगा। साथ ही भविष्य में विद्यार्थी प्रकृति व वन्यजीव संरक्षण में अपना योगदान देंगे। इसमें जंगल सफारी के युवा वालंटियर्स अनुपम यादव, पल्लवी, नरेंद्र सहित छात्र भी शामिल हुए।

### दरवाजे पर रखें मिट्टी तेल लगा कपड़ा

एक्सपर्ट इरफान ने बताया, छोटे घरों में भी लोग प्रकृति की चाहत रखते हैं। इसके लिए वे गमलों में ही कई तरह के पौधों को सहेजते हैं। इससे सांपों को छिपने के लिए जगह मिल जाती है। इसका फायदा उठाते हुए वे जम जाते हैं। अगर घर के आस-पास कचरा या ईंट या कोई ऐसा कबाड़ जमा न होंने दें, वहां वे आसानी से ठहर सकें। इससे बचाव के लिए गमलों के बीच दूरी बनाए रखें। जहां तक संभव हो गेट के सामने समय-समय पर मिट्टी तेल लगाकर कपड़ा रखें। इसकी गंध से सांप घरों में प्रवेश नहीं करते हैं। बरसात के दिनों में समस्या बढ़ जाती है, इसलिए ऐसे स्थानों पर जाने से बचें जहां कबाड़ जमा है।

### आउटर में अधिक शिकायत

कार्यशाला के इतर नोवा नेचर सोसायटी के मेंबर मोइज अहमद से जब शहर के आउटर इलाकों में सांपों की शिकायत को लेकर बात की, तो उन्होंने बताया कि रायपुर के कचना, बोरियाखुर्द, सेजबहार, डूंडा जैसे कई क्षेत्रों में घरों में सांप घुसने की शिकायत मिलती है। अभी तीन तरह के सांप ही पकड़ में आते हैं। इनमें करैत, कोबरा, रफल वाइपर ही प्रमुख है। इस तरह के सांप आमतौर पर जिस क्षेत्र में गंदगी या छिपने के लिए जगह होती है, वैस स्थानों पर ही वे रुकते हैं। इसे देखते हुए लोगों को घर के आस-पास ही नहीं घर के आंगन या बरामदे में भी खुला स्पेस रखना चाहिए। इससे उन्हें छिपने के लिए जगह नहीं मिलती और वे आसानी से बाहर निकल जाते हैं।

ज्योतिष शास्त्र

## अगले 23 दिनों के लिए पलट जाएगी इन राशियों की किस्मत



ज्योतिष शास्त्र के अनुसार दैत्य गुरु शुक्रदेव को शुभ ग्रह माना गया है। शुक्र ग्रह धन-वैभव, विलासिता, प्रेम, सौंदर्य, आकर्षण के दाता है। जिस भी जातक की कुंडली में शुक्र की स्तिथि मजबूत होती है, उन्हें ऐशोआराम की जिंदगी नसीब होती है। राशिचक्र में शुक्र ग्रह की स्थिति परिवर्तन जातकों की लव लाइफ, मैरिड लाइफ, आर्थिक स्थिति आदि को प्रभावित करता है। ऐसे में अब शुक्र 7 जुलाई रविवार को सुबह 4 बजकर 39 मिनट पर कर्क राशि में प्रवेश कर चुके हैं और 31 जुलाई 2024 बुधवार तक यही विराजमान रहेंगे। ये 23 दिन शुक्रदेव 5 राशियों पर जमकर मेहरबान रहेंगे।

**वृषभ राशि को धन लाभ :** शुक्र का राशि परिवर्तन वृषभ राशि के जातकों को धन लाभ दिलाएगा। इनके कारोबार में तरक्की देखने को मिलेगी। साथ ही लंबे समय से रुका हुआ काम भी पूरा हो सकता है। इसके अलावा आर्थिक स्थिति में बड़ी मजबूती देखने को मिलेगी। नौकरी में बदलाव के योग है। लव लाइफ अच्छी बनी रहेगी।

**मिथुन राशि के लिए शुभ :** शुक्र का राशि परिवर्तन मिथुन राशि के जातकों के लिए शुभ रहने वाला है। इन जातकों के पारिवारिक जीवन में खुशियां आएंगी। साथ ही यह समय अच्छा निकलेगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम बढ़ेगा और मिठास बनी रहेगी। इसके अलावा पुरुष जातकों को पैतृक संपत्ति या व्यवसाय से लाभ की संभावना है।

**कन्या राशि के लिए सकारात्मक :** शुक्र का राशि परिवर्तन कन्या राशि के जातकों के लिए सकारात्मक रहेगा। इन जातकों के जीवन स्तर में बदलाव देखने को मिलेगा। कारोबार में पहले से अधिक धन लाभ की संभावना बन रही है। नौकरीपेशा जातकों की आर्थिक स्थिति स्तिथि भी मजबूत होगी। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय निकलेगा।

**तुला राशि के लिए राजसुख :** शुक्र का राशि परिवर्तन तुला राशि के जातकों के लिए अच्छा होने वाला है। इन जातकों के जीवन में राजसुख अनुभव होगा। धन-दौलत में वृद्धि होगी। एक के बाद एक कई लाभ देखने को मिलेंगे। साथ ही नई नौकरी के भी योग बन रहे है। व्यापार बढ़ेगा। आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे। प्रॉपर्टी से लाभ हो सकता है।

**मकर राशि के लिए अच्छा :** शुक्र का राशि परिवर्तन मकर राशि के जातकों के लिए अच्छा रहने वाला है। इन जातकों का वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। लव लाइफ में प्रेम की बढ़ोतरी होगी। नौकरी में तरक्की के योग है और नई जॉब की संभावना प्रबल है। धन निवेश के लिए यह समय अच्छा साबित हो सकता है।

## 365 दिन बाद कर्क राशि में बन रहा लक्ष्मी नारायण योग



ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, सुख-समृद्धि, धन-आकर्षण और प्रेम के कारक शुक्र देव जल्द ही कर्क राशि में प्रवेश करने वाले हैं। जहां पहले से ही ग्रहों के राजकुमार बुध ग्रह विराजमान है। ऐसे में कर्क राशि में बुध और शुक्र की युति हो रही है, जिससे लक्ष्मी नारायण नामक शुभ राजयोग का निर्माण हो रहा है। इस राजयोग को काफी शुभ योगों में से एक माना जाता है। लक्ष्मी नारायण राजयोग बनने से कुछ राशि के जातकों को सबसे अधिक लाभ मिलने वाला है।

**शुक्र ने किया कर्क राशि में प्रवेश :** ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, शुक्र ने 7 जुलाई को 4 बजकर 15 मिनट पर चंद्रमा की राशि कर्क में प्रवेश में प्रवेश कर लिया। लक्ष्मी नारायण योग बनने से कुछ राशियों को भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। नौकरी-बिजनेस में अपार सफलता, धन लाभ के साथ-साथ आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी।

**कर्क राशि :** इस राशि के लग्न भाव में लक्ष्मी नारायण योग का निर्माण हो रहा है। ऐसे में इस राशि के जातकों को भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। लंबे समय से रुके काम पूरे होंगे। इसके साथ ही परिवार के साथ अच्छा समय बीतेगा। मां लक्ष्मी की कृपा से आकस्मिक धन लाभ हो सकता है। संतान की ओर से भी कोई खुशखबरी प्राप्त हो सकती है। अगर वाहन या फिर संपत्ति खरीदना लाभकारी सिद्ध हो सकता है। सेहत भी अच्छा रहने वाली है लेकिन अपने खानपान का विशेष ध्यान रखें।

**मकर राशि :** मकर राशि में लक्ष्मी नारायण योग का निर्माण सातवें भाव में हो रहा है। ये भाव जीवनसाथी, पार्टनर आदि से संबंधित होता है। ऐसे में पार्टनर के साथ लंबे समय से चला आ रहा विवाद अब समाप्त हो सकता है। अवविवाहितों को शादी का प्रस्ताव आ सकता है। भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। नौकरीपेशा जातकों को भी खूब लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। व्यापार की बात करें, तो लंबे समय से अटका हुआ पैसा के साथ डील साइन हो सकती है।

**मिथुन राशि :** इस राशि में लक्ष्मी नारायण योग दूसरे भाव में बन रहा है। ऐसे में इस राशि के जातकों को भी किस्मत का पूरा साथ मिलेगा। लंबे समय से अटका या फिर किसी को दिया हुआ पैसा वापस मिल सकता है। साहस और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।परिवार के साथ अच्छा समय बीतेगा। घर, वाहन या फिर संपत्ति खरीदने का सपना पूरा हो सकता है। आप कई क्षेत्रों में अपना परचम लहरा पाएंगे।

डाइट में शामिल करते हैं तो शरीर के लिए एक औषधि की तरह करता है काम

# हींग, अजवाइन और काले नमक का मिश्रण कर सकता है कई समस्याओं का उपचार

आयुर्वेद चिकित्सा में ऐसी कई चीजों का इस्तेमाल किया जाता है, जो आपकी रसोई की आवश्यक सामग्रियों में शामिल होती हैं, जैसे कि अजवाइन, काला नमक और हींग। अगर आप इन तीनों मसालों को एक साथ मिक्सी में पीसकर इसके पाउडर को अपनी डाइट में शामिल करते हैं तो यह शरीर के लिए एक औषधि की तरह काम कर सकता है। आइए जानते हैं कि तीनों मसालों का पाउडर किन-किन समस्याओं का उपचार कर सकता है।



### सर्दी-जुकाम से दिला सकता है राहत

तीनों मसालों से बनाए जाने वाले पाउडर में ऐसे गुण होते हैं, जो सामान्य संक्रमण, सर्दी और खांसी जैसी कई समस्याओं से राहत दिलाने में मदद सकते हैं। रोजाना इसका सेवन प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने में भी मदद कर सकता है, जिससे आपको बैक्टीरियल संक्रमण से लड़ने में मदद मिलती है।





### पाचन को बढ़ावा देने में है कारगर

तीनों मसालों का मिश्रण पाचन को सुधारने और अच्छे आंत स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। अजवाइन और हींग में मौजूद थाइमोल और अन्य सक्रिय तत्व पाचन के गैस्ट्रिक जूस के स्राव को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं, जिससे अपच और एसिडिटी जैसी समस्याओं से राहत मिल सकती है। वहीं नमक इस मिश्रण को खाने योग्य बना देता है, इसलिए पेट दर्द या गैस की समस्या वाले लोग इस मिश्रण का सेवन जरूर करें।

### ब्लड प्रेशर को संतुलित करने में सहायक

अगर किसी भी कारणवश ब्लड प्रेशर संतुलित नहीं रहता तो इससे शरीर के तंत्र बेहद प्रभावित होते चले जाते हैं। सबसे ज्यादा इसका प्रभाव हृदय पर पड़ता है क्योंकि इससे हृदय की कार्यप्रणाली पर असर पड़ता है। ब्लड प्रेशर को संतुलित रखने के लिए आप अपनी डाइट में हींग, अजवाइन और काले नमक के पाउडर को शामिल कर सकते हैं क्योंकि इसमें कई ऐसे गुण होते हैं, जो ब्लड प्रेशर को संतुलित रखने में मदद कर सकते हैं।

### पीरियड्स के दर्द को कर सकता है कम

पीरियड्स एक प्राकृतिक प्रकिया है, लेकिन इसके दौरान महिलाओं को काफी तकलीफ का सामना करना पड़ता है। सबसे ज्यादा उन्हें पेट में दर्द और ऐंठन महसूस होती है, जिससे राहत दिलाने में भी उन तीनों मसालों से बना पाउडर मदद कर सकता है। यह रक्त के प्रवाह को बढ़ावा देता है और असुविधा को कम करने में मदद करता है। यहां जानिए पीरियड्स के दर्द को कम करने वाले पेय।

### कोलेस्ट्रॉल कम करने में भी है प्रभावी

इस मसाला मिश्रण में मौजूद थाइमोल और कार्वाक्रोल बढ़े हुए खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद कर सकते हैं। यह स्ट्रोक और दिल के दौरे जैसे हृदय रोगों के जोखिम को काफी हद तक रोक सकता है। अगर आप खाना खाने के बाद रोजाना थोड़ी मात्रा में इस पाउडर का सेवन करते हैं तो खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर में कमी हो सकती है।

## अमरूद को काला नमक के साथ भूनें खाएं व पाएं सेहत से जुड़े कई बड़े फायदे!

बरसात के इस मौसम में आपको कई प्रकार के इंफेक्शन परेशान कर सकते हैं। जैसे कि सर्दी-जुकाम के साथ वायरल हो सकता है तो पेट से जुड़ी समस्याओं का भी सामना करना पड़ सकता है। इतना ही नहीं आपको सिर दर्द और बुखार भी हो सकता है। ऐसी स्थिति में अमरूद को काटकर व भूनकर काले नमक के साथ खाना सेहत के लिए फायदेमंद हो सकता है। न सिर्फ ये सर्दी-जुकाम को कम कर सकता है बल्कि ये पेट से जुड़ी कई बीमारियों से भी बचाव में मददगार है।



### तवे पर अमरूद भूनकर कैसे खाएं

इसके लिए आपको सबसे पहले अमरूद को गोलाकर तरीके से काटना है। इसके बाद आपको करना ये है कि तवे पर अमरूद को रखें और इस पर काला नमक छिड़क दें। इसके बाद किसी चीज से ऊपर से इसे ढक दें। 5 मिनट के बाद अमरूद को पलट-पलट कर 10 मिनट में इसे पूरी तरह से पका लें। इसके बाद इसे खाएं।

### सर्दी-जुकाम दूर करने में मददगार

भुना हुआ अमरूद सर्दी-जुकाम से छुटकारा पाने में काफी उपयोगी हो सकता है क्योंकि अमरूद में विटामिन सी की मात्रा अधिक होती है और इसका कसैला गुण बलगम को ढीला करने में मदद करता है और खांसी और सर्दी पैदा करने वाले माइक्रोब्स को रोकता है। इसके अलावा ये गर्मी पैदा करता है और सर्दी-जुकाम को कम करने में मदद करता है। तो इस स्थिति में आप इसे खा सकते हैं।

### पेट के लिए फायदेमंद

काला नमक के साथ विटामिन सी का मिल जाना अमरूद को एक लैक्सेटिव बना देता है। यानी कि इसे खाना पेट को साफ करने में मदद करता है और डाइजेस्टिव एंजाइम्स को बढ़ावा देता है। इसके अलावा ये गट बैक्टीरिया को भी बढ़ाने वाला है और पेट को हेल्दी रखने में मददगार है। इस प्रकार से काला नमक के साथ अमरूद भूनकर खाना सेबत के लिए कई प्रकार से फायदेमंद है।

### एसिडिटी कम करने में मददगार

एसिडिटी कम करने में अमरूद का सेवन काफी फायदेमंद है। जब आप अमरूद को भूनकर खाते हैं तो ये पेट में जाकर इसके एसिडिक पीएच को कम करने में मदद करता है। इसके अलावा ये पेट के अस्तर को एसिडिक होने से रोकता है और एसिड रिफ्लक्स की समस्या में कमी लाता है। इस प्रकार से ये अमरूद एसिडिटी कम करने के साथ जीआरडी की समस्या में भी मददगार है।

## शिवलिंग पर भूलकर भी न चढ़ाएं ये चीजें, पूजा-पाठ हो जाएगा निष्फल!

हिन्दू धर्म में सप्ताह का हर दिन किसी न किसी देवता को समर्पित है। इसी तरह सोमवार का दिन भगवान शिव की पूजा के लिए खास माना जाता है। इस दिन भक्त व्रत-पूजन कर शिवलिंग पर आक, बिल्वपत्र और भांग समेत तमाम चीजें चढ़ाते हैं लेकिन, ध्यान रहे कि कुछ चीजें ऐसी भी हैं जो शिवलिंग पर चढ़ाना निषेध मानी गई हैं। इन चीजों को चढ़ाने से भगवान शिव रुष्ट होते हैं और पूजा निष्फल हो जाती है। अब सवाल है कि आखिर वो कौन सी चीजें हैं जो शिवलिंग पर नहीं चढ़ाना चाहिए? आइए जानते हैं इन चीजों के बारे में।

**हल्दी :** ज्योतिषाचार्य के मुताबिक, शिवलिंग पर हल्दी नहीं चढ़ाना चाहिए। दरअसल, शिवलिंग को भगवान शिव की शक्ति का प्रतीक माना जाता है और हल्दी स्त्रियोचित यानी स्त्रियों से संबंधित माना जाती है। इसलिए भगवान शिव को हल्दी चढ़ाने से बचना चाहिए। हालांकि, अन्य देवी-देवताओं की पूजा में हल्दी चढ़ाई जा सकती है।



### तुलसी की पत्तियां

वैसे तो तुलसी की पत्तियां पूजा में जरूरी होती हैं, लेकिन शिव जी की पूजा में इन पत्तियों को निषेध माना गया है। माना जाता है कि, भगवान शिव ने तुलसी के पति असुर जालंधर का वध किया था। इसलिए उन्होंने स्वयं भगवान शिव को अपने दैवीय गुणों वाले पत्तों से वंचित कर दिया।

### नारियल पानी

शिव पूजा के समय शिवलिंग पर नारियल पानी नहीं चढ़ाना चाहिए. कहा जाता है कि, जिस नारियल को देवताओं को चढ़ाया जाता है बाद में उसका प्रसाद ग्रहण करना जरूरी है लेकिन शिवलिंग का अभिषेक जिन पदार्थों से होता है उन्हें ग्रहण करने की मनाही होती है। यही वजह है कि शिव पर नारियल जल न चढ़ाएं।

### केतकी के फूल

ज्योतिषाचार्य के मुताबिक, शिवलिंग पर केतकी के फूल भी नहीं चढ़ाना चाहिए। पौराणिक कथा के अनुसार, केतकी फूल ने ब्रह्मा जी के झूठ का साथ दिया था, जिससे नाराज होकर भोलेनाथ ने केतकी के फूल को श्राप दिया था। इसी के चलते शिव को केतकी के फूल चढ़ाना अशुभ माना गया है।




## रिंग फिंगर से जानें क्या हैं आपकी ताकत और कमजोरियां, कैसे पाएंगे जीवन में सफलता

अनामिका उंगली को रिंगफिंगर भी कहा जाता है। कहते हैं कि इसका संबंध सीधे हमारे दिल से हैं इसीलिए सगाई और शादी के दौरान इसी उंगली में वर-वधु अंगूठी पहनाते हैं। साथ ही सामुद्रिक शास्त्र की मानें तो, इस उंगली से आपके चरित्र और स्वभाव की कई रोचक बातें भी पता चल जाती है। ऐसे में आज हम आपको बताएंगे कि रिंग फिंगर आपके बारे में क्या-क्या बता सकती है।

### अनामिका उंगली पर सीधी रेखाएं

जिन व्यक्तियों की अनामिका उंगली के पहले पोर में सीधी, बिना कटी हुई रेखाएं होती हैं उन्हें भाग्यशाली माना जाता है। ऐसे लोगों के जीवन में ज्यादा परेशानियां नहीं आती, ये लोग खुशहाल जीवन जीते हैं। पारिवारिक जीवन में इनकी अलग पहचान होती है, इनकी बातों को हमेशा अहमियत दी जाती है।



### अनामिका और कनिष्ठा का मूल हो एक समान

सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार, हथेली में अगर अनामिका और कनिष्ठा (Little Finger) का मूल भाग एक जैसा हो, यानि दोनों उंगलियों को जोड़ने वाले भाग का तल समान हो तो ऐसे व्यक्तियों को अंतर्मुखी समझा जाता है। ऐसे लोग अपने बातों को कहने में शर्माते हैं। समाजिक स्तर पर इनके दोस्त बहुत कम लोग होते हैं। हालांकि इन्हें बहुत ईमानदार माना जाता है। ऐसे लोग किसी का सहारा लेना पसंद नहीं करते। कई बार अहंकार की भावना इनके अंदर देखी जा सकती है।

### कनिष्ठा से ऊपर हो अनामिका का मूल

वहीं अगर अनामिका का मूल भाग छोटी उंगली के मूल से ऊपर है तो ऐसे लोग दरियादिल माने जाते हैं। ये लोग किसी के प्रति भी अपने दिल में बैर नहीं पालते। आत्मविश्वास की ऐसे लोगों में कोई कमी नहीं होती। घोर निराशा में भी ये आशा की किरण ढूंढ सकते हैं।

### अनामिका हो तर्जनी उंगली से बड़ी

अगर किसी के हाथ में अनामिका उंगली की लंबाई तर्जनी से ज्यादा हो तो समझ जाइए वह व्यक्ति बहुत स्वाभिमानी होगा। ऐसे लोग दूसरों की मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। अपने घर के लोगों का ये हमेशा ख्याल रखते हैं, वैवाहिक जीवन में भी इनको अच्छे परिणाम प्राप्त होते हैं। हालांकि इनको अत्यधिक भावुक भी माना जाता है। इनको लोगों की छोटी-छोटी बातें भी चुभ सकती हैं।

### अनामिका उंगली का आकार हो छोटा

सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार, अगर बाकी उंगलियों की तुलना में आपकी अनामिका उंगली का आकार छोटा है तो यह अच्छे संकेत नहीं मना जाता। ऐसे लोग गलत रास्तों पर भटक सकते हैं, गलत तरीकों से धन कमा सकते हैं। इनको पारिवारिक जीवन में भी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे लोगों को सलाह दी जाती है कि वो सही लोगों की संगति में रहें और धार्मिक गतिविधियों में भाग लें। ऐसा करने से इनके जीवन की कई परेशानियों का अंत हो सकता है।

# एकदम गर्म चाय या कॉफी पीना है नुकसानदायक हो सकती हैं कई गंभीर बीमारियां भी ...

*मानसून या सर्दी के मौसम में गर्मागर्म चाय या कॉफी पीना कई लोगों को पसंद होता है, लेकिन आप जानते हैं कि पेय का ज्यादा तापमान शरीर को काफी ज्यादा नुकसान पहुंचा सकता है। जिस तरह से कोई भी बहुत ज्यादा गर्म चीज आपकी बाहरी त्वचा के लिए ठीक नहीं है, वैसे ही शरीर के अंदरूनी हिस्सों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती हैं। आइए जानते हैं कि गर्मागर्म चाय या कॉफी पीने से क्या-क्या बीमारियां हो सकती हैं।*



### हो सकता है इसोफेगल कैंसर

एक अध्ययन के मुताबिक, ज्यादा गर्म चाय या कॉफी पीने से इसोफेगल कैंसर का खतरा कई गुना तक बढ़ सकता है। इस कैंसर से ग्रस्त व्यक्ति की आहार नली में असामान्य कोशिकाएं अनियंत्रित तरीके से बढ़ने लगती हैं और व्यक्ति को इसका पता तब चलता है, जब वह 60 साल की उम्र के करीब पहुंच जाता है। बता दें कि इसोफेगल कैंसर भारत में 6वां और विश्व में 8वां सबसे ज्यादा जान लेने वाला कैंसर है।

### बढ़ जाती है दिल की धड़कन

ज्यादा गर्म चाय या कॉफी दिल की धड़कन और ब्लड प्रेशर को भी बढ़ा देती है। जिन लोगों को हृदय रोग या दिल से जुड़ी बीमारियां होती हैं, उन्हें खासतौर से ज्यादा गर्म खान-पान की चीजों का सेवन करने से बचना चाहिए। खासतौर से ज्यादा गर्म चाय या कॉफी का सेवन करने से हृदय प्रणाली पर अतिरिक्त दबाव पड़ सकता है। यह अन्य स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं का कारण बन सकता है।

### पाचन हो सकता खराब

ज्यादा गर्म चाय या कॉफी का सेवन करने से लोगों को पेट संबंधी कई बीमारियों का भी सामना करना पड़ सकता है। इसमें दर्द, कब्ज, अपच, जी मचलाना या उल्टी, रक्त के साथ गहरे रंग का मल या अल्सर की समस्या शामिल हैं। अधिक गर्म चाय या कॉफी मेटाबॉलिज्म को भी धीमा कर सकती है, जिससे भोजन नली पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और व्यक्ति को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।



### बढ़ सकता है एनीमिया का खतरा

एनीमिया एक तरह का रोग है, जिसे आमतौर पर आयरन की कमी से जोड़ा जाता है। हालांकि, यह ज्यादा गर्म चाय या कॉफी पीने से भी हो सकता है। इसका कारण है कि ऐसे पेय आयरन पर हमला करते हैं, जिससे एनीमिया का खतरा बढ़ जाता है। इससे लगातार वजन कम होने की समस्या, खाना निगलने में कठिनाई, हार्ट बर्न, खांसी और गले का बैठना जैसी समस्याएं हो सकती हैं।




## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## जॉन सीना ने की डब्ल्यूडब्ल्यूई से संन्यास की घोषणा, 'द मरीन' से किया था एक्टिंग डेब्यू

**लॉस एंजिलिस।** पहलवान और अभिनेता जॉन सीना ने डब्ल्यूडब्ल्यूई से संन्यास की घोषणा कर दी है। जॉन साल 2001 से डब्ल्यूडब्ल्यूई से जुड़े हुए है



और 16 बार वर्ल्ड चैंपियन का खिताब जीत चुके हैं। जॉन सीना ने एलान करते हुए कहा कि वो रेसलमेनिया 2025 के बाद डब्ल्यूडब्ल्यूई से संन्यास ले रहे हैं। जॉन सीना को लोग 23 साल से भी ज्यादा समय से रिंग में पहलवानी करते हुए देख रहे हैं और जब अगले साल वो आखिरी बार रिंग में उतरेंगे तो उनके चाहने वालों के लिए वो भावुक कर देना वाला पल होने वाला है। मालूम हो कि जॉन सीना डब्ल्यूडब्ल्यूई में 2018 से पार्ट-टाइम ही नजर आ रहे हैं। उन्हें अक्सर एक तौलिया के साथ देखा जाता रहा है, जिस पर 'कभी हार ना मानो' लिखा होता था, लेकिन इस बार उनके तौलिया पर लिखा था- 'अब आखिरी बार है'। जॉन सीना ने अपने संन्यास की घोषणा 'मनी इन द बैंक' के दौरान की, जो डब्ल्यूडब्ल्यूई की एक रेसलिंग प्रतियोगिता है। इस प्रतियोगिता का आयोजन 2010 से हर साल किया जा रहा है। इस मौके पर जॉन सीना की मौजूदगी ने सभी को चौंका दिया था। सब जानना चाह रहे थे कि वो क्यों और क्या करने के लिए आए हैं। जॉन ने लोगों से कहा कि आज रात, मैं आधिकारिक तौर पर डब्ल्यूडब्ल्यूई से अपने संन्यास की घोषणा करता हूं।

### टॉलीवुड

## 'कल्कि' ने 11वें दिन रचा इतिहास 500 करोड़ के पार हुई फिल्म

**नई दिल्ली।** 'कल्कि 2898 एडी' ने दूसरे वीकेंड़ पर भी बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ा दिया है। फिल्म की कमाई में जबरदस्त तेजी आई है और ये 500 करोड़ के



पार हो गई है। प्रभास की 'कल्कि 2898 एडी' बॉक्स ऑफिस पर तूफान बनी हुई है। फिल्म का क्रेज इसकी रिलीज के पहले से ही दर्शकों के सिर चढ़कर बोल रहा था। वहीं सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद तो 'कल्कि 2898 एडी' को देखने के लिए ऑडियंस का हूजुम उमड़ पड़ा। इसी के साथ फिल्म ने महाबंपर ओपनिंग की। इसके बाद फिल्म ने पहले हफ्ते में भी रिकॉर्ड तोड़ कलेक्शन किया. वहीं अब रिलीज के दूसरे वीकेंड पर भी 'कल्कि 2898 एडी' ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया है। इस फिल्म ने 95.3 करोड़ से खाता खोला था। फिल्म की पहले हफ्ते की कमाई 414 करोड़ रही।वहीं, 'कल्कि 2898 एडी'अब रिलीज के दूसरे हफ्ते में पहुंच चुकी है और इसने सेकंड फ्राइडे जहां 16.7 करोड़ का कलेक्शन किया तो वहीं 10वें दि यानी दूसरे शनिवार फिल्म की कमाई में 104.49 फीसदी की तेजी आई और इसने 34.15 करोड़ कमाए। वहीं, अब 'कल्कि 2898 एडी' की रिलीज के 11वें दिन यानी दूसरे संडे की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं। सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'कल्कि 2898 एडी' ने रिलीज के 11वें दिन यानी सेकंड संडे को फिल्म ने 41.3 करोड़ की कमाई की है। जिसमें तेलुगु में फिल्म ने 14 करोड़, तमिल में 3 करोड़, हिंदी में 22 करोड़, कन्नड़ में 0.5 करोड़, मलयालम में 1.8 करोड़ की कमाई की है।

### भोजपुरी

## अक्षरा सिंह का रोमांटिक गाना 'मोहिनी' रिलीज अंशुमान संग नजदीकियों ने दिया खूब दर्द



**नई दिल्ली।** मशहूर भोजपुरी एक्ट्रेस और सिंगर अक्षरा सिंह अपनी दमदार अदाकारी के साथ-साथ सुरीली आवाज से भी खूब जादू चलाती हैं। अक्षरा के गानों में अलग फ्लेवर होता है, जो उनके फैंस और भोजपुरी के श्रोताओं को खूब पसंद आता है। सोमवार, 8 जुलाई को अक्षरा का नया गाना 'मोहिनी' रिलीज हो गया है। इसके म्यूजिक वीडियो में उनके साथ अंशुमान राजपूत दिख रहे हैं। दिलचस्प है कि गाना 'मोहिनी' को रिलीज के कुछ ही घंटों में करीब 60 हजार व्यूज मिल गए हैं। 'मोहिनी' गाने में अक्षरा सिंह और अंशुमान राजपूत की शानदार केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। गाने का संगीत, इसके बोल और वीडियो प्रोडक्शन दिल को छू लेने वाले हैं। अक्षरा सिंह ने इसमें अपनी गायिकी और अदाकारी से चार चांद लगा दिए हैं। दूसरी ओर, अंशुमान राजपूत का दमदार अंदाज भी प्रशंसा बटोर रहा है। गाने की रिलीज के बाद फैंस ने कॉमेंट सेक्शन में अपनी खुशी का इजहार किया है। एक फैन ने लिखा, 'अक्षरा सिंह और अंशुमान राजपूत की जोड़ी ने तो कमाल कर दिया। 'मोहिनी' गाना सुपरहिट है।' एक अन्य फैन ने कहा, 'गाने का म्यूजिक और वीडियो दोनों ही शानदार हैं। अक्षरा और अंशुमान ने बेहतरीन काम किया है।' अपने इस नए गाने के बारे में बात करते हुए अक्षरा सिंह कहती हैं, 'मुझे खुशी है कि 'मोहिनी' को आप सभी का इतना प्यार मिल रहा है। यह गाना हमारे लिए बहुत खास है और आपकी प्रतिक्रियाएं देखकर दिल खुश हो गया। इस गाने की टैग लाइन है, 'नई जिंदगी शुरू करने के लिए हमेशा लिपस्टिक मिटाना काफी नहीं होता है, कभी कभी यादों को भी भुलाना पड़ता है।' इसमें जिंदगी में कई तरह के इमोशन हैं, उनमें से एक है विरह का, जो आपको इस गाने में बखूबी देखने को मिलेगा। उम्मीद करती हूं पसंद भी आएगा।'

लाइफ स्टाइल

## नीता अंबानी का गरबा नाइट लुक

अंबानी परिवार अपने लक्ज़री लाइफस्टाइल के कारण सुर्खियों में बना रहता है। वहीं शानदार प्री-वेडिंग फंक्शन भी शुरू हो चुके हैं। मामेरू रस्म के बाद कोकिलाबेन अंबानी ने सभी के लिए गरबा नाइट का कार्यक्रम रखा, लेकिन इस बीच नीता अंबानी का लहंगा लुक चर्चा का विषय बना हुआ है। गरबा नाइट में नीता अंबानी ने बेहद खूबसूरत हैवी डिजाइनर लहंगे को स्टाइल किया है। इस खूबसूरत लहंगे को मशहूर डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने डिजाइन किया है। लहंगे की बात करें तो दुपट्टे के लिए बनारसी टिश्यू फैब्रिक को चुना गया है। दुपट्टे पर जरी वर्क कढ़ाई करके बॉर्डर को तैयार किया गया है। ऑफ व्हाइट कलर के इस खूबसूरत लहंगे में मल्टी-कलर की कढ़ाई वर्क की गई है। बता दें कि जारदोजी कढ़ाई वर्क से लहंगे को तैयार किया गया है। रॉयल लुक में जान डालने के लिए दुपट्टे की ड्रेपिंग कंधे से होकर हाथों की कलाई पर बांध कर की गई है।



## इन होम रेमिडीज को अपनाकर मानसून में डैंड्रफ व खुजलाहट को करें दूर

बारिश का मौसम चिलचिलाती धूप और गर्मी से काफी हद तक राहत दिलाता है। जब भी बारिश होती है, हम सभी का मन भीगने का कर ही जाता है। आपने नोटिस किया होगा कि बारिश में भीगने के बाद सिर में खुजली होना शुरू हो जाता है। यह मानसून के दौरान होने वाली एक आम समस्या है, जिसका सामना हम सभी ने किया ही है। बार-बार होने वाली यह खुजली बहुत अधिक परेशान कर सकती है। इस मौसम में डैंड्रफ और जूं जैसी समस्याएं भी बेहद आम है और इनकी वजह से भी स्कैल्प में बार-बार खुजली होती है।



### इंफेक्शन व खुजली दूर करे आंवला

स्कैल्प में होने वाली खुजली को दूर करने के लिए आंवला की मदद ली जा सकती है। आंवला में एंटी-ऑक्सीडेंट, विटामिन और मिनरल्स पाए जाते हैं। इसमें एंटी-माइक्रोबायल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण भी होती है। यह स्कैल्प में होने वाली खुजली के साथ-साथ इंफेक्शन को दूर करने में भी मददगार है। इसके इस्तेमाल के लिए आंवला पाउडर लें। आंवला पाउडर सूखे आंवले के फल को पीसकर बनाया जाता है।

### नीम के पत्तों को उबालकर करें उपयोग

नीम के पत्तों में एंटी-बैक्टीरियल, एंटीफंगल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए मुट्ठी भर नीम के पत्तों को पानी में उबालना होगा, फिर इसे छानकर ठंडा होने दें। शैम्पू से बाल धोने के बाद इस पानी से हेयर रिंस करें। आप चाहें तो अपने शैम्पू या कंडीशनर में थोड़ा नीम का तेल भी मिला सकती हैं। साथ ही साथ, इनका कूलिंग इफेक्ट भी होता है। नीम के पत्तों से स्कैल्प में होने वाली खुजली और जलन को शांत करने में काफी मदद मिल सकती है।

### मेथीदाना को भिगोकर बनाएं पेस्ट

मेथी बालों और स्कैल्प हेल्थ का बेहतर तरीके से ख्याल रखती है। इसमें पोटेशियम, आयरन, विटामिन सी, लेसिथिन और प्रोटीन जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। यह रूसी को कम कर सकता है और रूखे और खुजली वाली स्कैल्प को आराम पहुंचा सकता है। मेथी का पेस्ट बनाने के लिए, 1-2 चम्मच मेथी के बीजों को रात भर पानी में भिगोएं। अगली सुबह, इन बीजों को उसी पानी का उपयोग करके बारीक पीस लें। खुजली को कम करने के लिए आप इस पेस्ट को अपने रूखे, खुजली वाले स्कैल्प पर लगा सकती हैं।

## सिंपल सलवार-सूट लुक को फैंसी बनाएंगे कलरफुल लटकन

फैशन



हम सभी किसी न किसी फंक्शन में जाने के लिए फैंसी से फैंसी डिजाइन के कपड़े पहनना पसंद करते हैं। बदलते फैशन के दौर में कम्फर्टेबल लुक पाने के लिए हम सलवार-सूट को पहन सकते हैं। सलवार-सूट लुक को फैंसी लुक देने के लिए आप अलग-अलग साइज की लटकन को स्टाइल कर सकती हैं। इसके लिए आप सूट के डिजाइन को भी ध्यान में रखें। सलवार-कमीज को आकर्षक लुक देने के लिए आप पहन सकतीं हैं इन डिजाइन के लटकन।

लटकन के डिजाइन की बात करें तो इसके लिए आपको मार्केट में कई डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे। तो आइये आज हम आपको सलवार-सूट के साथ स्टाइल करने के लिए लटकन के खास डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे सूट और लटकन को स्टाइल करने के आसान हैक्स।

**कलरफुल डिजाइन लटकन :** कलरफुल डिजाइन में आपको हाथों से बनी काफी सारे डिजाइन की लटकन देखने को मिल जाएंगी। आप चाहे तो इसे ऊन की मदद से पोम-पोम बनाकर खुद घर में भी लटकन बना सकती हैं। इसके अलावा आप इसमें अपने सूट के कलर कॉम्बिनेशन को मिक्स करके भी खुद से एक अलग लटकन तैयार कर सकती हैं।

**पर्ल डिजाइन लटकन :** पर्ल डिजाइन में आपको काफी सारे कलर कॉम्बिनेशन देखने को मिल जाएंगे। इस तरह की लटकन आप पेस्टल कलर के कपड़ों के साथ में कैरी कर सकती हैं। आप चाहे तो इसमें अलग-अलग साइज के मोती को अपने हिसाब से कस्टमाइज करके भी खुद लटकन तैयार कर सकती हैं।

**मिरर वर्क लटकन :** फैंसी लुक पाने के लिए आजकल मिरर वर्क लटकन को सबसे ज्यादा पसंद किया जाने लगा है। वहीं इसमें आपको हैवी से लेकर हल्के वजन में और अलग-अलग साइज में काफी वेरायटी देखने को मिल जाएगी। अपने ट्रेडिशनल लुक में चार चांद लगाने के लिए लटकन के कई डिजाइंस बाजार में उपलब्ध हैं।



**ज्वेलरी स्टाइल लटकन :** ज्वेलरी डिजाइन में आपको लटकन में काफी डिजाइन देखने को मिल जाएंगे। इस तरह की लटकन आप घर में रखी पुरानी ज्वेलरी की मदद लेकर भी खुद से बना सकती हैं।

## अगर आप भी चाहती हैं न्यू लुक तो ट्राई करें ये व्हाइट फ्लोरल प्रिंट सूट

सूट कई सारे मौकों पर वियर करने के बेस्ट ऑप्शन है। इस तरह के आउटफिट में जहां आप खूबसूरत नजर आती हैं तो वहीं सूट में आप कंफर्टेबल भी रहती हैं। इन दोनों फ्लोरल प्रिंट सूट काफी ट्रेंड में हैं और अगर आपको व्हाइट कलर पसंद तो आप ये व्हाइट फ्लोरल प्रिंट सूट वियर कर सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइन वाले फ्लोरल प्रिंट सूट दिखाएंगे जिन्हें आप कई सारे खास मौकों पर पहन सकती हैं। इस तरह के सूट में जहां आप स्टाइलिश लगेंगी तो वहीं आप भीड़ से भी अलग नजर आएंगी।

**चंदेरी फ्लोरल प्रिंट सूट :** सिंपल लुक के लिए आप इस तरह का व्हाइट फ्लोरल प्रिंट सूट वियर कर सकती हैं। इस सूट का फैब्रिक चंदेरी में है और दुपट्टा ओर्गंज़ा सिल्क में हैं। वहीं इस तरह का सूट के सतह मैचिंग हील्स या जुती वियर कर सकती हैं साथ ही इस आउटफिट के साथ सिल्वर कलर के झुमके स्टाइल कर सकती हैं। यह सूट आपको आसानी से बाजार में मिल जाएगा साथ ही ऑनलाइन प्लेटफार्म से आप इस तरह का सूट खरीद सकती हैं जो आपको 1000 से कम कीमत में मिल जाएंगे। वहीं इस सूट को आप किसी दर्जी के पास से अपने हिसाब से सिल्वा भी सकती हैं।




### कॉटन फ्लोरल प्रिंट सूट

अगर आप न्यू लुक चाहती हैं या भीड़ से अलग नजर आना चाहती तो इस तरह का कॉटन वाले फ्लोरल प्रिंट सूट वियर कर सकती हैं। वहीं इन दोनों जगहों पर आपको ये सूट 700 से 800 तक की कीमत में मिल जाएंगे। इस सूट के साथ हील्स स्टाइल कर सकती हैं साथ ही किसी भी तरह की हल्की ज्वेलरी पहन सकती हैं। इस तरह के सूट आप ऑनलाइन या ऑफलाइन दोनों ही जगहों से सस्ते दाम में खरीद सकती हैं।

## हाथों ही नहीं पैरों के नाखूनों पर भी कराएं नेल आर्ट, दिखेंगे सुंदर

बदलते ट्रेंड के हिसाब से हम अपने आपको तैयार करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि हमें भी पसंद होता है कि हम नए ट्रेंड को फॉलो करें और उसी के हिसाब से रेडी हो। आजकल नेल आर्ट डिजाइन काफी ट्रेंड में है। लड़कियां इसे सिर्फ शादी में ही नहीं बल्कि ऑफिस या किसी खास इवेंट के लिए भी कराना पसंद करती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे हमारे हाथ सुंदर नजर आते हैं लेकिन इसे आप सिर्फ हाथों की सुंदरता के लिए ही नहीं बल्कि पैरों की सुंदरता के लिए भी करा सकती हैं। पैरों पर भी कई सारे अच्छे डिजाइन बनाएं जाते हैं। जिसे आप भी ट्राई कर सकती हैं।

**स्टोन वर्क नेल आर्ट डिजाइन :** अगर आपके पैर के नाखून चौड़े हैं, तो ऐसे में आप स्टोन वर्क वाले



नेल आर्ट डिजाइन को क्रिएट करा सकती हैं। इसमें फ्रेंच स्टाइल में नेल आर्ट डिजाइन क्रिएट किए जाएंगे। साथ ही, एक नाखून छोड़कर इसमें स्टोन वर्क किया जाएगा। इसे आपके नाखून अच्छे लगेंगे। इसमें जो बेस कलर होगा वो आप अपनी पसंद का चूज करें। इसके हिसाब से फिर स्टोन लगाएं।

**ग्लिटर नेल आर्ट डिजाइन :** पैर के नाखून गोल हैं, तो इसके लिए आप ग्लिटर नेल आर्ट करा सकती हैं। इसमें नाखून के साथ ही पैर भी अच्छे लगते हैं। इसके लिए आप डार्क शेड ग्लिटर नेल कलर को चूज कर सकती हैं। इसके बाद इसे सुखा लेना है। फिर इसमें जेल लगाना है। इस तरह की नेल आर्ट करने के लिए आपको बाजार में 1,000 से 2,000 रुपये खर्च करने पड़ेंगे।

**फ्रेंच नेल आर्ट डिजाइन :** नाखूनों को सुंदर दिखाने के लिए आप फ्रेंच नेल आर्ट करा सकती हैं। इस तरह की नेल आर्ट से आपके पैरों के नाखून लंबे लगते हैं। साथ ही, इसके बाद अलग ही फिनिशिंग नजर आएगी। इसके लिए आप व्हाइट कलर से फ्रेंच नेल आर्ट डिजाइन को क्रिएट कर सकती हैं।

कार्नर न्यूज

### कम्प्लीट लुक देने के लिए सही स्टाइल के दुपट्टे को कैरी करना बेहद जरूरी

## सावन में खूब जचेंगे हरे रंग के मैचिंग डिजाइन वाले सलवार-सूट और खास पैटर्न वाले दुपट्टे

*सलवार-सूट तो लगभग सभी पहनते हैं, लेकिन इसे कम्प्लीट लुक देने के लिए सही स्टाइल के दुपट्टे को कैरी करना बेहद जरूरी होता है। सावन शुरू होने वाला है और इस समय युवतियां व सुहागनों में अलग ही उमंग देखने को मिलती है। सावन के त्यौहारों को खुशनुमा बनाने के लिए वैसे तो ज्यादातर साड़ी पहनी जाती है, लेकिन कई बार हम सूट भी पहन लेते हैं और सावन में हरे रंग को शुभ माना गया है। इसलिए सूट हो या साड़ी, ज्यादातर हरे रंग के कपड़े ही पहने जाते हैं। खासकर प्लेन सूट या कस्टमाइज करवाए गये सूट के साथ हम अलग से हैवी दुपट्टे को खरीदते हैं। इसलिए आज हम आपको बताएंगे हरे रंग के दुपट्टे के लेटेस्ट और फैंसी डिजाइंस के कुछ खास टिप्स।*



### हल्की चमक वाला चंदेरी दुपट्टा

हल्की चमक वाले कपड़े पहनना पसंद है तो चंदेरी दुपट्टा आपके लिए बेस्ट रहेगा। इस तरह का दुपट्टा आपको मार्केट में लगभग 300 रुपये से लेकर 500 रुपये में आसानी से मिल जाएगा। बता दें कि इस तरह के डिजाइन को आप कॉपर कलर के चंदेरी सूट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। स्टाइलिंग के लिए आप गोल्डन झुमकी को स्टाइल कर सकती हैं।

### कॉटन के प्लेन सूट के साथ शिफॉन दुपट्टा

कॉटन का प्लेन सूट पहन रही हैं,लेकिन दुपट्टे के लिए कोई और डिजाइन और फैब्रिक चुनना चाहती हैं तो इस तरह के मिरर वर्कशिफॉन दुपट्टेको आप चुन सकती हैं। बता दें कि इस तरह का मिलता-जुलता दुपट्टा आपको मार्केट में लगभग 200 रुपये से लेकर 350 रुपये तक में आसानी से मिल

### क्लासी लुक के लिए बेहतर बनारसी सिल्क दुपट्टा

क्लासी लुक पाना चाहती हैं तो बनारसी सिल्क दुपट्टा आप चुन सकती हैं। बता दें कि इस तरीके का मिलता-जुलता दुपट्टा आपको मार्केट में लगभग 250 रुपये से लेकर 450 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगा। बता दें कि हरे रंग के इस दुपट्टे को आप पीले, लाल, मैजेंटा कलर के सूट के साथ स्टाइल कर सकती हैं।



### सोबर डिजाइन वाले चिकनकारी दुपट्टा

सोबर डिजाइन का दुपट्टा स्टाइल करना चाहती हैं तो लखनऊ का मशहूरचिकनकारी डिजाइनआपके लुक को आकर्षक बनाने का काम करेगा। बता दें कि इस तरीके के दुपट्टे के साथ आप बंजारा डिजाइन वाली ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरीके का चिकनकारी डिजाइन वाला दुपट्टा आपको मार्केट में लगभग 200 रुपये से लेकर 450 रुपये के बीच आसानी से मिल जाएगा।

### व्हाइट कुर्ती संग बांधनी डिजाइन दुपट्टा

अगर आप व्हाइट कुर्ती या सूट पहन रही हैं तो एवरग्रीन चलने वाले बांधनी डिजाइन के दुपट्टे को स्टाइल कर सकती हैं। बता दें कि इस तरीके का मिलता-जुलता दुपट्टा आपको मार्केट में लगभग 100 रुपये से लेकर 200 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगा।